वैशाख शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 31.0, न्यून. 21.0
रांची: अधिक. 29.8°, न्यून. 23.4°

रांची, सोमवार
28 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक-86, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10





झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मैड्रिड में आईएफईएमए पुनर्निर्माण प्रदर्शनी देखने गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान निर्माण और शहरी विकास क्षेत्रों में अग्रणी नवाचारों पर सक्रिय रूप से ध्यान केंद्रित किया। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आईएफईएमए एक प्रमुख प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र है। वहीं, आईएफईएमए पुनर्निर्माण प्रदर्शनी एक वार्षिक व्यापार शो है, जो भवन निर्माण उद्योग के लिए नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित करता है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने किया दावा

चार टुकड़ों में बंट जाएगा पाकिस्तान

नवीन मेल डेस्क

देवघर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को दावा किया कि वर्ष 2025 में पाकिस्तान चार टुकड़ों में बंट जाएगा। इसी के साथ पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाएगा।

देवघर जिले में महेशमारा रेलवे हॉल्ट स्टेशन के शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में निशिकांत दुबे ने कहा कि इसी वर्ष पाकिस्तान चार टुकड़ों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से अपने संबोधन में आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की जो बात कही है, उसका संदेश दूरगामी है। भाजपा सांसद ने कहा, पाकिस्तान ने कश्मीर का हमारा जो हिस्सा लिया है, उसे तो हम वापस लेंगे ही। इसके अलावा, पाकिस्तान को खंडित कर बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान और पंजाब नामक अलग-अलग देश बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कर दिखाएंगे। यह बात मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं। अगर पाकिस्तान इस वर्ष के बाद कई खंडों में नहीं बंटा, तो आप यह कहने को स्वतंत्र होंगे कि भारतीय जनता पार्टी वाले लोगों को झूठे आश्वासन देते हैं। निशिकांत दुबे ने कहा कि 'पाकिस्तान खत्म हो जाएगा', यही मोदी की गारंटी है। यही विश्वास है, जिसकी बदौलत वह देश के प्रधानमंत्री बने हैं। **शेष पेज 11 पर**

एक नजर

मानसून सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन बिल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार संसद के आगामी मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करना है। बीमा में ये बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में बताया कि सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। प्रस्तावित विधेयक में बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है।

बंगाल में बांग्लादेशी तस्कर मारा गया

कोलकाता। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी एवं प्रवक्ता एनके पांडे ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ कर्मियों द्वारा 'आत्मरक्षा' में की गई गोलीबारी में एक बांग्लादेशी तस्कर मारा गया तथा फेंसेडिल की 175 बोतलें बरामद की गईं। उन्होंने कहा, बांग्लादेशी तस्कर का शव और जब्त सामान पुलिस को सौंप दिया गया है तथा घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को दिया जाएगा कठोरतम दंड

● किसानों के अधिकारों के लिए किए गए ऐतिहासिक 'चंपारण सत्याग्रह' को किया याद

नई दिल्ली (हि.स.)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों को न्याय अवश्य मिलेगा और हमले के साजिशकर्ताओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता इस लड़ाई की सबसे बड़ी ताकत है।

'मन की बात' के 121वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा, आज दुनिया देख रही है कि इस हमले के बाद भारत एक स्वर में आतंक के खिलाफ खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि वैश्विक नेताओं ने भी भारत के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हमले की कठोर निंदा की है। मोदी ने आतंकी हमले को जम्मू-कश्मीर में लौटती शांति और विकास को बाधित करने की नाकाम कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में हो रहे सकारात्मक बदलाव आतंकवाद के समर्थकों को रास नहीं आए, इसलिए इस प्रकार की कायरतापूर्ण साजिश रची गई।

इतिहास से प्रेरणा लेते हुए प्रधानमंत्री ने 'चंपारण सत्याग्रह' की गाथा साझा की, जिसमें महात्मा गांधी और डॉ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में किसानों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक संघर्ष हुआ था। उन्होंने युवाओं से 'सत्याग्रह इन चंपारण' पुस्तक पढ़ने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1917 में - अप्रैल और मई के दो महीने - देश में आजादी की एक अनोखी लड़ाई लड़ी जा रही थी। अंग्रेजों के अत्याचार उफान पर थे। गरीबों, वंचितों और किसानों का शोषण अमानवीय स्तर को भी पार कर चुका था। बिहार की उपजाऊ धरती पर ये अंग्रेज किसानों को नील की खेती के लिए मजबूर कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने 'सचेत ऐप' के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं में सतर्कता बढ़ाने की पहल की जानकारी भी साझा की। यह एप्लिकेशन लोगों को बाढ़, भूकंप, चक्रवात जैसी आपदाओं के समय अलर्ट भेजता है। सेवा और मानवीयता की भावना को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने म्यांमार में भूकंप के बाद भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' का उल्लेख किया। **शेष पेज 11 पर**

जेएसएलपीएस से बेंगलुरु में आयोजित एलुमनी समारोह में बोलीं दीपिका पांडेय सिंह

झारखंड के युवा बना सकते हैं अपनी एक अलग पहचान

● 'स्किल आइकॉन' एवं प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल डेस्क

रांची/बेंगलुरु (कर्नाटक)। ग्रामीण विकास मंत्री, दीपिका पांडेय सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में कहा कि झारखंड के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले, तो वे देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। हम सभी को आप पर गर्व है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह न केवल आपके कौशल विकास में सहयोग करे, बल्कि आपकी सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने में भी हर संभव मदद करे। दीपिका पांडेय सिंह झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बेंगलुरु में आयोजित डीडीयू-जेकेवाई के अंतर्गत प्लेस्ड अभ्यर्थियों के लिए एक एलुमनी मिलन समारोह-2025 को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में डीडीयू-जीकेवाई पर आधारित विशेष पुस्तक 'कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर' का विमोचन किया गया। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के युवाओं की कौशल विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ है, चाहे वे झारखंड में हों, या देश के किसी अन्य हिस्से में। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जेएसएलपीएस द्वारा डीडीयू-जेकेवाई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इस फ्लैगशिप कार्यक्रम ने झारखंड के हजारों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मंत्री ने विशेष रूप से बेंगलुरु में जेएसएलपीएस द्वारा स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का उल्लेख किया **शेष पेज 11 पर**



सीएम सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार हर युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल और संवेदनशील नेतृत्व में झारखंड सरकार अपने हर युवा विशेषकर महिलाओं को कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जेएसएलपीएस द्वारा अबतक 85 हजार से ज्यादा युवाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही, इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न भागों में कार्यरत झारखंड के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकें, एक-दूसरे से संवाद कर सकें और अपने विकास की यात्रा का उत्सव मना सकें।

माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर झारखंड के युवाओं की समस्याओं का करता है समाधान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ, जेएसएलपीएस कंचन सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री, पीआईए (प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसीज) के प्रतिनिधियों, भारत सरकार के प्रतिनिधि, एवं उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि इस तरह के एलुमनी मीट का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि **शेष पेज 11 पर**

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में गिरिडीह के पांच प्रवासी मजदूरों का अपहरण

● सीएम सोरेन ने विदेश मंत्री से किया अगवा श्रमिकों को मदद पहुंचाने का आग्रह

नवीन मेल डेस्क

रांची। पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के पांच प्रवासी मजदूरों को अगवा कर लिया गया है। इनमें गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोंदलो पंचायत के चार और मुंडरो पंचायत का एक श्रमिक शामिल हैं। यह जानकारी मिलने पर स्पेन और स्वीडन के दौरे पर गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर से आग्रह किया है कि नाइजर में अगवा किए गए झारखंड के प्रवासी श्रमिकों को मदद पहुंचाएं। **शेष पेज 11 पर**

सरकार ने जारी की चेतावनी

पब्लिक वाई-फाई का उपयोग कर कोई लेन-देन नहीं करें

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने सभी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करके वित्तीय लेन-देन और संवेदनशील गतिविधियां नहीं करें। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हवाई अड्डों, कॉफी शॉपों और सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पब्लिक वाई-फाई सुविधाजनक लग सकता है, लेकिन यह आपकी निजी और वित्तीय जानकारी **शेष पेज 11 पर**

साहिबगंज के पते पर बने फर्जी आधार कार्ड वाले 13 बांग्लादेशी हुए गिरफ्तार

● ये लोग मुंबई में फेरीवाले के रूप में रहते थे

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

रांची/मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के विक्रोली थाने की पुलिस ने 13 ऐसे बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है, जिन्होंने झारखंड के साहिबगंज जिले के पते पर फर्जी आधार कार्ड बना रखे थे। झारखंड पुलिस और जांच एजेंसियों से इन घुसपैठियों के बारे में सूचनाएं साझा की गई हैं। ये घुसपैठिए मुंबई में फेरीवाले के रूप में घूम रहे थे। महाराष्ट्र के भाजपा नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने विक्रोली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए घुसपैठियों के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सूचना देते हुए और उनकी तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के सीमावर्ती इलाके बांग्लादेशी घुसपैठियों के 'आधार शिविर' बनते जा रहे हैं। **शेष पेज 11 पर**

इंडिया

भाड़े पर दुष्प्रचार करने वाले और समाज में बढ़ती बेचैनी

समाज की गलाकाट प्रतिस्पर्धा,धन, शारीरिक सुख,नौकरी और राजनीतिक शक्ति हड़पने के लिए सारी हदें पार करते लोगों की कलियुगी कहानियों से सोशल मीडिया भरी है और इसकी जड़ में है हमारी समाप्त होती सहनशीलता। सबसे आगे की होड़ में जिंदगी न मिलेगी दोबारा का पक्का विश्वास है जिस कारण सास होने वाले दामाद को लेकर भाग रही है तो बेटी मां बाप की हत्या करा रही है बेटा बहू बूढ़े मां बाप को घर से बाहर निकाल रहे हैं। वर्षों पहले जमशेदपुर में घटी घटना की तरह 23 अगस्त 2001 को हिसार में पूर्व विधायक रेलू राम पूनिया के घर 68 साल के बुजुर्ग से लेकर सवा महीने की बच्ची तक 8 लोगों को 50 किलो की रॉड से कुचलकर मारा गया था रेलू राम की बेटी सोनिया ने कबूल कर लिया था कि उसने ही संपत्ति के लिए अपने मां-बाप समेत 8 लोगों को मारा था पर पुलिस ये मानने को तैयार नहीं थी कि अकेली सोनिया सभी का कत्ल कर सकती है। सोनिया का पति संजीव फरार था, अब दोनों को मृत्युदंड मिला है । खबर बताती है कि समाज कहां जा रहा है और संबंधों और संवेदना की सारी मर्यादाएं तार-तार हो रहीं हैं । भारत में प्राचीन काल से चल रहे संस्कार और रीति रिवाजों में सुधार की आवश्यकता है पर सिरे से उन्हें बकवास बताकर खारिज करना और समाज में नैतिकता, धार्मिकता को ताक में रखने वालों की बढ़ती स्वीकार्यता बता रही है कि आपके पास धन और शक्ति यदि है तो समाज का एक धनलोलुप वर्ग आपके साथ खड़ा है जिसके लिए पैसा ही सबकुछ है, जबकि सभी वर्गों, धर्मों या परंपराओं को दकियानूसी बताने वाले कथित प्रगतिशील प्राणियों का दोहरा चरित्र भी कई बार घातक होता है और देश विरोधी भी।एक चमकदार गुब्बारे में सूई चुभो दी जाए, तो क्या होगा? इससे वह या तो फट पड़ेगा या फिर हवा निकल जाएगी। ऐसा ही इंसानों के साथ भी होता है। एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने बताया कि अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) यानी ध्यान आकर्षित न कर पाने से उत्पन्न विकार से पीड़ित व्यक्ति के लिए अस्वीकृति ऐसी हो सकती है, मानो भावनाओं का विस्फोट हो गया। इस क्लिप को लाखों लाइक्स मिले हैं। यह रिजेक्शन सेंसिटिव डाइस्फोरिया (आरएसडी) यानी अस्वीकृति से उपजी बेचैनी से संबंधित हजारों पोस्ट में से एक है। इन शब्दों का उपयोग चिकित्सकों द्वारा भी बहुत कम किया जाता है, पर ये आजकल खूब वायरल हो रहे हैं। एडीएचडी से पीड़ित 24 वर्षीय शिक्षिका एरिन राइडर ने बताया कि हाल ही में उनके प्रेमी ने सप्ताह भर काम करने के बाद अपनी योजना स्थगित कर दी। वह कहती हैं कि इससे उन्हें काफी गुस्सा आया कि उसने पहले से बने कार्यक्रम को रद्द क्यों कर दिया। वह कहती हैं कि थोड़ी देर के लिए तो वह पगला-सी गई थीं। हालांकि, बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनकी प्रतिक्रिया गलत थी। एडीएचडी का उपचार करने वाले मनोवैज्ञानिक डॉ. बिल डॉडसन ने आरएसडी शब्द को लोकप्रिय बनाया है। वह कहते हैं कि यह शब्द उन्होंने नहीं गढ़ा, बल्कि अवसाद पर उपलब्ध पुराने साहित्य से उधार लिया है। उनके अनुसार, अस्वीकृति संवेदनशीलता कथित आलोचना पर तीव्र प्रतिक्रिया देना है। मनोचिकित्सा और व्यवहार न्यूरोसाइंस विशेषज्ञ डॉ. एरिक मेसियस कहते हैं कि आरएसडी दिमागी और व्यक्तित्व संबंधी विकारों से जुड़ा है। इससे पीड़ित व्यक्ति न केवल कथित आलोचना के प्रति संवेदनशील होता है, बल्कि कई मामलों में खुद को कमतर भी समझता है। लगभग यही स्थिति भारत में पहुंच चुकी है । यदि ऐसे व्यक्ति को चिढ़ाया जाए, मजाक उड़ाया जाए, उसकी बात काट दी जाए, या फिर कुछ अप्रिय बोल दिया जाए, तो उसका मूड तुरंत बदल जाएगा और वह या तो गुस्सा करेगा या उदासी में डूब जाएगा। यहीं से 'डिस्फोरिया' शब्द आता है, जिसका अर्थ है : बेचैन या असंतुष्ट महसूस करने की स्थिति। मनोवैज्ञानिक डॉ. लिंडसे ब्लास कहती हैं कि आलोचना किसी-किसी के लिए बहुत दर्दनाक होती है। डॉ. डॉडसन कहते हैं एडीएचडी पीड़ितों के लिए कोई मान्य दवा नहीं है, उन्हें अवसाद की ही दवा दी जाती है। एक्सपोजर थेरेपी के तहत चिकित्सक धीरे-धीरे रोगी के आत्मविश्वास को जगाते हैं, ताकि आलोचना या अन्य किसी बात से उपजी उदासी या हीन भावना को दूर किया जा सके। उन्हें प्रेरित किया जाता है कि छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें और जब जिंदगी में कोई बात बिगड़ जाए, तो उसे दिल पर न लें। झारखंड की सड़कों पर या किसी भी गली चौराहे से लेकर यात्रा तक में मामूली बात पर मारपीट से हत्या तक के मामले इसी बेचैनी का परिणाम है जिसमें धैर्य के लिए कोई स्थान नहीं बस सबकुछ और सबसे पहले चाहिए । एक पार्टी विशेष के लिए रील बनाने वाली बिहार की नेहा सिंह राठौर पहलगाम नृशंस हत्याकांड को बिहार चुनाव जीतने के लिए भाजपा और मोदी का षड्यंत्र बताकर चर्चा में हैं जिन्हें पाकिस्तान में खूब सराहा जा रहा है।

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत का फ्रांस से 'राफेल-एम' विमान खरीद समझौता आज

नई दिल्ली (आईएएनएस)

● नौसेना को मरीन श्रेणी के 26 'राफेल' विमानों की आपूर्ति की जाएगी

● भारतीय नौसेना की समुद्री हमले की क्षमताओं को मिलेगी मजबूती

लगातार अपनी क्षमता में इजाफा कर रही भारतीय नौसेना के लिए 'राफेल' फाइटर जेट की खरीद का समय आ चुका है। सोमवार को भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच यह सौदा होगा। नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के 'राफेल' लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। भारतीय नौसेना को कुल 26 राफेल-एम विमानों की आपूर्ति की जाएगी।

गौरतलब है कि रविवार सुबह नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद नौसेना ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए एक महत्वपूर्ण मिसाइल परीक्षण भी किया था। यह मिसाइल परीक्षण नौसेना ने अपने डिस्ट्रॉयर शिप आईएनएस सूरत से अरब सागर में किया था। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी थी। विशेषज्ञों का कहना है कि राफेल मिलने के बाद नौसेना की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

शेष पेज 11 पर

सीयूजे और एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के बीच हुआ एमओयू, बोले कुलपति

छात्रों को उच्च ट्रेनिंग व अंतर्विषयक शोध को बढ़ावा मिलेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सीयूजे और एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएनएसआई), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के बीच एमओयू (समझौता) हुआ, जिसमें सीयूजे को एएनएसआई का फील्ड स्टेशन बनाया गया। समझौते के दस्तावेज़ सीयूजे में दोनों पक्षों के उच्च अधिकारियों के समक्ष हरताक्षर किए गए।

कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए काफी लाभकारी होगा। इस समझौते से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एंथ्रोपोलॉजी के क्षेत्र में उच्च ट्रेनिंग और अंतर्विषयक शोध को बढ़ावा मिलेगा। यह खुशी की बात है कि सीयूजे के साथ एएनएसआई ने यह समझौता किया है जिसमें सीयूजे को झारखंड में फील्ड स्टेशन के तौर पर स्थापित किया गया है।

प्रो. बी वी शर्मा, निदेशक, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता ने इस समझौते के तहत सीयूजे को मिलने वाले सहयोग से सबको अवगत कराया। इस समझौते के तहत सीयूजे को एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के फील्ड स्टेशन के तौर मान्यता दिया गया है। इस समझौते के अनुसार सीयूजे के विद्यार्थी एएनएसआई के संस्थानो में इंटर्नशिप कर सकते हैं। यह समझौता एनईपी-2020 के तहत सारे जरूरतों को पूरा करता है। विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर के बाद कभी भी इंटर्नशिप कर सकते हैं। एएनएसआई साथ ही इस क्षेत्र से संबंधित सीयूजे के प्रोजेक्ट को भी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

सीयूजे की तरफ से कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास, कुलसचिव, के कोसल राव, डीन शोध एवं विकास, प्रो अरुण कुमार पाढ़ी, डीन अकादमिक, प्रो मनोज कुमार, वित्त अधिकारी, पी के पंडा, प्रो. सुचेता सेन चौधरी, प्रो. रविन्द्र नाथ सरमा, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ शमशेर आलम, डॉ सुदर्शन यादव आदि मौजूद थे।

एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से प्रो. बी वी शर्मा, निदेशक, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता, डॉ उमेश कुमार, सीनियर साइंटिस्ट, हेड ऑफिस, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता, श्री राज किशोर महतो, सुदीप्त कुमार बेहरा भी मौजूद थे यह समझौता सीयूजे में हस्ताक्षरित किया गया जिसमें सीयूजे के एंथ्रोपोलॉजी विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और अन्य लोग मौजूद थे।

कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

देश में संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

कांके। कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांके स्थित विधायक आवास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता संजर खान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा मौजूद रहे। बैठक में आगामी संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सुरेश कुमार बैठा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लगातार संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, युवाओं और महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ने, तथा पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी बैठक को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

विशेष शिविर में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

नशा सामाजिक व्यवहार में भी नकारात्मक परिवर्तन लाता है : डॉ. रोशन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा हुलहूंडु गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ सायकेट्री से डॉ. रोशन उपस्थित रहे। डॉ. रोशन ने ब्राउन शुगर, गांजा, कोकीन, चरस आदि नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक व्यवहार में भी नकारात्मक परिवर्तन लाता है, जिससे हिंसक प्रवृत्तियों का जन्म होता है। साथ ही, नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती से डॉ. डीएन तिवारी भी उपस्थित थे। डॉ. तिवारी ने पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान के आधार पर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला और दैनिक जीवन में सरल उपायों से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के उपाय साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

पाक के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे : मंत्री डॉ इरफान

- केंद्र सरकार और खुफिया तंत्रों की नाकामी उजागर
- स्वास्थ्य मंत्री अपने चार महीने का वेतन सौंपेंगे शहीदों के परिवारों को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कश्मीर के खूबसूरत पर्यटक स्थल में मासूमों के खून से देश को खून के आंसू रुलाने वालों पर करवाई के लिए केंद्र सरकार के साथ खड़े होने की बात मंत्री डा इरफान अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार को अब पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे। यह दुख की घड़ी है और इस समय हमें एकजुट होकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

सुरक्षा में हुई चूक पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की कमी के कारण पर्यटकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर वहां सेना मौजूद होती, तो यह घटना नहीं होती। उन्होंने केंद्र सरकार और खुफिया तंत्रों की नाकामी उजागर होने की बात कही है। शहीद परिवारों के दुःख में खड़े होने की बात कहते हुए उन्होंने अपने चार महीने का वेतन शहीदों के परिवारों को देने की घोषणा की।

3 मई को धुर्वा मैदान में संविधान बचाओ रैली

- सर्वोच्च संस्थाओं पर उंगली उठाना लोकतंत्र का गला घोंटने के समान : डा इरफान अंसारी

रांची/जामताड़ा। 3 मई को रांची के धुर्वा मैदान में होने वाली संविधान बचाओ रैली के लिए कांग्रेस पार्टी ने जामताड़ा से रणभेरी बजा दी है। रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में हुई रणनीतिक बैठक में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब भाजपा के झूठ और तानाशाही को जनता के सामने बेनकाब करना है। डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा की भाजपा संविधान को चीरने पर तुली है। सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च संस्थाओं पर उंगली उठाना लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश है।अब देश चुप नहीं बैठेगा। संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस अंतिम सांस तक लड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संविधान पर हमला हुआ तो कांग्रेस सड़क से संसद तक हल्ला बोल देगी। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे हर गली, हर गांव, हर बूथ पर जाकर भाजपा के लोकतंत्र-विरोधी चेहरे को बेनकाब करें और जनता को इस संघर्ष का हिस्सा बनाएं। मौके पर पूर्व मंत्री बादल ने कहा की अगर संविधान बचाना है तो अब आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। भाजपा देश को मनमानी आग में झोंकना चाहती है।

न्यूज़ बॉक्स

झारोटेफ ने पहलगाम हमले के विरोध निकाला कैंडल मार्च

रांची। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्पलाई फेडरेशन (झारोटेफ) का जिला भर के सदस्य विरोध प्रदर्शन कर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान अल्बर्ट एक्का चौक पर रैली सभा में परिणत हो गई। सभा में उपस्थित जिला कार्यकारिणी प्रदेश कार्यकारिणी एवं आईटीआई के अनेक इंस्ट्रक्टर पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाएं। मुख्य रूप से झारोटेफ़ के प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू ने आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात की। वही झारोटेफ़ के सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक मिथिलेश कुमार सहाय ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्त नाबूत कर उन्हें जड़ से खत्म किया जाए। अपनी बात रखते हुए श्री सहाय ने कहा कि इजरायल के तर्ज पर आतंकवादियों का सफाया और उनके संरक्षण देने वाले का भी सफाया किया जाए। सभा के समाप्ति पर 2 मिनट का मौन रख मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अमावस्या तिथि पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की हुई पूजा

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में वैशाख कृष्ण अमावस्या तिथि पर रविवार को मुक्तिदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का विशेष पूजा हुई। माना जाता है कि भगवान श्रीहरि श्रीनिवास का किया गया अर्चना, वंदना, जप, तप और होम अक्षय होते हैं। अमावस्या आदि विशेष तिथियों पर पिता, पितामह या पुरखों के लिए जो भी उत्तम कर्म किए जाते हैं, वह मोक्ष की प्राप्ति करानेवाले होते हैं। रविवार को दिनभर का भोग आयुष कात्याल और स्पर्श कात्याल रांची निवासी की ओर से लगाया। अर्चक सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने दिन भर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, गौरी शंकर साबू, प्रभास मित्तल, सीता शर्मा, यशोदा देवी, छाया दुबे, शंभू नाथ पोद्दार, सुशील गरोदिया इत्यादि भारी संख्या में भक्तों ने भगवान श्रीमन्नारायण के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराई।

समर्पण शाखा ने नवजात बच्चियों के बीच बेबी किट का किया वितरण

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे चरण में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत नवजात बच्चियों के बीच बेबी किट का वितरण कर माताओं को शुभ कामनाएं दी। यह कार्य नागरमल मोदी सेवा सदन में किया गया। इस कार्यक्रम को कन्या भ्रूण प्रभारी स्मिता अग्रवाल, संयोजिका आशा सराफ ने कार्यक्रम को अच्छे तरीके से सजाया। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि कन्या भ्रूण के साथ साथ शाखा ने गौ सेवा भी की। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमू रोड गौशाला में अमावस्या के उपलक्ष में गौ सेवा कराई। रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रति महीना अमावस्या के दिन गौ सेवा करने का मानस बनाया गया है। इस क्रम में सुबह 8 बजे गौ सेवा कराई गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। आज की सेवा में गौ माता को हरी सब्जी, ककरी, गुड़, चोकर, खीरा, रोटी एवं सामग्री खिलाई गई। गौ सेवा प्रभारी निकिता जालान ने गौ सेवा की सारी तैयारियां की। मौके पर कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, निकिता जालान, रितु पोद्दार, स्मिता अग्रवाल, आशा सराफ, राधा ड्रोलिया, दीपिका मोतीका, वर्षा धानुका, पिंकी शर्मा, पूजा तोदी, वेदिका सिंघानिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण का विरोध आदिवासी संगठनों ने सीएम का पुतला फूंका

रांची। सिरमटोली में फ्लाईओवर रैंप निर्माण के विरोध में आदिवासी संगठन के सदस्यों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। पुतला दहन से पहले आदिवासी संगठन के लोग पुलिस के साथ उलझ गए और धक्का-मुक्की की। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आदिवासी संगठन के लोग भारी संख्या में जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक की और बढ़ रहे थे जिस दौरान उन्हें पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस के साथ उलझ गए।

आतंकवादियों के मददगारों का पर्दाफाश करे राज्य सरकार : मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

मन की बात कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ कड़े संदेश : बाबूलाल मरांडी

आज भाजपा के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने आज फिर एक बार कहा कि आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई करने केलिए भारत संकल्पित है जिसमें भारत के 140 करोड़ जनता का भरोसा और विश्वास प्राप्त है। कहा कि इस लड़ाई में पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ी है। आतंकवाद उग्रवाद विकास का दुश्मन है। विकास और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। इसलिए आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कड़ी कार्रवाई का समय आ चुका है।

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर आतंकवाद के खिलाफ गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। श्री मरांडी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के सफाए के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने का निर्देश दिया था। लेकिन झारखंड में हेमंत सरकार आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कदम उठाने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

कहा कि इसके विपरीत, झामुमो के मंत्री और प्रवक्ता गैर-जिम्मेदाराना और संवेदनहीन बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राजनीति करने के लिए आपको कई अवसर मिलेंगे, लेकिन इस कठिन समय में साढ़े तीन करोड़ झारखंडवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राज्य में आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कीजिए।

कहा कि राज्य में आतंकियों की बढ़ती सक्रियता ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस भले ही समय-समय पर आतंकियों को गिरफ्तार कर रही हो, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन आतंकियों को पनाह कौन दे रहा है? इन्हें संसाधन कौन उपलब्ध करा रहा है? राज्य की जनता यह जानना चाहती है।

कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी से आतंकवाद की समस्या को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। जब तक इनके पूरे नेटवर्क और मददगारों का पर्दाफाश नहीं होगा, तब तक राज्य पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकता।

आदिवासी समाज के भावनाओं को सम्मान करे सरकार : विजय शंकर

रांची। सरकार अभी भी आंख खोले और आदिवासी समाज के भावनाओं को सम्मान करने का कार्य करे। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। श्री नायक अल्बर्ट एक्का चौक में आदिवासी समाज के लोगो के द्वारा सीएम का पुतला दहन कार्यक्रम में समर्थन देने पहुंचे थे। उन्होने मंच की ओर से आदिवासी समाज को आश्वस्त किया की आपके द्वारा चलाए जा रहे हर आंदोलन को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच सदैव समर्थन करेगा । श्री नायक ने यह भी भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार धृतराष्ट्र की तरह आंख बंद कर आदिवासी समाज के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे है और समाज के समस्याओ की अनदेखी कर रहे है।

पाक मुर्दाबाद के नारों से गूंजा धुर्वा

युवा महावीर दल ने निकाला आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पंचमुखी मंदिर, धुर्वा से रविवार को युवा महावीर दल के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च सेक्टर-2 बाजार होते हुए ऐतिहासिक पुरानी विधानसभा भवन तक पहुंचा। सभा स्थल पर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आलोक कुमार दुबे ने कहा "धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को देश ने नकार दिया है। भारत की असली पहचान गंगा-जमुनी तहज़ीब में है, जिसे हर भारतवासी ने अपनाया है। आज का भारत एकजुट है चाहे जितनी भी कठिनाइयाँ आएं, हम सब एक साथ खड़े हैं। नफरत फैलाने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। हमारा देश प्रेम, एकता और भाईचारे की मिसाल है।" इस उग्र और ऊर्जावान कार्यक्रम का नेतृत्व आलोक कुमार दुबे, संजीत यादव, मंटू यादव, बिट्टू कुमार, अभिषेक साहू, रविशंकर सिंह, परमेश्वर राम, बबलू शर्मा, रंजन यादव, परमेश्वर राम, मेंहुल दूबे, अमित कुमार, माहेश्वरी कुमारी, रिया कुमारी, संध्या कुमारी, काव्या कुमारी, सत्या कुमारी और तान्या कुमारी समेत बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने किया।

युवा महावीर दल ने दिया स्पष्ट संदेश- "भारत को तोड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।"

आज / कल

74 आंदोलनकारियों व भूमिगत क्रांतिकारियों के पेंशन और सम्मान में एकरूपता जरूरी : डॉ सूरज मंडल

नवीन मेल संवाददाता

- 5 जून को रांची में भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच का धरना

रांची। पूर्व सांसद डॉ। सूरज मंडल ने कहा कि 1974 की संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों की पेंशन और सम्मान में राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 5 दशक के बाद भी 74 के उन आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों को अपेक्षित जीवन जीना पर रहा है जिनके कारण देश में लोकतंत्र जीवित रहा और उनका महत्व स्वतंत्रता सेनानियों से कम बिल्कुल भी नहीं है।

रविवार को कांके रोड में स्थित अपने आवास में आयोजित मंच की बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि जब सम्पूर्ण क्रांति के आंदोलनकारी केसी त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस संदर्भ में पत्र भेजा था तो उन्होंने सकारात्मक बातें कही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मंच की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 5 जून को इस संदर्भ में आंदोलन की शुरुआत होगी और सबसे पहले रांची सहित पूरे देश में सम्बंधित प्रदेश के आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों का धरना आयोजित किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ। मंडल ने कहा कि अगले 25 जून को इस विषय पर प्रधानमंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष से इस सन्दर्भ में मिलने के लिये समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि 74 की संपूर्ण क्रांति के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आज पुनः जेपी के विचारों के अनुरूप, देश को पढ़ने एवं गढ़ने की जरूरत है और इसके लिए जरूरी है कि उन क्रांतिकारियों एवं आंदोलनकारियों को सम्मान दिया जाए।

इस अवसर पर बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय ने कहा कि तब जयप्रकाश नारायण ने सत्ता की बजाय व्यवस्था परिवर्तन का नारा सामने रखा था और आज भी बिलकुल वैसी ही बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सकारात्मक काम कर रही है लेकिन देश में अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ व्यवस्था परिवर्तन की आवश्यकता गंभीरता के साथ महसूस की जा रही है।

मार्केटिंग कांप्लेक्स में आग लगने से एक बुजुर्ग की मौत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित एक मार्केटिंग कांप्लेक्स में रविवार को आग लगने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का घर दुकान के नीचे ही था। पुलिस सूत्रों के अनुसार आग लगने के बाद मृतक मोहम्मद एनुल ने अपने परिवार के लोगों को बाहर निकाला लेकिन जब उनकी बारी आई तो वे निकल नै पाए जिस कारण उनकी मौत हो गई। स्थानियों के अनुसार आग लगने की घटना में कई लोग बेहोश हो गए थे। आसपास के लोगों ने बेहोश हुए लोगों को किसी तरह निकाला। आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता पुलिस के द्वारा लगाया जा रहा वहीं, कितने का नुक्सान हुआ है इसका भी पुलिस पता लगा मुआयना किया जा रहा।

छात्रों, युवाओं के अधिकारों का हो रहा हनन : केशव महतो

रांची। तीन मई को होने वाली संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चा, विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश के छात्रों, युवाओं विभिन्न समुदायों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रही है, बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचल कर तानाशाही रवैये के साथ निरंकुश शासन प्रणाली अपनायी जा रही है। छात्रों का भविष्य, युवाओं के सपने, महिलाओं का सम्मान, नागरिकों का आत्म सम्मान कुचला जा रहा है। अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे लोगों की आवाज कोई नहीं सुन रहा।

अग्रवाल युवा सभा की आम सभा व शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रवाल युवा सभा द्वारा सत्र 2024-25 की वार्षिक आम सभा एवं शपथ ग्रहण का भव्य आयोजन सुबह 11:30 बजे से भवन के सभागार में अध्यक्ष सौरव बजाज की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन सचिव रौनक झुनझुनवाला ने किया। अध्यक्ष ने सत्र 2024-25 वार्षिक आम सभा में आए हुए सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया, तत्पश्चात कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका ने गत वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सर्वसम्मति से प्रस्तुत ब्यौरे को पारित किया गया एवं अध्यक्ष की अनुमति से खुला सत्र चलाया गया जिसमें कई सदस्यों ने अपने सुझाव एवं जिज्ञासाओं को मंचासीन पदाधिकारीयों के समक्ष रखा। गत वर्ष में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अग्र स्तंभ सम्मान से सभी संयोजकों एवं सहसंयोजकों को संस्थापक सदस्यों द्वारा प्रतीक चीन्ह देकर एवं दुपट्टा उढाक़र सम्मान किया गया।

संस्थापक सदस्य द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया तथा उमंग सुल्तानिया द्वारा अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया एवं सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने पदभार हेतु शपथ ली। अनीश सरावगी, अमित बजाज, आलोक बजाज, आशुतोष खेतान, आभाष बथवाल, कुशल सर्राफ, मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल, मुदित धरणीधरका, निशान अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, श्रेय जालान, सौरव रायका, सौरभ पोद्दार, सुमित महलका, विकास गोयल, विशाल सिंघानिया, विशाल महलका, विवेक लोहिया, तरुण सर्राफ, यष सुरेका। निवर्तमान अध्यक्ष सौरभ बजाज द्वारा सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला को मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा, मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं दुपट्टा उढाक़र सम्मानित किया । सभा के अंत में सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

नई कार्यकारिणी

1. अध्यक्ष - रौनक झुनझुनवाला
2. उपाध्यक्ष - कुणाल जालान, रोहित सरावगी, सन्नी टिबरेवाल
3. सचिव - दीपक गोयंका
4. सहसचिव - शुभम् लोहिया, सौरभ सरावगी
5. कोषाध्यक्ष - चेतन पोद्दार
6. प्रवक्ता - अरुण पोद्दार

आज / कल

संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की नई कार्यकारणी गठित

रांची। मोराबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में सभा का शुभारम्भ सुखदेव टुडू की अध्यक्षता में हुई। सभा में सर्वसम्मति से पूर्व की कार्यकारिणी समिति को भंग किया गयाऔर नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में अध्यक्षः मानेल टुडू, उपाध्यक्षः सुखदेव टुडू, महासचिवः नीरज कुमार सोरेन, सचिवः दिनेश कुमार मुर्मू, संयुक्त सचिवः संतोष हेम्ब्रम, कोषाध्यक्षः सेत सुप्रभा सोरेन, संरक्षक : सनातन मरांडी, सलाहकारः मार्शल भीम सोरेन एवं पटवारी सोरेन, संगठन महामंत्रीः लक्ष्मी टुडू, संगठन मंत्रीः सुसमिता मुर्मू, रोहित मुर्मू, निर्मल मुर्मू, बेनीराम मुर्मू, छात्र/छात्रा प्रतिनिधि : डॉ डुमनीमय मुर्मू नीरज मुर्मू, आशाकिरण मुर्मू, उषा किरण हांसदा। नव निर्वाचित सदस्यों का स्वागत करते हुए सनातन मरांडी ने उन्हे शुभकामनाएं दी।

सेवा भारती हितचिंतक सम्मेलन संपन्न

सामाजिक परिवर्तन के लिए सेवा करती है सेवा भारती : रामेंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेवा भारती के तत्वावधान में हितचिंतक सम्मेलन रांची के हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट के सभागार में संपन्न हुआ। सम्मलेन का उद्घाटन भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। साथ ही मां दुर्गा की स्तुति पर भव्य नृत्य की प्रस्तुति हुई।समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा भारती अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का कार्य कर रही है। समाज के वंचित, उपेक्षित,पीड़ित और अभावग्रस्त वर्गो में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन,सामाजिक संस्कारों का अलख जगा कर समरस समाज का निर्माण किया जा रहा है। अपने ही समाज के कई लोग मूलभूत सुविधाओं, अधिकारों और व्यवस्थाओं से विमुख हैं। ऐसे समाज में सेवा कार्यों को और गति देने की आवश्यकता है। आज सम्पूर्ण समाज में सेवा भारती की प्रतिष्ठा स्थापित हुई है। संस्था के निस्वार्थ सेवा कार्यों में समाज की सज्जनशक्ति,हितचिंतकों का बड़ा योगदान रहता है।

हितचिंतक सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि पूर्व सदस्य,राज्यसभा महेश पोद्दार ने कहा कि समाज में सेवा के नाम पर कई अवांछित स्वयंसेवी संस्थाएं चल रही है और सिर्फ कमाने - खाने के लिए सरकारी संसाधनों का उपयोग करते हैं। स्वयं का स्वार्थ त्याग कर सेवा कार्य करने से सही मायने में समाज का उन्नयन होगा। मौके पर सेवा भारती के संरक्षक डॉ एच पी नारायण ने सेवा कार्य के लिए उत्प्रेरित किया। कार्यक्रम में सेवा भारती की वार्षिक उपलब्धियों को साझा करते हुए संस्था के सचिव ऋषि पाण्डेय ने बताया कि सेवा कार्यों से बस्ती परिवर्तन हुए हैं। पिछड़े वर्गों में शिक्षा, संस्कार,आरोग्य के प्रति जागृति आई है और स्वावलंबन की दृष्टि से महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। आगामी वर्षों में सेवा भारती द्वारा प्रखंड स्तर तक समस्याओं का अध्ययन कर समस्यापूरक सेवा कार्य विस्तार करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके पूर्व कार्यक्रम में सेवा भारती के सेवा कार्यों की डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया साथ ही राष्ट्रीय सेवा साधना पत्रिका की वार्षिक अंक " आपदा प्रबंधन " विशेषांक का विमोचन किया गया। मौके पर आपदा प्रबंधन विशेषांक सापेक्ष विषय सेवा भारती, रांची महानगर के सचिव श्याम टोरका ने रखा। मौके पर हितचिंतक सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के न्यासी चंद्रकांत रायपत ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव,पवन मंत्री, राधेश्याम अग्रवाल, गोपाल सिंह, अभिजीत घोष,शंभू ठाकुर, निर्मला कौर, शुभेंदु भट्ट, रमाशंकर बगड़िया,राजकुमार साहू, कंचन प्रभा,डॉ निधि सहाय,निशि जयसवाल,कमल केडिया रमाकांत दुबे सहित रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग सेवा भारती के हितचिंतक, शुभचिंतक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पहलगाम की घटना पर झारखंड में है उबाल

देश के दुश्मनों का सफाया चाहते हैं राजधानी के लोग

- पाकिस्तान में लोकप्रिय भारत विरोधी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का रांची में हो रहा है विरोध
- रांची के अलग-अलग इलाकों में लोगों ने कैंडल मार्च कर निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर गहरा दुख जताया

काजल मेहता

रांची। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या से पूरा देश मर्माहत है। निर्दोषों के नृशंस हत्या को लेकर पूरा झारखंड में उबाल है। बिरसा मुंडा की धरती अड़की से लेकर किसान प्रधान पिठोरिया तक विरोध प्रदर्शन कर सिर्फ एकता का परिचय नहीं दिया बल्कि अभूतपूर्व आक्रोश भी देखने को मिला। पूरा विपक्ष दोषियों पर कार्रवाई की मांग का समर्थन कर रहा है। लेकिन दो चर्चित लोग जिसमें एक आचार्य शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का कहना है कि कोई त्वरित कार्रवाई नहीं होगी। इसका समाधान निकालने में 20 वर्ष का समय लगेगा। साथ ही उन्होंने कहा मोदी सरकार जनता को मुर्ख बना रही है। वहीं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नेहा सिंह राठौर का कहना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साजिश है। इस बयान के बाद इन्फ्लुएंसर नेहा को पकिस्तान तक प्रसारित किया जा रहा है। पाकिस्तान के मंत्री ने भी इन्फ्लुएंसर के ब्यान को ट्वीट किया। राष्ट्रीय नवीन मेल ने जानने की कोशिश कि की राजधानी रांची के लोग इस मुद्दें पर क्या सोचते हैं।

ऐसे वक्त में सरकार को समर्थन देने की जरुरत : मो. नौशाद

सीनियर सोशल मानवाधिकार के एक्टिविस्ट मोहम्मद नौशाद ने कहा कि नेहा सिंह राठौर किस बुनियाद पर ऐसे बयान दे रही है ये कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा ऐसे वक्त में सरकार को समर्थन देने की जरुरत है। साथ ही उन्होंने कहा पूरे मुद्दे पर जो करना है सरकार करेगी, कहां चूक या गलती हुई है कि ऐसी घटना को अंजाम दिया गया। वहीं आचार्य की बातों पर मोहम्मद नौशाद ने कहा 20 साल लगे या 10 साल लगे लेकिन इसकी शुरुआत करने की जरुरत है। वहीं पकिस्तान के प्रति भारत की नाराजगी है। वहीं भारत ने सारे रिश्ते पाकिस्तान से ख़त्म कर दिया है। वहीं युद्ध अंतिम रास्ता है यदि समझाने से नहीं समझे तो युद्ध का रास्ता अपनाना सही होगा।

नेहा सिंह राठौर का बयान बेबुनियाद : धर्मेंद्र महतो

राजद जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र महतो ने कहा कि नेहा सिंह राठौर के द्वारा कहा गया जो कुछ भी है सब बेबुनियाद है। कोई भी नेता ऐसा नहीं कर सकता है। रही बात पुलवामा अटैक की तो केंद्र सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। सीमा केंद्र सरकार के हाथों में है और इस तरह के लोग आतंकी यदि सीमा पार करके हथियार के साथ आ रहे हैं और ऐसी घटना को अंजाम दे रहे हैं तो केंद्र सरकार के कामों पर सवाल उठाना लाज़मी है। प्रधानमंत्री के पहलगाम ना जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में चुनावी भाषण दे रहे हैं पीएम लेकिन पहलगाम नहीं जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से बदला लेने के लिए युद्ध विकल्प नहीं है बल्कि पेट पर वार करके बदला लेना है। लेकिन सिन्धु नदी की पानी को कैसे रोका जा सकता है जो 5 नदियों का मेल है। सिंधु नदी में हर नदी को रोका जाना मुश्किल है। इसे रोकने के लिए भारत सरकार को 20 साल लग जाएगा। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि वक्त चाहे कितना भी लगे लेकिन शुरुआत किया जाना चाहिए। सिर्फ ऐलान करके जनता का दिल जितने की कोशिश नहीं करना चाहिए।

देश के नागरिक का ऐसा बयान शर्मनाक : डॉ अपर्णा

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अपर्णा ने कहा कि प्रधानमंत्री पर कई आरोप लगाए जा रहे हैं। यह भारत के किसी भी नागरिक के द्वारा नकारत्मक बयान देना शर्मनाक है। नेहा सिंह राठौर जैसे लोग टीआरपी के लिए कुछ भी कहते और करते हैं। यह हमला पीएम मोदी पर या फिर पकिस्तान के किसी नागरिक पर नहीं हुआ है यह हमला हिन्दुस्तान और यहां के नागरिकों पर हुआ है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने भारत की शांति को भंग करने की कोशिश की है। सब कुछ साधरण तरीके से चल रहा था लेकिन इस घटना को अंजाम देने वाले को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अब आने वाले लंबे समय तक हम कश्मीर जाने की नहीं सोच सकते हैं। अपर्णा ने कहा कि आतंकियों को कश्मीर के किसी न किसी स्थानीय का समर्थन तो मिला होगा।

अभी का समय पीएम को साथ देने का है : आरती

अधिवक्ता आरती ने कहा कि यह कहना गलत है कि इस घटना के पीछे प्रधानमंत्री की साजिश है। पहलगाम घटना में पाकिस्तान और आतंक का हाथ है। इस समय हम सभी भारतीयों को एकता दिखाने और प्रधानमंत्री को साथ देने का समय है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने के लिए आक्रामक होना होगा। अब भारत को युद्ध करना होगा, ताकि ऐसे आतंकियों का खात्मा हो सके जो निर्दोषों की हत्या करते आएं है। साथ ही उन्होंने कहा कि युद्ध से भारत का भी नुक्सान होगा लेकिन कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। हालांकि उनका यह भी कहना है की भारत मजबूती के साथ युद्ध करेगा पकिस्तान भारत का कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

पाक का पीठ नहीं, पेट पर हमला हो : रितेश कुमार दीपक

रांची निवासी रितेश कुमार दीपक ने कहा कि प्रधानमंत्री पर जो आरोप लग रहें है वह गलत है। पीएम मोदी ऐसा अनैतिक कार्य नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा पकिस्तान के खिलाफ जितने भी कदम भारत सरकार द्वारा उठाए गए हैं सब का स्वागत भारत की जनता कर रही है। युद्ध या आक्रमण करने से हमारा भी नुक्सान होगा। इस से बेहतर है पीठ पर हमला ना करके पेट पर हमला किया जाना चाहिए। जो की बखूबी किया जा रहा है।

राजनीति नहीं, कार्रवाई करे सरकार : सफीक खान

सफीक खान ने कहा हमें नहीं मालूम है कि पानी को कैसे रोका जा रहा है वास्तव में रोका जा रहा है या सिर्फ राजनीति की जा रही है। वहीं यह भी कहना गलत होगा की ऐलान कर देने से कुछ भी मुमकिन नहीं होता है। इसे वास्तव में करके दिखाना बड़ी बात होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा राजनीति नहीं कार्रवाई करके दिखाना होगा। सफिक खान ने कश्मीर के सुरक्षा व्यस्था पर सवाल उठाते हुए कहा यदि खुलेआम इस तरह की घटना हो रही है तो सरकार और स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही है।

पहलगाम का आतंकी हमला कायरता का परिणाम : अरविंद

अडकी निवासी अरविंद कुमार ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला कायरता का प्रमाण है। वहीं, पीएम मोदी पर लग रहे आरोपों पर उनका कहना है आरोप लगाना अलग है लेकिन वह देश के मुखिया है देश के लिए बेहतर कदम उठा रहे हैं। इसमें किसी भी नागरिक को राजनीती नहीं करनी चाहिए।

आदिवासी छात्र संघ आज डीएसपीएमयू को कराएगा बंद

रांची। आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), के ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज (टीआरएल) विभाग सहित अन्य विभागों में व्याप्त समस्याओं चिंता जताई है। वहीं समस्याओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराया है। एसीएस ने जिन समस्याओं को बताया है उसमें टीआरएल विभाग में शिक्षकों की भारी कमी, कक्षा-कक्षों की अपर्याप्त संख्या, शौचालयों में पानी और साफ-सफाई की कमी, अखाड़ा में मंच (स्टेज) एवं शेड का निर्माण शामिल है। विदित हो कि विगत 7 जनवरी 2025 को इन्हीं मांगों को लेकर विश्वविद्यालय बंद कराया गया था। उसके बाद 16 जनवरी 2025 को ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज विभाग के सभी फैकल्टी सदस्यों, आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल और विश्वविद्यालय प्रशासन के सभी पदाधिकारियों के बीच कुलपति की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। इस बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन ने 15 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का स्पष्ट आश्वासन दिया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद भी इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

लूट के इरादे से आए आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चान्हो पुलिस ने लूट और दुष्कर्म में शामिल 2 को गिरफ्तार और एक को निरुद्ध किया। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पीडिता के द्वारा चान्हो थाना में लिखित आवेदन दिया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि अज्ञात अपरधियों के द्वारा के घर में घुसकर हथियार का भय दिखाकर मोबाइल, नकद रूपए और जेवरात की लूटपाट करने के बाद पीडिता के साथ जबरदस्ती बलात्कार की घटना को भी अंजाम दिया। जिसके बाद लूटे गये मोबाईल से फ़ोन करके दूसरे दिन एक लाख रूपये की मांग करने लगे नहीं देने पर अपराधियों ने जान से मारने कि धमकी दी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस डीआईजी सह एसएसपी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना और तकनिकी सहयोग से घटना में शामिल अभियुक्त दो भाई राजेश उरांव, राजेन्द्र उरांव, और एक किशोर को निरुद्ध किया गया तथा गिरफ्तार अपरधियों के निशानदेही के आधार पर मामले में लूटे गये मोबाईल, नगद रूपया, चांदी की पायल और चांदी की अंगुठी को बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया एक पिस्टल, दो जिन्दा गोली, एक बजाज कंपनी की मोटरसाईकिल और एक ओपो कंपनी का मोबाईल बरामद किया गया।

नेहा सिंह राठौर सस्ती लोकप्रियता के लिए बोल रही हैं : दीपक कुमार

आम नागरिक दीपक कुमार ने कहा कि नेहा सिंह राठौर सस्ती लोकप्रियता के लिए कुछ भी बोल सकती हैं । हमारा देश आजाद है यहां बोलने की आज़ादी है। जिनका नुकसान हुआ है उनकी पूर्ति तो नहीं हो सकती इसलिए घटिया बयान बाजी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पकिस्तान को भारत के खिलाफ कुछ चाहिए और नेहा जैसे व्यक्तित्व की बातों को प्रोपेगेंडा बना रही है तो यह पकिस्तान की मानसिकता है। सिंधु नदी बंद करना छोटी बात नहीं है। पाक के हर घर को परेशानी का सामना करना होगा, यदि इसके बाद भी पकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा तो युद्ध आखरी विकल्प है।

एक नजर

निर्धन बेटी की शादी के लिए भाजपा नेता ने आर्थिक मदद की

बेड़ो । बेड़ो प्रखंड के करांजी गांव में एक अनाथ एवं निर्धन गरीब बेटी आंचल कुमारी की शादी के लिए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो की ओर से भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल के अध्यक्ष बलराम सिंह की उपस्थिति में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं ने निर्धन एवं अनाथ बेटी आंचल कुमारी को आशीर्वाद प्रदान किया। शादी में उसके करांजी स्थित घर जाकर कर आर्थिक सहयोग करते हुए आशीर्वाद दिया गया। इस शुभ घड़ी में भाजपा बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, मंत्री आदित्य ताम्रकार, राजेश साहु, ओम प्रकाश साहु, संदीप गोप, विजय गोप, बसंत गोप,पारस गोप, बबलु गोप एवं हरिचरण महतो के साथ - साथ अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के साईं मंदिर रोड पर हरिहरपुर जामटोली पहाड़ के निकट ताबेरकाला लापुंग निवासी बाइक चालक 30 वर्षीय अजय उरांव पिता सांजो उरांव बाइक सहित दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अजय उरांव किसी काम से बदहवाया था और वापस अपने गांव ताबेरकाला लौट रहा था तभी वह लौट के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर बेडो.के समाजसेवी राजा मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शशी टाईगर, आदित्य गुप्ता, अनिल उरांव घटनास्थल पहुंचे और सड़क पर गिरे हुए घायल अजय उरांव को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। गंभीर रूप से घायल अजय उरांव को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस में उसकी बाइक को जब्त कर लिया है।

कराटे टेक्निकल सेमीनार का आयोजन

रांची। युनियन क्लब में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्त्वावधान में हाँशी मानस सिन्हा के आध्यक्षता में रेफरी और जजेस के लिए कराटे टेक्निकल सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में झारखण्ड राज्य के कराटे इंडिया ऑर्गेनेशन के सर्टिफाइड रेफरी एवम् जज भाग लिये । सेमिनार में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नए काता एवम् कुमिते के नए रूल्स का प्रैक्टिकल ट्रेनिंग एशियन कराटे जज सेंसाई हेजाज असदक के द्वारा दिया गया। आज के मुख्य अथिति यूनियन क्लब के सचिव श्री सेतांका सेन (अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच) ,विशिष्ठ अथिति सेंसाई के के सिंह थे। मुख्य रूप से आज के सेमिनार में नरेंद्र सिन्हा,शशि पांडे,संजय मिश्रा, राशी सिन्हा,शादाब खान,महादेव गुप्ता,अमृत मुंडा,चंदन कुमार,विमल दीप लाल,पंकज कुमार सिंह,धनंजय श्रीवास्तव,रंजीत मेहता ने भाग लिया।

बूंद-बूंद पानी को तरसती नदी

अप्रैल महीने में ही सूखी नदियां, जलस्तर गया नीचे

कई सोलर जलमीनार हुए बेकार

नवीन मेल संवाददाता। खलारी अगले 15 दिनों में खलारी में पानी के लिए हाहाकार मचने वाला है। खलारी से होकर गुजरने वाली सपही, दामोदर व सोनाडुबी नदी की धाराएं लगभग सूख गई हैं। प्रखंड क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के वाटर फिल्टर प्लांट इन की नदियों पर ही आश्रित हैं। बुकबुका में विभाग ने 55 लाख लीटर प्रति दिन क्षमता का फिल्टर प्लांट लगाया है। इसके साथ दो बड़े जलमीनार हैं। जिनकी क्षमता 16-16 हजार लीटर है। इस फिल्टर प्लांट को करंजतोरा में सपही नदी में बनाए गए इंटक वेल से पानी मिलता है। अप्रैल में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर जा रहा है। सपही नदी में पानी कम हो जाने के कारण इंटक वेल के मोटर को एक अंतराल में रूक रूककर चलाया जा रहा है। जलमीनार का टैंक भरने में काफी समय लग रहा है। पांच बार जलमीनार का टैंक भरेगा तभी पांचो पंचायत के लोगों को एकबार पानी मिल पाएगा। लोगों को एक एक सप्ताह के अंतराल में पानी मिल पा रहा है। यह स्थिति अभी की है। गर्मी और बढ़ी तो प्लांट को बंद करने की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इधर दामोदर नदी में सूखी रेत दिखाई दे रही है। सीसीएल एनके एरिया की कई कालोनियां दामोदर नदी पर निर्भर है। प्रबंधन नदी का रेत हटाकर नीचे से पानी निकालने में लगी है।

गहराती कोयला खानों से जलस्तर गया नीचे, कई सोलर जलमीनार हुए फेल

खलारी कोयलांचल में गहराती कोयला खानों के कारण जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। वहां लगातार बढ़ रही गर्मी का भी असर भू जलस्तर पर पड़ा है। प्रखंड के गली मुहल्लों में लगे कई सोलर जलमीनार फेल हो गए हैं। भू-जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। सोलर जलमीनार के बोरिंग में लगे पाइप जलस्तर से बाहर निकल आए हैं। सोलर जलमीनार फेल होने से आमलोगों की परेशानी बढ़ गई है।

पहलगाम आतंकी हमले का सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 निहत्थे पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को गहरे शोक और क्षोभ में डुबो दिया है। आतंकवादियों द्वारा धर्म के आधार पर की गई यह क्रूर हत्या न केवल अत्यंत घृणित और कायरतापूर्ण है, बल्कि यह मानवता, सहिष्णुता और भारत की सांस्कृतिक एकता पर सीधा आघात है। सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया कमिटी कोकदोरो इस्लामपुर ने जताया विरोध । इसमे सदर अब्दुल मजीद अंसारी, तबारक हुसैन,मुखिया उज्ज्वल, अफरोज आलम,सुल्तान आदिल, मोहम्मद परवेज आलम,अजहर आलम, हाजी अजीज अंसारी, अफजल हुसैन, इमाम मेराज अशरफ, अख्तर अंसारी,कुद्दुस अंसारी,इरफान अंसारी, रुहुल अमीन,साजिद अंसारी और अन्य लोग भी उपस्थित थे ।

एशियन हॉकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक इंडोनेशिया में हुई

रांची। एशियन हॉकी महासंघ के कार्यकारी बोर्ड की बैठक जकार्ता इंडोनेशिया में सम्पन्न हुई। इसमें विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दतो तैयब भाई एवं एशियन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष फोमियो ओगुरा के साथ एशियन हॉकी महासंघ कार्यकारी समिति के अधिकारी पदाधिकारियों सहित सभी भाग लिया।

न्यूज बॉक्स

साइकिलिंग का हुआ आयोजन

रांची। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संडे ऑन साइकिल के अवसर पर रविवार को साइकिलिंग का आयोजन प्रेस क्लब के सह आयोजकत्व में किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीजी संजय आनंद राव लाटेकर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सोरेन तथा आईपीएस आलोक प्रियदर्शी रहे। कार्यक्रम से पूर्व पहलगाम हादसे में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया उसके पश्चात सभी ने लगभग पांच किलोमीटर साइकिल चलाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पत्रकार अजय कुकरेती ,पीसी झा, सोविक विश्वास सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आयोजनकताओं में भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से मुख्य हॉकी प्रशिक्षक बी महापात्रा, मुख्य एथलेटिक प्रशिक्षक विनोद कुमार सिंह, हॉकी प्रशिक्षक जगन टोपनो, तीरंदाजी प्रशिक्षक सोमेंद्र सहायक तथा अन्य उपस्थित थे।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में श्रद्धालुओ ने किया प्रसाद ग्रहण

रांची । श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट एक समाजिक संस्था है। गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 53 वर्ष पूरे हुए। इस उपलक्ष्य पर रविवार को रांची के पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम मंदिर (राधा-कृष्ण) मंदिर(मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम) के प्रांगण में पुरश्री संस्था की अध्यक्ष प्रियंका जालान, सचिव आदिति रश्मी कनोई,वंदना अग्रवाल एवं राधा ड्रोलिया ग्रुप एव पुरश्री संस्था के सदस्यों के सौजन्य से 204 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। पुरश्री के सदस्यों ने जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त लोगों के बीच 204 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पौदार (ताउ), सुरेश अग्रवाल, बिमला जालान के अलावे कई महिला पुरूष सदस्य उपस्थित थे।

स्वयंसेवी संस्था के नए प्रदेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन

कांके। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यरत स्वयंसेवी संस्था एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन का कांके में नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि नौशाद आलम पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्मिक ने किया । डीआईजी नौशाद आलम ने सभी नव मनोनीत पदधारियों को कहा कि उपायुक्त से समाज सेवा के लिए कार्य करने का निर्देश प्राप्त करें और विधिसंगत तरीके से कार्य करें । मंच का संचालन जोनल सेक्रेटरी ईस्ट इंडिया के हरिनाथ साहू एवं रांची जिला डिस्टिक ऑफीसर बलदेव साहू ने किया।

युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

दुमका। जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती रामपुरहाट थाना के सालभादरा पेट्रोल पंप के समीप हथियारबंद अपराधियों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। घटना रविवार की है। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय पत्थर व्यवसायी सुदीप बास्की एक दुकान में बैठे थे। उस वक्त पांच बाइक में दस अपराधी जो नकाब में थे। वे वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी। जैसे ही घटना घटी चारों ओर सनसनी फैल गई।

आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक आयोजित

संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली आजसू पार्टी पुरुलिया जिला कमेटी की एक बैठक रविवार को सिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय परिसर में जिला सभापति अतुल माहातो की अध्यक्षता में की गई। आजसू पार्टी प्रमुख सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे बंगाल में संगठन को विस्तार देने की तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि बागमुंडी विधानसभा के लोगों का आजसू पर विश्वास बढ़ा है। इसे बरकरार रखने के लिए हमें एक जुटता से काम करना होगा। संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर सरकार की ओर से बनाई जा रही हर गलत नीतियों को आवाज उठाने होंगे। उन्होंने सर्वसम्मति से पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। बैठक में राज्य कन्वेनर अजय महतो, धिरेन रजक, श्रीधर माहातो, झालदा प्रखंड अध्यक्ष बंकिम माहातो, जिला सचिव गोऊर माहातो, बागमुंडी प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष पांडे आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

आतंकवादी घटना के खिलाफ बेडो.बंद का व्यापक असर

बाजार में पसरा रहा सन्नाटा सभी प्रतिष्ठान रहे बंद

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो पहलगाम में हुई आतंकी घटना और नरसंहार के खिलाफ रविवार को बेडो. बंद का व्यापक असर देखा गया। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बाजार सहित फुटपाथ पर लगने वाले छोटे बड़े दुकान बंद रहे। बंद के दौरान बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदारों ने कश्मीर के आतंकी घटना में पाकिस्तान की भूमिका की कड़ी आलोचना एवं भर्त्सना किया। पाकिस्तान के प्रति बेड़ो के ग्रामीणों में भारी आक्रोश और उबाल देखा गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित अन्य संगठनों के संयुक्त बैनर तले रविवार को बेडो.बंद का ऐलान किया गया था। बंद के दौरान बेडो. महावीर चौक, बाजार टांड़, जिला परिषद मार्केट, गुमला रोड, लोहरदगा रोड, साईं मंदिर रोड सहित देवी मंडप चौक एवं तेतरटोली में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि रांची गुमला चलने वाली यात्री बसें आम दिनों की तरह चलती दिखाई दी वहीं कुछ ऑटो को भी चलते हुए देखा गया। बेडो. प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शशि टाइगर ने बंद को सफल बनाने के लिए दुकानदारों, व्यवसायियों तथा सब्जी मंडी के थोक व्यापारियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर शशि टाइगर ने कहा कि भारत का स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में हिंदुओं को धर्म पूछ कर उनका नरसंहार करना कायरता पूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की विकृत मानसिकता को दशार्ती है। इस मौके पर प्रदीप कुमार रॉय, मुकेश कुमार रॉय, प्रकाश साहु, केदार मेहता, रोहित सिंह, परना महतो, सागर महतो, राजेश साहु, सुरेश सोनी, मोहन सोनी, अंकित सोनी, ज्वाला सोनी, अनिल कुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, पिंकु लाल खन्ना, गंदुर गोप, परमेश्वर गोप उर्फ गांदु गोप, शशिभूषण गुप्ता, रंजीत गुप्ता, राकेश कुमार जयसवाल, रविशंकर प्रसाद,संजीत कुमार साहु, उमेश महतो, साधन कुमार रॉय, सौमित्र शर्मा, रामेश्वर वर्मा, शिबु वर्मा , राजेन्द्र प्रजापति, राजेन्द्र रौनियार, रौशन आलम, नौशाद आलम, इशितयाक आलम सहित कई लोगों ने बंद को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फंदे से लटका मिला शव

रांची। डूंडी के डीलबुरु जंगल से शनिवार की शाम एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय राम सिंह मुंडा के रूप में की गई जो डूंडी का निवासी था। शव केंदु पेड़ से लटका हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई और भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुवा मुंडा ने बताया कि राम सिंह मुंडा 23 अप्रैल की शाम शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि लगातार खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं मिलने पर शुक्रवार को थाना में सनहा दर्ज कराया गया था। शनिवार की शाम डीलबुरु जंगल में गमछे के सहारे केंदु के पेड़ पर लटकी लाश देखी गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया है पुलिस मामले पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो सकेगा। मृतक के बड़े भाई गुरुवा मुंडा ने जमीन विवाद में हत्या करने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि राम सिंह मुंडा के साथ कुछ लोगों का जमीन विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से उनकी हत्या की गई हो सकती है।

झारखंड के जिम्नास्टों ने कांस्य पदक जीता

रांची/पुणे । महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल राउंड श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। झारखंड के जिम्नास्टों ने न केवल टीम स्पर्धा में उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि व्यक्तिगत स्पधाओं में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन खिलाड़ी फाइनल में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। व्यक्तिगत फाइनल मुकाबले कल आयोजित होंगे, जिनमें झारखंड के खिलाड़ी पदक जीतने के लिए मैदान में उतरेंगे। झारखंड के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर पूरे राज्य में खुशी का माहौल है। झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आर. के. आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहू, संयुक्त सचिव लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, धनबाद के सचिव शशिकांत पांडे और श्रीमती मुक्ति लता खेस ने झारखंड के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी जिम्नास्टों और विशेषकर प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार जीतू को बधाई दी है।

तमाड़ मुख्यालय में रुआर अभियान को लेकर हुई बैठक

बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहे : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता। तमाड़ समग्र शिक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए रुआर 2025 कार्यशाला का आयोजन प्रखंड तमाड़ मुख्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संतोष कुमार महतो ने किया। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत छात्राओं, शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा इसकी सब सफलता कैसे मिलेगी इस पर भी चर्चा की। परियोजना पदाधिकारी एपीओ अखिलेश कुमार ने रुआर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला परिषद सदस्य भवानी मुंडा ने विद्यालय में बच्चों को गुणवंता पूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि कोई बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे उसके लिए नामांकन अभियान को मुख्य स्तर पर पूरा किया जाए। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत- प्रतिशत हो तथा गुणवंतता पूर्ण शिक्षा बच्चों को दिया जाए जिससे सरकारी विद्यालय के बच्चे निजी विद्यालय से पीछे ना रहे साथ ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की ने अपने प्रखंड के सभी आये हुए छात्रों के अभिभावक एवं शिक्षक से विनम्र अपील करते हुए कही कि इस रुआर 2025 अभियान के तहत हर गरीब से गरीब बच्चों को स्कूली शिक्षा मे जोड़ने का काम करेंगे और इस अभियान को सफल बनाने मे मदद कर अपने प्रखंड को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे ले जाने का काम करेंगे। साथ ही मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों, कल्याण पदाधिकारी अमित कुमार, उप प्रमुख शकुन्तला खंडित, जिला परिषद सदस्य भवानी मुंडा, पंचायत समिति सदस्य रेशमा देवी, मुखिया अनिता देवी , प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय से गंगाधर महतो सहायक अभियंता, लेखापाल पदाधिकारी विलकन हंस ,अनिमेष कुमार, कंचन कुमारी, सुमित कुमार, सविता दास, बीआरपी आनंद महतो, संजीव कुमार, भवानी महतो, सीआरसी बासुदेव प्रियदर्शी, वीरेंद्र कुमार महतो आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मौजूद शिक्षक पिनाकी महतो, रामदयाल महतो, अर्जुन महतो, धनेश्वर प्रामाणिक, तरणि कुमार महतो, राजकिशोर महतो,नवलकिशोर सिंह मुंडा दलगोविंद सिंह मुंडा , रामपुकार सिंह मुंडा आदि उपस्थित रहे।

जैप क्रिकेट एकेडमी ने10 विकेट से जीत हासिल की

रांची। रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सरला देवी बिड़ला अंडर 14 अंतर क्रिकेट टूनार्मेंट (2024-25) का फाइनल मुकाबला रविवार को हुआ । द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी बनाम जैप क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मैच गोलचक्र मैदान, धुर्वा में खेला गया जिसमें जैप क्रिकेट एकेडमी ने10 विकेट से जीत हासिल की । टूनार्मेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री संजय सहाय एवं झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव श्री देवाशीष चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता ट्रॉफी प्रदान किए। साथ में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष श्री विभूति भूषण प्रसाद जिला संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार भी मौजूद थे। टूनार्मेंट में बेस्ट बैटर का पुरस्कार द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के आदित्य प्रसाद एवम बेस्ट बॉलर , जे के इंटरनेशनल स्कूल के आदित्य कुमार को दिया गया और आज के फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जैप क्रिकेट एकेडमी के रमन कुमार को दिया गया।पुरस्कार वितरण समारोह में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारणी सदस्य चंचल भट्टाचार्य , रमेश कुमार,मुज्जफर अली ,(मुन्ना),सहायक सचिव सुनील पाल , जे एस सी ए सदस्य संजय पांडेय,मुक्तेश सिंह , शब्बीर हुसैन, प्रकाश मुंडा आदि मौजूद थे।

अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती 30 को

रांची। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हिंदू संस्कृति में अत्यंत पवित्र और शुभ मानी जाती है। इस दिन दो महान पर्वों का संयोग होता है-अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती। दोनों पर्व धर्म, पुण्य, पराक्रम और सत्कर्म के प्रतीक हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती 30 अप्रैल, दिन बुधवार को मनाया जाएगा,अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। यह दिन संकल्प, दान, जप, तप और शुभ कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए कार्यों का फल चिरस्थायी होता है। यही कारण है कि लोग इस दिन स्वर्ण, भूमि, वाहन, और अन्य स्थायी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, पांडवों को श्रीकृष्ण द्वारा अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी और यही तिथि त्रेता युग के प्रारंभ की मानी जाती है।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में पौधों के वायरस पर व्याख्यान

बेहतर उत्पादकता के लिए प्रमाणित बीज और रोपण सामग्री का ही प्रयोग करें: डॉ वीके बर्णवाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पौधा रोग प्रभाग के नेशनल प्रोफेसर डॉ वीके बर्णवाल ने बीज वाहित नुकसानदेह विषाणुओं से बचाव और बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए केवल प्रमाणित बीज एवं रोपण सामग्री का ही उपयोग करने पर जोर दिया है। वायरस स्क्रीनिंग के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि नियंत्रण की तुलना में बचाव हमेशा श्रेयस्कर है। डॉ बर्णवाल शनिवार की शाम बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में ह्यआधुनिक जांच उपकरणों द्वारा विषाणु जनित रोगों की पहचान एवं प्रबंधनह्न विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सब्जी फसलों में बीजोपचार और मल्चिंग विषाणुओं तथा वायुजनित कीड़ों के नियंत्रण का एक प्रभावी उपाय है क्योंकि उच्च तापक्रम से भी वायरस का नियंत्रण नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के शोध संस्थाओं द्वारा अब तक 10 हजार से अधिक विषाणुओं की पहचान की गई है जिनमें से लगभग 4000 पौधों के विषाणु हैं। ये सतह पर तथा हवा में, दोनों तरफ से फैलते हैं तथा बीज और प्रसार सामग्री सामग्री इनके लिए वाहक मेजबान का काम करते हैं। उन्होंने विषाणु रोगों की जांच सम्बन्धी नवाचारों, उनकी पहचान में आने वाली चुनौतियों, जांच संबंधी उपकरणों, धान के उभरते रोगों की हेतुकी (इटियोलॉजी) तथा विषाणु रोगों की प्रबंधन तकनीकों पर भी प्रकाश डाला।

एक नजर

पानी की किल्लत से बेटियों को नहीं ब्याहते लोग

रामगढ़। रजरप्पा।रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड के छोटकीलारी पंचायत का आदिवासी बहुल पसरा टोला में मूलभूत सुविधाओं की बात छोड़ भी दे तो यहां की आबादी को पीने के पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहताज होना पड़ता है। यहां पर सौ घरों में आदिवासी लोगों की आबादी है। पानी की किल्लत की वजह से दूसरे जगह के लोग अपनी बेटी को यहां पर ब्याहने से हिचकिचाते हैं। लोगों ने ब्लॉक , डीसी कार्यालय के अलावा जनप्रतिनिधियों का द्वार खटखटाया पर कहीं से इन्हें पीने की पानी के उपाय का ख्याल नहीं किया गया। इस मोहल्ले में बसे लोगों की परेशानी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां की महिलाएं अपने घरों से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक कुएं में जाते हैं।

टेक्नोलॉजिस्ट डे पखवारा के तहत समारोह का आयोजन

रामगढ़। झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन, रामगढ़ जिला इकाई की ओर से विगत शनिवार को टेक्नोलॉजिस्ट डे का समारोह हुआ। यह आयोजन राज्य स्तरीय स्वास्थ्य पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया। जिसका उद्देश्य प्रयोगशाला तकनीशियनों की भूमिका, पहचान और योगदान को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी, डीएस डॉ मृत्युंजय सिंह उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ममता देवी ने टेक्नोलॉजिस्ट डे के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही इसे फोकस करने की बात कही।

पुलिस ने अपहृत लड़की को मथुरा से किया बरामद

रामगढ़। कुजू थाना क्षेत्र के चुम्बा निवासी सोनाली गुप्ता उम्र लगभग 23 वर्ष रामगढ़ में रहकर बी फार्मा की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान वह अचानक गायब हो गई थी। इस संबंध में उसके पिता ने रामगढ़ थाने में अपनी बेटी के अपहरण किए जाने के संदर्भ में आवेदन दिया था। एक युवती के अपहरण का संवेदनशील मामला संज्ञान में आते ही रामगढ़ पुलिस ने कांड संख्या 110/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। शुरूआती जांच में पुलिस को किसी भी तरह की सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद टेक्निकल टीम का सहयोग लिया गया। लड़की के सोशल मीडिया अकाउंट्स के साथ कॉल डिटेल्स भी खंगाले गए। इसके बाद युवती के प्रेम प्रसंग की पूरी कहानी सामने आई। दरअसल युवती का मथुरा में रहने वाले हिमांशु शर्मा से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड की मासिक बैठक आयोजित

सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी का किया गया चुनाव

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग रविवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड का मासिक बैठक चतरा कोर्ट परिसर के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता सचिव अवध कुमार भारती ने किया। सर्वप्रथम पहलगाम में हुए शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मीटिंग में आए सभी सैनिकों को एक जुट रहने की सलाह दी गई कि हम समाज पीड़ित ना हों। मीटिंग में आए नए सदस्यों को फुल माले के साथ स्वागत किया गया। सर्व सम्मति से चतरा जिला नए कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष मोहन कु. साहा, उपाध्यक्ष जय जीत कुमार सिंह, जिला सचिव महेश बांडों, उपसचिव प्रेमचंद प्रसाद, मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहु, उप मीडिया प्रभारी किशुन राम, चतरा प्रखंड अध्यक्ष राम बचन साव,चतरा प्रखंड सचिव बाल किसुन बांडों, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय, आरा पंचायत अध्यक्ष सुरेश मिंज को चुना गया। मीटिंग में केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा,सचिव अवध कुमार भारती, सलाहकार दिलीप कुमार सिंह (ओनरी कैप्टन), उप कोषाध्यक्ष बासुदेव साहु, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष मोहन कु.साहा,पुर्व मीडिया प्रभारी रमन साहु,प्रखंड अध्यक्ष किशुन राम,मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुभाष, सिंह, हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह,धनेश्वर साहु, प्रेमचंद प्रसाद, विनोद कुमार, जयजीत सिंह,रामबचन साव, गेरे गोरी लिंडा, श्यामनंदन सिंह, महेश बांडों, सुरेश मिंज, बालकिसुन बांडों, प्रवीण कुमार, बोना फीस लिंडा, काजल कुमारी, शहीद सहेंद्र के पिता मोहन साव, शहीद भुवनेश्नर गोप की पत्नी सरिता कुमारी आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए। अंत में भारत माता की जय व बंदे मातरम् की उद्घोष के साथ मीटिंग का समापन किया गया।

आगामी 4 मई को भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकट उत्सव का भव्य आयोजन

हजारीबाग। छठ तालाब प्रांगण स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में आगामी 4 मई 2025 को भगवान श्री चित्रगुप्त का भव्य प्रकट उत्सव मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं, समिति सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई, जिसमें साज सज्जा, भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन, और भंडारा शामिल हैं। श्रद्धालुओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। समिति ने साफ-सफाई, सुरक्षा और सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई। इस बैठक में अनुपम सिन्हा, राज प्रकाश, संजीव सिन्हा , बप्पी करण , अनुज सिन्हा, शुभम प्रकाश,दीप प्रकाश, विवेक प्रकाश, शशिकांत श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

टाटा स्टील फाउंडेशन ने 120 छात्रों को दी 'ज्योति फेलोशिप'

रामगढ़। टाटा स्टील फाउंडेशन ने गेनवेल कॉमोसेल्स के सहयोग से वेस्ट बोकारो स्थित फाउंडेशन परिसर में ज्योति फेलोशिप पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया. समारोह 120 प्रतिभाशाली व मेधावी छात्रों को ज्योति फेलोशिप देकर सम्मानित किया गया. सभी चयनित विद्यार्थी कक्षा 7 के थे. इनका चयनए परीक्षा के माध्यम से किया गया. कुल 659 प्रतिभागियों में से 120 छात्र अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर चयनित किए गए. प्रत्येक छात्र को 6,000 रुपए फेलोशिप राशि प्रदान की गई. समारोह में गेनवेल कॉमोसेल्स के जेनरल मैनेजर दीपक दासगुप्ता, टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के चीफ (क्वारी-एसईबी) नरेंद्र कुमार गुप्ता, यूनिट लीड आदित्य सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. फाउंडेशन के ट्राइबल आइडेंटिटी हेड जिरेन जेवियर टोपनो ने कहा कि ज्योति फेलोशिप कार्यक्रम केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है बल्कि यह वैसे छात्रों के लिए समान अवसर सृजित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है.

न्यूज बॉक्स

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

रामगढ़ । प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को दर्जनों कार्यकताओं ने बूथ नंबर 52 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में रविवार अपराह्न 11: 00 बजे भाजपा नेता कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर सुना गया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए अभियान 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम की सफलता की बात इस उद्बोधन में सुन कर खुशी जताई और इसका श्रेय मोदी को दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ट नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर,वार्ड नंबर छः के प्रभारी अजीत गुप्ता,संयोजक अरविंद सिंह,सुरेंद्र शर्मा,मणिशंकर ठाकुर,सुरजीत सिंह छाबड़ा, टूबुल, बबलू,मनोज कुशवाहा,ईश्वर पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांड सं0-06/25 में तीन आरोपी गिरफ्तार

एसपी ने महिला थाना प्रभारी को किया निलंबित

रामगढ़। आवेदिका पायल कुमारी, पे० रामु सिंह, सा०-नईसराय महतो टोला, थाना-रामगढ़, जिला-रामगढ़ द्वारा सुमित कुमार, पिता-पप्पु सिंह, सा०-हाउस नम्बर-8/32, गली नंबर-22 वेस्ट बोकारो, थाना-मंडु (वे०बो० ओपी), जिला-रामगढ़ पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने एवं अपने साथ नहीं रखने के संबंध में आवेदन दिया गया था। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा पत्र निर्गत कर पु०अ०नि० श्वेता कुजूर थाना प्रभारी महिला थाना रामगढ़ को आवेदिका पायल कुमारी के आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान एवं 22 अप्रैल को वरीय पदाधिकारी द्वारा महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डों को त्वरित अनुसंधान कर ससमय निष्पादन करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। उसके आलोक में महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित काण्डों की समीक्षा किया गया था तथा महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित कांडों का अनुसंधान त्वरित गति से करते हुए 60 दिनों के अन्दर कांडों का निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं महिला थाना प्रभारी को दिया गया था। गठित टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु राज्य के बाहर बिहार राज्य के बाढ़ एवं दानापुर तथा रामगढ़ जिला के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया तथा काण्ड के मुख्य आरोपी सुमित कुमार एवं 2. पप्पु सिंह, 3. आलोक सिंह को रामगढ़ जिला के वे०बो० ओ०पी० क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

आतंकी हमले के विरोध में कपका में मशाल जलाकर किया प्रदर्शन

ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा कश्मीर स्थित पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुई आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि हमले में आर्तिकियों द्वारा धर्म पूछ पूछकर 28 निर्दोष हिंदु सैलानियों की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। क्रूरता और निर्ममता के साथ की गई आतंकी हमले के बाद भारत समेत कई देशों में आक्रोश व्याप्त है देश में जगह जगह पर लोगों द्वारा मशाल व कैंडल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बाबत प्रखंड क्षेत्र के कपका में शुक्रवार शाम को लोगों ने मशाल जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रोश व्यक्त किया। वहीं उपस्थित प्रबुद्धजनों ने शहीद सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात घटना की कड़ी निंदा करते हुए हाथ में बैनर, पोस्टर लिए पाकिस्तान और आतंकवाद विरोधी नारे लगाए। लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान को कड़ी से कड़ी सबक सिखाने की आवश्यकता है। आक्रोशित लोगों ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार आतंकवादियों को? सख्ती से निपटें और उसे खात्मा करें । साथ ही पाकिस्तान जैसे आतंकवाद देश के प्रति बड़ा से बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान को ईंट का जबाब पत्थर से देने की मांग की। मौके पर स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित ,कुलदीप मंडल, मनोज मंडल, विजय कुमार यादव, मोती मंडल, अनिल महाकाल, राजेंद्र ठाकुर संजय राणा विकास आनंद, दिलीप कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अमीन प्रशिक्षण के लिए आयोजित चयन परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत डीएमएफटी के माध्यम से संचालित ट्रेंड एंड सर्टिफाइड 180 अमीन परियोजना के तहत रविवार को प्रशिक्षणार्थियों के चयन के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उपस्थित केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। परीक्षा में कुल 894 में 781 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि अमीन प्रशिक्षण के लिए लिखित परीक्षा का परिणाम भी यथासंभव परीक्षा के दिन ही जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत, श्रम अधीक्षक रामगढ़ अभिषेक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

अपलसंख्यकों ने भी घटना की कड़ी निंदा की, शीघ्र कार्रवाई की मांग

देश को नफरती जंग नहीं कौमी एकता की है जरूरत : तौकीर

नवीन मेल संवाददाता। बरही

पहलगाम आतंकी हमला में आतंकियों ने देश के सिर्फ 26 निहत्थों की हीं जान नही लिया है अपितु करीब डेढ़ सौ करोड़ हिंदुस्तानियों के सीने पर खंजर मारने का काम किया है. जिसका भारत का हर एक व्यक्ति निंदा करता है और प्रतिकारतमक कारवाई की मांग करता है. उक्त बातें अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के तौकीर रजा ने कही. उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे नफरती जंग का रूप देना चाह रहे है, जो अनुचित है. इस घटना से अल्पसंख्यक समुदाय भी दुखित और आक्रोशित हैं. ऐसे कायराना हरकत करने वाला पाकिस्तान या अन्य कोई देश माफी के लायक नही है. इस हमले में मृत्यु एक निहत्थे और निरपराध हिंदू की नही एक हिंदुस्तानी की हुई है. जो कतई बर्दाश्त नही है. उन्होंने इस मुद्दे पर भारत सरकार के हर एक फैसले का स्वागत करते हुए शीघ्र ठोस कारवाई की मांग किया है. साथ ही देशवासियों से ऐसे मुश्किल घड़ी में आपसी सौहार्द व भाईचारगी के साथ कौमी एकता बनाए रखने की अपील किया है.

आदिवासी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है सरहुल पर्व : राजीव

गोला। गोला प्रखंड के कोराम्बे पंचायत के बाघाकुदर गांव में रविवार को सरहुल पर्व धुमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि का आयोजन समिति ने स्वागत किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ने आयोजन समिति व स्थानीय ग्रामीणों को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने नृत्य मंडली में शामिल होकर ढोल नगाड़ा मांदर बजाते हुए नृत्य किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों का राज है और हमेशा रहेगा। आदिवासियों को अपनी सभ्यता, संस्कृति व परंपरा को बचाये रखना है।

बीएनएस को आईपीसी समझना भूल है

बीएनएस अधिकारों और संरक्षण पर देता है जोर

नवीन मेल संवाददाता। बरही

01 जुलाई 2024 से अंग्रेजों के कानून (आईपीसी) को समाप्त कर देश में नए अपना कानून (बीएनएस) लागू किया जा चुका है. जो आईपीसी और सीआरपीसी से पूरी तरह अलग है. नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता पर आधारित है. जिसमे आईपीसी के 511 धाराओं के स्थान मात्र 358 धाराएं ही हैं. 175 धाराएं बदलें हैं जबकि 18 नई धाराएं जोड़ी गई हैं. वहीं 22 धाराएं खत्म भी किए गए हैं. इसमें कुछ अपराध के लिए सजा बदले या कम किए गए हैं तो कुछ अपराधों में सजा की अवधि बढ़ाई गई है. इसमें कुछ नए अपराध जोड़े गए हैं तो कुछ पुराने को संशोधित किया गया है. वहीं कुछ को पूरी तरह से हटा दिया गया है. बीएनएस का उद्देश्य अपराधियों को सजा देने के साथ पीड़ितों के अधिकारों और संरक्षण को बढ़ावा देना है. नए कानून में संगठित अपराध, आतंकवाद और साइबर अपराध जैसे नए अपराध जोड़े गए हैं. वही बलात्कार की परिभाषा परिवर्तित हुए हैं. बीएनएस में सामुदायिक सेवा को भी सजा के तौर पर शामिल किया है. बीएनएस में पुलिस की जवाबदेही को मजबूत किया गया है. इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के मामले में पुलिस रिपोर्ट में हिरासत के क्रम का विवरण शामिल करना और पुलिस को जांच के 90 दिनों के भीतर मुखबिर या पीड़ित को जांच की प्रगति के बारे में सूचित करना भी अनिवार्य है. बीएनएस के संबध में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने विशेष भेंट में कहा कि नए कानून को आईपीसी की तरह समझना भूल है.

जेएलकेएम का महासम्मेल आज, शामिल होंगे जयराम

रामगढ़। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया की 28 अप्रैल को भौंरा जहाजटांड़ धनबाद में विशाल महा जनसभा का आयोजन किया गया है। जनसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस महाजन सभा के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो रहेंगे। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि जयराम महतो ने बताया कि उसी दिन डूमरी ब्लॉक में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता दरबार और डुमरी प्रखंड के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी निर्धारित है। इसी वजह से उनकी उपस्थिति भौंरा जहाजटांड़ में शाम 6:00 बजे के बाद संभव हो पाएगी। रमेश कुमार महतो ने सभी जनता, कार्यकर्ताओं और समर्थकों से महा जनसभा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जयराम महतो के प्रति बढ़ रहा है। लोगों को भरोसा है कि झारखंड का सर्वांगीण विकास उनके नेतृत्व में ही संभव है। इसलिए लोग उनके कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

30 पेटी अवैध शराब समेत दो वाहन जब्त, एसपी ने दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ रविवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एनएच 33 से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो जिसका वाहन संख्या बीआरओ 6पी 2663 से अवैध नकली शराब रामगढ़, हजारीबाग होते हुए बिहार हाजीपुर ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उन्होंने एनएच 33 मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले सभी पुलिस निरीक्षक/धाना/ओपी प्रभारी को विशेष चेकिंग अभियान लगाने के लिाए निर्देश दिया । प्राप्त निर्देश के आलोक में मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा के नेतृत्व में कुज्जू ओपी अन्तर्गत नया मोड़ के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान क्रम में एक सफेद रंग का स्कॉर्पियो वाहन सं०

बीआरओ 6पी 2663 के चालक के द्वारा पुलिस बल को देखकर वाहन तेजी से भगाने लगा। पुलिस बल के द्वारा उक्त स्कॉर्पियो को पीछा कर पकड़ा गया। वाहन चालक से कड़ाई से पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम मो० इस्लाम उर्फ राजा, पिता-मौ० निजाम, थाना-मुजफ्फरपुर, जिला-वैशाली (बिहार) बताया। बताया कि वाहन की तलाशी करने पर वाहन में 25 पेटी रॉयल चौलेंज जिसमें प्रति पेटी में 750 एम०एल० की 12 बोतल थी कुल 300 बोतल (225 लीटर) अवैध शराब बरामद किया गया। चालक से पूछताछ करने पर चालक द्वारा बताया गया कि इसके साथ एक ग्रे कलर की वैग्नार जिसका वाहन सं०-बीआर-068ए-0716 है से दो व्यक्ति जिनका नाम 1. संजीव कुमार सिंह एवं 2. चालक अभिषेक कुमार है यह अवैध नकली शराब उन्ही का है। जो की पीछे से आ रहे हैं। वाहन चेकिंग अभियान जारी रखा गया कुछ देर के बाद एक ग्रे कलर की वैग्नार आती दिखाई दी। वाहन को रोकने का ईशारा करने पर वाहन चालक द्वारा वाहन रोक दिया गया।

183 बच्चों को दिया गया प्रमाण पत्र

आधुनिक युग में कंप्यूटर की शिक्षा आवश्यक : रेणु देवी



नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड के बाजार रोड के साईं कम्प्लेक्स स्थित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान सत्र 2024/25 बैच के छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस आधुनिक युग में कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने निदेशक दिलीप कुमार नायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले लोगों को कम्प्यूटर की शिक्षा के लिए प्रखंड से बाहर जाना पड़ता था। लेकिन बरकट्ठा में जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान में बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा मिलना हम सभी के लिए गौरव की बात है। समारोह में 183 छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वहीं संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि कम खर्च में जन जन तक कम्प्यूटर का ज्ञान पहुंचाना है। समारोह में शिक्षक छत्रु प्रसाद, बाबूलाल यादव, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, प्रिंसिपल रानी कुमारी, शिक्षिका स्नेहा बर्णवाल, मिडिया प्रभारी ईश्वर यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

अवैध बालू मामले में प्रशासन हुआ सख्त, बिचौलिए परेशान

बालू मामले में पहले भी कारवाई हुई है, आगे भी रहेगी जारी : सीओ

अधिकृत बालू घाट की हो घोषणा, जीवन यापन का है सवाल : बालू बिक्रेता

नवीन मेल संवाददाता। बरही उपायुक्त हजारीबाग के निदेर्शानुसार अवैध बालू उत्खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन सख्त हो चुका है. सीओ अमित किस्कू ने बताया कि बालू उत्खनन पर कारवाई पहले भी की जा रही थी. इस मामले में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाए गए है, कई लोग जेल भेजे जा चुके हैं और कईयों ने दंड भी जमा किया है. बरही प्रखंड क्षेत्र में एक भी बालू घाट की सरकारी नीलामी नहीं की गई है. इसलिए इन क्षेत्रों से बालू उत्खनन या परिवहन करते पकड़े जाने पर नियम संगत कारवाई होगी. स्थानीय प्रशासन इस दिशा में गोपनीय रूप से भी नजर रख रही है. निर्माण कार्य के लिए बालू की आवश्यकता पर उन्होने दो टूक कहा कि उन्हें सरकार का निर्देश प्राप्त है, जिसका अनुपालन करवाना उनका दायित्व है. सीओ



के इस बयान से चोरी छिपे बालू बेचने वालों में हड़कंप मचा है. बीते दो दिनों से अवैध बालू ढुलाई नहीं के बराबर देखे गए हैं. जानकारी के अनुसार बैरिसाल, कोल्हुआकला, बराकर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बालू की ढुलाई लगातार हो रही है. नाम नही छापने के शर्त पर एक ट्रैक्टर चालक ने बताया कि बालू परिवहन पर रोक लगाने से उनका धंधा बंद के कगार पर हो चुका है. जो उनके जीवन यापन का सवाल है. कई लोग ऋण पर ट्रैक्टर लिए है, जिन्हे किस्त चुकाना है, परिवार का भरण पोषण भी करना है. जो चिंता का विषय है. वहीं कंस्ट्रक्शन कार्य करवा रहे लोगों ने भी कहा कि बालू घाट नही होने के कारण लोगों को औने पौने दाम पर चोरी छिपे बालू खरीदने पड़ रहे है. इस दिशा में स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन को कोई ठोस पहल करने की आवश्यकता है. जिससे लोगों को सुगमता से बालू मिल सके और किसी का धंधा भी बंद नहीं हो.

आतंकी हमले के विरोध में दुकानदारों ने बंद किया बाजार

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड में रविवार को दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानें बंद रखीं। बाजार बंद होने से पूरे क्षेत्र की सड़कें वीरान नजर आईं और इंदिरा चौक सहित अन्य प्रमुख स्थल भी पूरी तरह सुनसान रहे।स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की। शनिवार को भी केरसई के नागरिकों ने आतंकी घटना के विरोध में एक कैंडल मार्च निकाला था, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई।बंद के दौरान कोई जबरदस्ती या अपील नहीं की गई थी, बल्कि लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस शांतिपूर्ण विरोध से पूरे क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश और एकता का संदेश गया।

अंजुमन इस्लामियां ने पहलगाम हमले के विरोध में निकाला मार्च

कोलेबिरा। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या के विरोध में अंजुमन इस्लामिया नवाटोली और अंजुमन इस्लामिया कोलेबिरा द्वारा मसाल जुलूस आयोजित किया गया। यह जुलूस कोलेबिरा रण बहादुर सिंह चौक से प्रारंभ होकर कोलेबिरा मुख्य चौक होते हुए कोलेबिरा थाना मोड़ तक पहुंचा, और फिर रण बहादुर सिंह चौक पर पाकिस्तान सरकार का पुतला दहन करके समाप्त हुआ।इस मसाल जुलूस में भारी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने भाग लिया और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान सरकार होश में आओ, हिंदुस्तान कठोर कार्रवाई करो, हम तुम्हारे साथ हैं, पहलगाम के गुनहगारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए।अंजुमन इस्लामिया के सदर शहजाद हसन ने इस अवसर पर कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 28 निर्दोष भारतीयों की हत्या कर एक बार फिर अपनी आतंकवादी मंशा को प्रदर्शित किया है, जिसे हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि इस घटना में शामिल सभी आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और हमारी सेना से अपील की कि वह

इन आतंकवादियों को ढूंढकर समाप्त कर दे।इस मौके पर शहजाद हसन, मुमताज आलम, अमजद खान, तुफैल अंसारी, फजलु होता, खजमुद्दीन मियां, सिराजुद्दीन मियां, अख्तार आलम, बारीक हसन, इम्तियाज आलम, खुर्शीद आलम, हैदर अली, मंसूर खान, बदरुद्दीन मियां, समीर अहमद, ताजमहल अहमद, फिरोज अहमद, बलिक हसन, साहिल आलम, अज्जू आलम, मुन्ना आलम, राजीक हुसैन, राजू खान, जमील अंसारी, जमील मियां, हसन आलम, इस्लाम आलम के अलावा अंजुमन इस्लामिया कोलेबिरा और अंजुमन इस्लामिया नवटोली के कई सदस्य उपस्थित थे।

आतंकी हमले के विरोध में श्रद्धांजलि सभा और शांति मार्च, हुरदा गांव रहा बंद

नवीन मेल संवाददाता

बानो। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या के विरोध में रविवार को प्रातः 8:00 बजे से हुरदा गांव पूर्णतः बंद रहा। जिला मुख्यालय से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र हुरदा में समस्त ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रद्धांजलि सभा सह शांति मार्च का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में जमताई, गेनमेर और रायकेरा पंचायत के 18 गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद शांति मार्च निकाला गया, जिसमें पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारे लगाए गए।हिंदू जागरण, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल समेत सभी धर्म संप्रदाय के लोगों ने मिलकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभा को संजय कुमार वर्मा उमेश प्रसाद रवानी , जयप्रकाश सिंह, रोबी लकड़ा, बालेश्वर ना, जसवीर, राजेश बड़ाइक, मनुवेल मुंडा, ओमीन सिंह, नरेन्द्र, मदन, कालीचरण, वीरेंद्र, योगेंद्र, जमताई पंचायत मुखिया नामजान जोजो, रायकेरा पंचायत मुखिया सोमा पाहन, राम भजन साहू और यशवंत ने संबोधित किया।व्यवस्था में संतोष, फिटुग, चंदा, चुमेश्वर, बलदेव, रामकिशोर और सुरेंद्र ने सहयोग दिया। उपस्थित ग्रामीणों के लिए शरबत और चना-गुड़ से जलपान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागरण के प्रदेश सदस्य शिव शरण सिंह ने किया।

बानो: डाक बंगला परिसर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक, पहलगाम हमले की कड़ी निंदा

नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो डाक बंगला परिसर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष विकास साहू और बानो पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने संयुक्त रूप से की।बैठक में सनातन समाज में बढ़ती जड़ता पर गंभीर चर्चा हुई और विश्व हिंदू परिषद की समिति के पुनर्गठन एवं विस्तार पर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए हिंदू पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थक आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय है।सभी उपस्थित लोगों ने एक सुर में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से कठोर कदम उठाने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएं असहनीय हैं और अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बैठक में राजू साहू, गंगा सिंह, विजय उपाध्याय, विकास साहू, ललित बड़ाइक, महेश सिंह, तिलकु चौरसिया, उदय सिंह, विश्वनाथ बड़ाइक, बिल्लू अग्रवाल, बालमुकुंद सिंह, विकास मघैया, धीरज गुप्ता, अनुप साहू, विकास सिंघल, विनोद कश्यप, रामचंद्र साहू, रविकांत ठाकुर, संजय बड़ाइक, अरविंद साहू, विकास रंजन, लोदो सिंह, नवीन बड़ाइक, विजय सोनी, विनोद, महिपाल सिंह, मंटु, बिनय कश्यप समेत सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित थे।

आतंकी हमले के विरोध में सरना समाज ने निकाली आक्रोश कैंडल मार्च रैली

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों के सम्मान और पाकिस्तान के विरुद्ध विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार संध्या 8:00 बजे सरना सनातन समाज के बैनर तले कैंडल मार्च और जन आक्रोश रैली निकाली गई।शिव मंदिर के समीप नेशनल हाईवे चौक से निकली इस रैली में "पाकिस्तान मुर्दाबाद", "नरेंद्र मोदी बदल लो हम तुम्हारे साथ हैं" जैसे नारों के साथ आक्रोश व्यक्त किया गया। रैली ठेठईटांगर मुख्यालय चौक तक गई, जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभा के दौरान आतंकी हमले में शहीद हुए सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।कैंडल मार्च और आक्रोश रैली में प्रसन्न कुमार सिन्हा पिंटू, नरेंद्र बड़ाईक, मिथिलेश पांडे, जगन्नाथ कुमार, प्रधान सोनू

बड़ाईक, आदित्य प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, जय कुमार, अरविंद कुमार, गौतम यादव, परमानंद नून, अजय ठाकुर, सुरजन प्रधान, विजय ठाकुर, प्रिंस कुमार, धनंजय ठाकुर, मुन्ना कुमार, अमन कुमार, आकाश दास, रोहित कुमार, दिलीप दास, पंकज पांडे, राहुल दास, पिंकू कुमार, मोहित कुमार, परमानंद दास, अंकेश कुमार, रामनाथ महतो सहित सरना सनातन समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

टोटो चालक संघ की बैठक, मजदूर दिवस पर आयोजित जुलूस की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में टोटो चालक संघ की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के सचिव यासीन शेख ने की, जबकि मुख्य रूप से मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में टोटो चालक संघ के रूट चार्ट को अंतिम रूप दिया गया। मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर टोटो चालक संघ एक विशाल जुलूस का आयोजन करेगा, जिसमें सभी ऑटो चालक भाई भाग लेंगे। उन्होंने सभी टोटो चालक भाइयों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने काम बंद करके जुलूस में शामिल होंगे।राजेश कुमार सिंह ने यह भी कहा कि जो संगठन के विरोध में काम करेंगे, उन्हें यूनियन से निष्कासित कर दिया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसी भी ऑटो चालक से दुर्घटना होने पर तुरंत संगठन के अध्यक्ष को सूचना दी जाएगी। इसके अलावा, जो भी टोटो चालक अपनी पहचान पत्र नहीं लाएंगे, उन पर 1100 का जुर्माना लगाया जाएगा।श्री सिंह ने कहा कि सभी नए टोटो चालकों को पहले यूनियन में अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और अपना आधार कार्ड, फोटो, और मोबाइल नंबर संगठन के सचिव के पास जमा करना होगा।बैठक में राजेश कुमार सिंह, यासीन शेख, गुड्डू आलम, मनोज अग्रवाल, तबरेज आलम, इंतजार आलम, विल्सन, अजय गुप्ता, वसीम खान और अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

बानो आरसी चर्च में बेहोश होने के बाद महिला की मौत, परिवार में पसरा मातम

बानो। बानो प्रखंड के बादलूंग गांव की एक महिला की अचानक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बादलूंग निवासी 55 वर्षीय लिलिमा भंजर रविवार को उजला रविवार के अवसर पर आरसी चर्च, बांकी गई थीं। इसी दौरान वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं।मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो पहुंचाया। हालांकि, वहां प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सा

प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि महिला की मौत रास्ते में ही हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना ने त्वरित पहल करते हुए शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और शव को बादलूंग गांव भिजवाया।लिलिमा भंजर की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

डॉ. रोज केरकेट्टा को श्रद्धांजलि, खड़िया भाषा के क्षेत्र में योगदान को किया गया याद

सिमडेगा। प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन की ओर से रविवार शाम 5 बजे सोनारटोली स्थित फाउंडेशन की अध्यक्ष ग्लोरिया सोरेंग के आवास पर देश की सुप्रसिद्ध साहित्यकार और कवयित्री डॉ. रोज केरकेट्टा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग और उनके पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर इंदुमती सोरेंग ने डॉ. रोज केरकेट्टा के जीवन और कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. केरकेट्टा का जाना पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल है।प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन की ट्रस्टी अलीशा टेटे ने बताया कि अगर डॉ. रोज केरकेट्टा नहीं होतीं तो झारखंड में खड़िया भाषा की पढ़ाई संभव नहीं होती। उन्होंने जनजातीय विभाग में खड़िया भाषा को विशेष पहचान दिलाई थी।कार्यक्रम का माहौल भावुक था और सभी ने डॉ. रोज केरकेट्टा के योगदान को नम आंखों से याद किया।

बड़काडुइल में रौतिया समाज की रात्रि चौपाल सह सामाजिक बैठक संपन्न

बानो। बानो प्रखंड के बड़काडुइल में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के तत्वावधान में रात्रि चौपाल सह सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता तपेश्वर सिंह ने की।बैठक में समाज की सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और समाज को आगे बढ़ाने के विषयों पर गहन चर्चा की गई। समाज के लोगों को अवैध जमीन खरीद-बिक्री के प्रति सजग और जागरूक रहने की अपील की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि जो भी रौतिया समाज के सदस्य अवैध जमीन लेन-देन में संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।समाज को बांटने वाली गतिविधियों से सतर्क रहने और विभिन्न सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक प्रयास करने पर भी विचार विमर्श हुआ।बैठक में महेश सिंह, भीमसागर सिंह, अमरपाल सिंह, नकुल सिंह, गीता देवी, अनिल सिंह, अनुप सिंह, रविंद्र सिंह, मनीष कुमार सिंह, सोमारी देवी, रेखा प्रसाद सिंह सहित अन्य कई रौतिया समाज के सदस्य उपस्थित थे।

बरसलोया में अनंत नारायण पंडा को उत्कलीए ब्राह्मण सेवा संघ ने दी श्रद्धांजलि

कोलेबिरा। उत्कलीए ब्राहमण सेवा संघ, जिला इकाई सिमडेगा की ओर से बरसलोया निवासी स्वर्गीय बंशीधर पंडा के सुपुत्र अनंत नारायण पंडा के आकस्मिक निधन पर गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वर्गीय अनंत नारायण पंडा के 12वीं संस्कार के अवसर पर संघ के सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और परिवार को इस विपदा की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।संघ की ओर से पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस मौके पर उत्कलीए ब्राहमण सेवा संघ के जिलाध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही, अरखितानंद देवघरिया, केंद्रीय उपाध्यक्ष धनंजय पंडा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, प्रखंड समिति उपाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी, सचिव प्रमोद पंडा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ बीसी सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम में स्वर्गीय अनंत नारायण पंडा के योगदान को याद करते हुए समाज ने एकजुटता का संदेश भी दिया।

आरसी चर्च में 47 बच्चों ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड के लचरागढ आरसी गिरजाघर में 47 बच्चे बच्चियो ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विशेष मिस्सा पुजा का आयोजन किया गया। जिसमे फादर राजेश केरकेट्टा, फादर राफेल, फादर अलबिनुस ने बच्चो को प्रथम परम प्रसाद संस्कार ग्रहण कराया गया। पास्का पर्व के बाद पहले रविवार को उजला रविवार के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आज 47 बच्चों का पहला परम प्रसाद संस्कार कराया गया। इन बच्चों को पहली बार परम प्रसाद दिया गया। इसके लिए विशेष अनुष्ठान किया गया। परम प्रसाद संस्कार में भाग लेने वाले बच्चे सफेद कपड़े पहनकर तथा हाथों में मोमबत्ती लेकर जुलूस की शक्ल में चर्च में प्रवेश किए। संस्कार करने वाले बच्चे ईश्वर का निवेदन किया व पाठ पढ़ा तथा ईश्वर का धन्यवाद देते हुए परम प्रसाद ग्रहण किया। पल्ली पुरोहित फादर राजेश केरकेट्टा ने संस्कार में भाग लेने वाले बच्चों को एक-एक कर परम प्रसाद ग्रहण कराया गया। फादर राजेश की अगुवाइ ने मिस्सा पूजा संपन्न कराया गया। पल्ली पुरोहित फादर राजेश ने अपने संदेश में कहा कि परम प्रसाद संस्कार लेने से पवित्र आत्मा का वरदान मिलता है। कहा कि इस संस्कार को ग्रहण करने से अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों को संस्कारी तथा अच्छा व्यक्ति बनने का संदेश दिया। फादर ने कहा कि बच्चों का पहला गुरु उसके माता-पिता होते हैं। जैसा माता-पिता संस्कार देंगे बच्चे वैसा ही आगे बढ़ेंगे। कहा कि जिस बच्चे ने आज परम प्रसाद ग्रहण किया उसके दिल में ईश्वर बास कर गए। मनुष्य के दिल में ही ईश्वर का मंदिर होता है। संस्कार ग्रहण करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों व परिजनों ने स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रदर विनोद, ब्रदर आरोग्यमं, ब्रदर बेंजामीन, सिस्टर सुषमा, सिस्टर रेश्मा, अलबिनुस लुगुन, त्योफित डांग, विजय केरकेट्टा, क्लेमेंट टेटे, निकोलस होबो, शीलानंद बागे के आलवा अन्य लोग उपस्थित थे।

युवाओं के आदर्श थे पोप फ्रांसिस : अजय एक्का

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। पश्चिमी जिप सदस्य एवं काथलिक युवा संघ सिमडेगा धर्मप्रांत के पूर्व अध्यक्ष अजय एक्का ने संत पापा फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पोप फ्रांसिस युवाओं के सच्चे आदर्श थे। उन्होंने हमेशा युवाओं के भविष्य की चिंता की और उन्हें बेहतर दिशा देने के लिए प्रेरित किया।श्रद्धांजलि सभा में अजय एक्का ने कहा कि पोप फ्रांसिस ने विश्व स्तरीय काथलिक युवा सम्मेलनों में न केवल युवाओं को संबोधित किया, बल्कि उनके साथ समय व्यतीत कर उन्हें नैतिकता और सकारात्मक सोच की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।पिछले वर्ष विश्व युवा दिवस के अवसर पर पोप फ्रांसिस ने युवाओं से अपने माता-पिता की आज्ञा मानने और उनके संरक्षण में नैतिक जीवन जीने का आह्वान किया था। अपने संबोधनों में उन्होंने रचनात्मक सोच, मानवीय मूल्यों की रक्षा, युद्ध के विध्वंस और युवाओं के जीवन पर इसके प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार करने का संदेश दिया था।अजय एक्का ने कहा कि पोप फ्रांसिस को युवाओं की वर्तमान दशा और दिशा की गहरी चिंता थी। वे अक्सर कहते थे, "मुझे युवाओं से मिलकर पीड़ा होती है जब वे खेल शुरू होने से पहले ही हार मान लेते हैं।" उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और जीवन के मूल्यवान समय का सदुपयोग करने की सलाह दी थी।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संत पापा फ्रांसिस के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

उजाला रविवार पर प्रथम परम प्रसाद ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उजाला रविवार के पावन अवसर पर संत अन्ना चर्च परिसर में प्रथम परम प्रसाद ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर 203 बच्चों ने अपने जीवन का प्रथम परम प्रसाद ग्रहण कर ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया। संपूर्ण कार्यक्रम फादर फबियन की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिनका सहयोग फादर जॉन, फादर प्रदीप, फादर पीटर, फादर सुनील तथा फादर फेडरिक सहित अन्य पुरोहितों ने किया।उजाला रविवार के अवसर पर चर्च परिसर में तीन मिसा पूजा का आयोजन किया गया। पहली मिसा फादर संजय लकड़ा की अगुवाई में सम्पन्न हुई। फादर संजय लकड़ा ने अपने प्रेरणादायक सम्बोधन में कहा, "प्रथम परम प्रसाद बच्चों के आध्यात्मिक जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह पल उन्हें ईश्वर के निकट लाता है और सच्चे मसीही जीवन की ओर अग्रसर करता है। हमें अपने बच्चों को न केवल धार्मिक शिक्षा देनी है, बल्कि उनके जीवन में प्रेम, सेवा और क्षमा के मूल्यों को भी रोपित करना है।"उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए आनंद और कृतज्ञता का दिन है। फादर लकड़ा ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देते रहें और उन्हें हमेशा सच्चाई और न्याय के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करें।पहली मिसा में फादर संजय लकड़ा को फादर डोमिनिक डांग और अन्य पुरोहितों का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके पश्चात दूसरी और तीसरी मिसा भी बड़े श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुई। प्रत्येक मिसा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह से भाग लिया।समारोह के अंत में फादर फबियन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संपूर्ण आयोजन में स्थानीय श्रद्धालु, अभिभावकगण तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए मेहमानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

ईसाई धार्मिक स्थल कचहरी टोंगरी की रक्षा को लेकर ग्राम सभा में बैठक

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। केरसई प्रखंड के पूर्वी तैसेर पंचायत स्थित पाराह टोली में ईसाई धर्म का पवित्र स्थल कचहरी टोंगरी को लेकर ग्राम सभा और अंचल प्रशासन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। प्रशासन इस जमीन का अधिग्रहण विकास कार्यों के लिए करना चाहता है, जबकि ग्राम सभा का कहना है कि बिना प्रस्ताव और सूचना के ऐसा कदम गैरकानूनी है।रविवार को आयोजित ग्राम सभा बैठक में आदिवासी नेता अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि पवित्र क्रूस ईसाई आदिवासियों की आस्था का प्रतीक है, जिसे संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार कानून 2006 के तहत इस जमीन का बंदोबस्ती प्रतिवेदन अनुमंडल कार्यालय में लंबित है, ऐसे में जमीन का अधिग्रहण नियम विरुद्ध होगा।चिराग ने बताया कि ग्राम सभा की मंजूरी के बिना अंचल प्रशासन का कोई भी कदम अवैध माना जाएगा। उन्होंने CNT-SPT एक्ट और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के प्रावधानों का हवाला देते हुए जमीन की सुरक्षा का अधिकार जताया।मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष शिशिर टोप्पो ने भी कहा कि ग्राम सभा के प्रस्ताव के बिना किसी भी बड़ी परियोजना का कार्य क्षेत्र में नहीं हो सकता। उन्होंने सभी ग्रामीणों से 30 अप्रैल को आयोजित अंचल कार्यालय में टेबल टॉक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।बैठक में कुलकांत सोहोर, बिपिन डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि सेराफिना कुल्लू, पल्ली पुरोहित जेम्स लकड़ा, ग्राम प्रधान प्रवीण आनंद सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

3 मई की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

विपक्ष पर साधा निशाना, कहा - आम जन प्रभावित, पूंजीपति हो रहे लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता। बरही आगामी 3 मई को रांची में होने वाले प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली को लेकर प्रखंड कांग्रेसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्वी पंचायत भवन में संपन्न हुआ. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी और संचालन संतोष रजवार ने किया. जिसमे मुख्य रूप से पर्यवेक्षक डॉ प्रकाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता , राजू चौरसिया आदि शामिल हुए. सबों में पार्टी के सांगठनिक मजबूती व विकास पर चर्चा किया. पार्टी पर्यवेक्षक ने कहा कि बीजेपी पूरे देश मे हिन्दू मुस्लिम का मतभेद कर देशवासियों का ध्यान मुख्य समस्याओं से ध्यान भटकाने का काम किया हैं. पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पीएम मोदी पीड़ितों की सुधि लेने की बजाए पहलगाम न जाकर बिहार चुनाव के तैयारी मे बिहार चले गए. वहीं उनके नेता राहुल गांधी अमेरिका से सीधे जम्मू कश्मीर जाकर स्थिति का जायजा लिया. जिला उपाध्यक्ष डॉ अंसारी सहित अन्य नेताओं ने भी विपक्ष पर हमला बोलते हुए संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया. जिससे आम लोग प्रभावित और पूंजीपति लाभांवित हो रहे हैं. इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर 3 मई को राजधानी रांची में संविधान बचाओ रैली प्रस्तावित है. इस राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील किया गया. बैठक के अंत में पहलगांव आतंकी हमला की कड़ी निंदा करते हुए मृतकों की आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया. बैठक में राजेन्द्र चौरसिया, तौकीर रजा, जितेंद्र गिरी, विष्णुधारी महतो, बब्लू , कार्तिक पासवान, मो गुलजार, छोटन ठाकुर, मो तैयब अंसारी, विनोद यादव, मो जमीरउद्दीन, मुकेश पासवान, प्रकाश विश्वकर्मा, रिजवान अली, अशोक सिंह आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

सरायकेला में लड़की के अपहरण से मचा बवाल

कई दुकान में लगाई आग पथराव में पुलिसकर्मी घायल

नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला जिले के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमरी गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. घटना उस समय भड़की जब मोहम्मद शकील नामक शख्स के बेटे मोहम्मद तस्लीम पर एक लड़की का अपहरण करने का आरोप लगा. इससे आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने झिमरी हाट बाजार स्थित आरोपी से जुड़े कई दुकानों में तोड़फोड़ कर आगजनी कर दी. सूचना मिलते ही उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. हालात को नियंत्रित करने के प्रयास के दौरान उग्र भीड़ ने पुलिस बल पर पथराव कर दिया, जिसमें दो से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. स्थिति बिगड़ता देख पुलिस को हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. फिलहाल गांव और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और तनाव का माहौल बना हुआ है. प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि क्षतिग्रस्त दुकानों की आग पर फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया गया है.

न्यूज बॉक्स

अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में कर्मचारियों से मारपीट

बोकारो। अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में भर्ती एक मरीज के परिचितों ने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ मारपीट की. इसके कारण अस्पताल में अफरा-तफरी मच गयी. मिली जानकारी के अनुसार सुभाषनगर निवासी सोहन ठाकुर को मधुमक्खियों ने काट लिया था. उनके पुत्र अंशु ठाकुर ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया. अंशु के 12-15 दोस्त अस्पताल पहुंचे और शोर करते हुए जहां-तहां घूमने लगे. अस्पताल के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मी मझर इमाम ने हल्ला नहीं करने को कहा तो वह लोग मारपीट करने लगे. बीच-बचाव करने पहुंचे ड्रेसर आशुतोष शर्मा के साथ भी मारपीट की. इसके बाद आरोपी भागने लगे. अस्पताल के कर्मचारियों ने पीछा कर तीन युवकों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया. पुलिस जांच में जुटी है. अस्पताल के कर्मचारियों ने अस्पताल प्रबंधन से सुरक्षा की गुहार लगायी है.

मिस्टर और मिस ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन के ग्रैंड फिनाले में शामिल हुईं शेफाली

हजारीबाग। रांची स्थित धरोहर बैंक्वेट एंड मैरिज हॉल में मिस्टर और मिस ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन 2025 के ग्रैंड फि नाले में भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुई। जहां उनका स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन कर अतिथि वंदन किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत एवं बतौर अतिथि कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर आयोजकों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की। इस दौरान मिस्टर और मिस ईस्टजोन शानदार फैशन शो में झारखंड, बिहार एवं बंगाल प्रदेश के कई प्रतिभागियों ने फैशन शो ग्रैंड फि नाले में प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन की। जिसमें मुख्य रूप से ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन के निदेशक रिषभ सिन्हा शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता के रूप में आश्रय फाउंडेशन रहा। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आत्मविश्वास बढ़ता है। अपनी प्रतिभा को दिखलाने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

टाटानगर स्टेशन से शातिर चोर गिरफ्तार

जमशेदपुर । रेल पुलिस (जीआरपी) ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध स्थिति में घूम रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक दिल्ली के सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र के शनि बाजार रोड का रहने वाला है. तलासी लेने पर उसके पास से एटिवन 2 एमजी की दवा बरामद हुई, जो आमतौर पर लोगों को बेहोश करने में इस्तेमाल होती है. साथ ही एक चोरी का मोबाइल भी मिला. पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को बेहोश कर उनके सामान की चोरी करता था.मिली जानकारी के अनुसार, युवक प्लेटफार्म पर घूम रहा था. शक होने पर जीआरपी थाने की पुलिस ने उसे पकड़ा और पूछताछ की. पूछताछ के दौरान युवक घबरा गया. पुलिस ने उससे आधार कार्ड मांगा और छानबीन शुरू की. लेकिन आधार कार्ड में दर्ज नाम व पता उसके द्वारा बताए नाम व पता से मेल नहीं खाया. इसके बाद पुलिस उसे जीआरपी थाना ले गई. पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को निशाना बनाता है.

ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी

गावां गिरिडीह। गावां पंचायत भवन के बगल में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना ग्रामीणों से विधायक बाबुलाल मरांडी को दिया गया। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। विधायक के आदेशानुसार 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। बिजली बहाल होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, बिक्कू कुमार, जशिम खान, सुविर भास्कर, संतोष राम आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने इसके लिए विधायक का आभार जताया।

तालाब से मिले दो व्यक्तियों के शव, जांच में जुटी पुलिस

गिरिडीह। दो अलग अलग घटनाओं में तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना पाचंबा थाना क्षेत्र के सोना अहरा की है. यहां रविवार सुबह एक युवक की लाश तालाब में देखी गई. मामले की सूचना पर पाचंबा थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है. स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पवन कंधवे ने बताया कि रविवार को उन्हें सूचना मिली थी कि तालाब में एक युवक डूब गया है. जिसके बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकाला. बताया जा रहा है कि युवक की पहचान पाचंबा थाना इलाके के पेठियाटांड निवासी गुड्डू के रूप में हुई है. मृतक गुड्डू, पाचंबा चौक के आसपास ठेला लगाता था. सामाजिक कार्यकर्ता पवन का कहना है कि गुड्डू की मौत कैसे हुई? इसकी जांच होनी चाहिए. जबकि गुड्डू के परिजनों का कहना है कि वह शनिवार शाम से घर से नहीं आया था. रविवार के दिन पाचंबा थाना इलाके के खरियोडीह में 45 वर्षीय शख्स की लाश मिलने से सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान लखारी निवासी योगेंद्र दास के रूप में हुई है. पूर्व मुखिया दीपक दास ने बताया कि योगेंद्र दास, शुक्रवार से ही लापता था. इस बीच रविवार को यह सूचना मिली कि किसी की लाश तालाब में देखी गई है. वे लोग यहां पहुंचे तो देखा कि योगेंद्र दास की लाश तालाब में थी. इधर मृतक की मां का कहना है कि उसके बेटा का किसी से झगड़ा नहीं था. राजीव कुमार, पाचंबा थाना प्रभारी ने कहा कि 'रविवार को अलग अलग लोगों ने सूचना दी कि थाना इलाके के सोना अहरा और खरीयोडीह डैम में लाश मिली है.

राखामाइंस स्टेशन के पास सरकारी जमीन पर बना होटल ध्वस्त

जादूगोड़ा। पूर्वी सिंहभूम जिले के राखामाइंस रेलवे स्टेशन के समीप सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर बने अवैध होटल को पोटका सीओ निकिता बाला ने शनिवार को ध्वस्त करवा दिया. इस अवैध होटल का निर्माण शिशिर पात्रो ने कराया था, सीओ निकिता बाला ने बताया कि आरोपी शिशिर पात्रो को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार नोटिस दिया गया था, इसके बावजूद उसने होटल का निर्माण करवा डाला. अंततः दंडाधिकारी की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन पर बने होटल को ध्वस्त कर दिया गया.

झारखंड कोलियरी में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

केदला। सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना वर्कशॉप में रविवार को शशि भूषण कुमार परियोजना अभियंता उत्खनन के पदोन्नति के साथ साथ ईसीएल ट्रांसफर होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खान प्रबंधक विजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुके देकर शशि भूषण कुमार का स्वागत किया। परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय ने कहा कि शशि भूषण कुमार तेज तरार और व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं। कैसे काम करना है और अपने सह कर्मियों से कराना है ये सभी गुण इनमें व्याप्त है। निश्चित रुप से आने वाला भविष्य इनका काफी उज्जवल है। परियोजना के तमाम लोगों की तरफ से इनके पदोन्नति पर बहुत बहुत बधाई और भविष्य और बेहत करें इसके लिए शुभकामनाएं। मौके पर संजीव यादव, सौरभ तिवारी, अविनाश पांडे, विशाल चंद, अमित कुमार, जगनारायण राम, जयप्रकाश झा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, जेपी राणा, पप्पू, कौशलेंद्र कुमार गुप्ता, राजकुमार साव, मो रफीक, सुनील मिश्रा सहित दर्जनों कामगार उपस्थित थे।

गुदड़ी प्रखंड में मोबाइल नेटवर्क नहीं है उपलब्ध

अबुआ सरकार में होगा समाधान : जोबा मांझी

गुदड़ी प्रखंड अब विकास में पीछे नहीं रहेगा। यहां सबसे पहले मोबाइल कनेक्टिविटी का काम किया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता। सोनुवा पश्चिमी सिंहभूम के पिछड़े प्रखंड में गुदड़ी प्रखंड के नक्सल प्रभावित सुदूर बांदु पंचायत में रविवार को सांसद जोबा मांझी और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत मांझी पहुंचे और उनकी समस्याओं को जाना। उनके गांव में पहली बार किसी सांसद और विधायक के आने से वे खुश थे। ग्रामीणों ने मोबाइल कनेक्टिविटी, एफसीआई गोदाम, अस्पताल, सड़क, बिजली, पेयजल समेत सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा आप लोगों ने मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर काफी परेशानी उठायी है। अब, राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार हैं। आपकी एक-एक समस्याओं का समाधान करेंगे। वहीं विधायक जगत मांझी ने कहा गुदड़ी प्रखंड अब विकास में पीछे नहीं रहेगा। यहां सबसे पहले मोबाइल कनेक्टिविटी का काम किया जाएगा। इसके अलावा सड़क और अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। बांदु, कामरोड़ा, बिरकेल पंचायत में सड़क निर्माण के लिए सर्वे का काम चल रहा है जल्द ही यहां धरातल पर काम दिखने लगेगा। मौके पर रनिया के जिप सदस्य बीरेन कंडुलना, गुदड़ी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ़, बांदु के उप मुखिया नरेश लुगुन, अकबर खान, रोलेन बरजो, जोगेंद्र भुइयां, विलबर तिलमिम, पीटर टोपनो, मसीह प्रकाश तिलमिम, योगेंद्र भुइयां समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

तिसरी में तीन माह पूर्व बनी पीसीसी सड़क की स्थिति खराब

ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता। तिसरी जिला योजना अनावद निधि यानि एनआरइपी विभाग द्वारा तिसरी प्रखंड मुख्यालय में तीन माह पूर्व बने पीसीसी सड़क की स्थिति अभी से ही खराब हो गई है। सड़क बीच से ही टूट चुका है, जबकि कई जगह दरारें भी पड़ गई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। वहीं मामले की शिकायत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल और समाजसेवी राजकुमार शर्मा भी रविवार को उक्त सड़क का जायजा लेने पहुंचे। रिंकू बर्णवाल ने मौके से ही जेई को फोन कर इसकी जानकारी दी। लेकिन जेई द्वारा फोन पर दिए गए प्रतिक्रिया से प्रखंड अध्यक्ष नाराज हो गए। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि इस पीसीसी में केवल डेढ़ से दो इंच ही ढलाई की गई है। वहीं अच्छी गुणवत्ता वाले ईंटो का भी प्रयोग नहीं किया गया जिसके कारण सड़क तीन महीने में ही जवाब दे गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में अनियमितता बरती गई है और ठेकेदार व जेई की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत करने की बात कही है। वहीं समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने ठेकेदार का लाइसेंस रद करने और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस बाबत ग्रामीण महेश बरनवाल और मुकेश बरनवाल ने कहा कि सड़क निर्माण में मात्र 1 से 2 इंच तक ढलाई की गई है,जबकि निर्धारित मानक 4 इंच है। निर्माण में गले हुए ईट का उपयोग किया गया है, जिससे सड़क की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में एनआरइपी के जेई दशरथ शर्मा ने सभी आरोपों गलत है बताते हुए जांच करने की बात कही।वहीं संवेदक रूबी देवी ने कहा कि पहले से बनी पुलिया ऊंचा रहने के कारण वहां सड़क क्षतिग्रस्त हुई है,उसमे जल्द सुधार किया जायेगा।

विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

रामगढ़। विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त जिहादी आतंकवादियों ने जानलेवा हमला में 28 हिन्दू पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है। इस कड़ी में विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन रामगढ़ की ओर से होटल मनोहर रेसीडेंसी के सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। ब्रह्मण संघ ने कहा कि इस तरह की हरकत को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। आतंकियों को सख्त से सख्त सजा देनी होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, झारखंड उपाध्यक्ष नवीन पाठक, अशोक कुमार पांडेय, मुना मिश्रा, अरुण बनर्जी, अजय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

उत्पाद विभाग ने जब्त की 320 लीटर महुआ शराब

नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई गावां थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव कुरहा में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग ने अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए पांच हजार चार सौ किलो जावा महुआ और तीन सौ बीस लीटर शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग को अवैध शराब की सूचना मिली थी। जिसके बाद अवर उत्पाद निरीक्षक राजीव रंजन व गावां थाना पुलिस के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई। रेड में अवैध शराब की भट्टी को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा पांच हजार चार सौ किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं विभाग ने तीन सौ बीस लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त कर लिया।

गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई

अवर उत्पाद निरीक्षक राजीव रंजन ने कार्रवाई को लेकर कहा कि अवैध शराब के खिलाफ गुप्त सूचना मिली थी कि गावां प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव में व्यापक पैमाने पर अवैध रूप से भट्टी का संचालन किया जा रहा है। वहीं उत्पाद विभाग की छापेमारी पड़ते ही संचालक फरार हो गया है। उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि भट्टी संचालक मुन्ना साव व दिनेश साव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

देश का संविधान बदलना चाहती है बीजेपी : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर कांग्रेस झारखंड में आगामी 3 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ महारैली को सफल बनाने के लिए बैठक कर रही है. इस महारैली को सफल बनाने के लिए खिजरी से कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने जमशेपुर में बैठक कर रैली से जुड़ी तैयारियों की जानकारी दी. कांग्रेस विधायक संविधान की लाल किताब को दिखाते हुए कहते हैं कि देश में संविधान बचाने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। अब बीजेपी की हिटलर नीति नहीं चलेगी. विधायक राजेश कच्छप ने पहलगाम घटना पर कहा पाकिस्तान-हिंदुस्तान में कोई अंतर नहीं है. पाकिस्तान, हिन्दुस्तान को बांटना चाहता है और केंद्र सरकार हिन्दू मुस्लिम को दो भागों में बांटना चाहती है. जमशेदपुर दौरे पर कांग्रेस विधायक दल के उप नेता बिष्टुपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय के तिलक पुस्तकालय में नेताओं और कार्यकताओं के साथ राज्य स्तरीय होने वाली संविधान बचाओ महारैली को लेकर बैठक की. बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. इस बैठक में विधायक विधायक राजेश कच्छप ने जिला प्रखंड स्तर से अधिक से अधिक संख्या में रांची के शहीद मैदान में होने वाली संविधान बचाओ महारैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिए. मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस विधायक ने कहा कि बीजेपी कूटनीति के साथ देश की संविधान को बदलना चाहती है लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी.

पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति ने पाकुड़ का किया दौरा

नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़ झारखंड विधानसभा के पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति उदय शंकर सिंह पाकुड़ जिला का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले में पर्यावरण को ठीक रखने और प्रदूषण से लोगों को मुक्ति दिलाने में काफी कार्य किए जाने हैं. इसके लिए अधिकारियों और कोल कंपनी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है. समिति के सभापति उदय शंकर सिंह ने कहा कि पाकुड़ जिले में प्रदूषण को लेकर जिस तरह का माहौल हुआ है, यह अन्य जिलों की तुलना में काफी कम है. लेकिन यहां अभी भी कई तरह के कार्य बाकी है. जिसे पूरा करने का निर्देश दिया गया है. सभापति ने कहा कि यहां सड़क किनारे पौधारोपण और मालवाहक वाहनों को कवर से ढक कर ले जाने की आवश्यकता है. जिससे प्रदूषण कम होगा और लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा. सभापति ने कोयला परिवहन ढोने वाले रास्ते को दुरुस्त करने का निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही सड़कों में पानी का छिड़काव भी करने का निर्देश दिए गए हैं. समिति अध्यक्ष ने कहा कि कोल कंपनी जल्द सीएसआर पॉलिसी से कोयला परिवहन के लिए सड़क का निर्माण कराएं, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े. समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ जिला परिषदन के सभागार में बैठक की. समिति के सदस्यों ने जिले के महेशपुर, अमरापाड़ा, पाकुड़ सहित कई इलाकों में चल रहे पत्थर खदान, क्रशर, संचालित कोयला खदान का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण टीम में सभापति के अलावा सदस्य जिगा सुसारण होरो, संजीव सरदार आदि शामिल थे. बता दें कि पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा प्रखंड में दो कोल कंपनी कोयला का उत्खनन और परिवहन करने का काम करती है. कोल कंपनी अमरापाड़ा माइंस से पाकुड़ सदर प्रखंड के लोटामारा रेलवे साइडिंग और अमरापाड़ा से दुमका रेलवे साइडिंग तक वाहनों से कोयला परिवहन किया जाता है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खायीं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - **प्रेमचंद**

संपादकीय

पाकिस्तान की दीदादिलेरी और सीनाजोरी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक रूप से कबूला है कि पाकिस्तान सरकार तीन दशकों से आतंकी संगठनों को समर्थन और प्रशिक्षण देने का 'गंदा काम' करती आई है, पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को तो उजागर करता ही है, भारत के उस दावे की भी पुष्टि करता है, जिसे वह दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोहराता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पनाहगाह है। यह कबूलनामा उस नीति की पोल भी खोलता है, जिसमें पाकिस्तान ने एक ओर खुद को आतंकवाद का शिकार बताया, वहीं दूसरी ओर आतंक को अपनी रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया। चाहे वह अफगानिस्तान में तालिबान को समर्थन देना हो, या भारत के खिलाफ जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तोइबा जैसे संगठनों को पनाह देना-पाकिस्तान की भूमिका हमेशा संदेह के घेरे में रही है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है, जिसकी जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली, जो पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तोइबा का एक मुखौटा संगठन है। पाकिस्तान ने अपनी आदत के अनुसार इस हमले के पीछे भारत का हाथ होने के आरोप लगाकर मामले को और जटिल करने की कोशिश की, लेकिन यह कबूलनामा उसके दावों को खोखला ही साबित करता है। अलबत्ता यह बयान वैश्विक राजनीति और आतंकवाद के अंतर्संबंधों पर भी गंभीर सवालिया निशान लगाता है। यह अमेरिका व पाकिस्तान के गठजोड़ की उस स्याह सच्चाई को भी उजागर करता है, जो दशकों से दक्षिण एशिया की शांति को निगलती रही है। यह पहला अवसर नहीं है, जब पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठे हैं, पर यह पहली बार है, जब खुद पाकिस्तान के एक शीर्ष मंत्री ने माना कि उन्होंने विदेशी हितों-खासकर अमेरिका-की पूर्ति के लिए आतंकी संगठनों को समर्थन व धन मुहैया कराया था। यह दरअसल, उस राष्ट्र की आत्म-स्वीकृति है, जिसने हमेशा आतंकवाद को एक रणनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया।आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में पाकिस्तान की यह स्वीकारोक्ति एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उस सच्चाई से रू-ब-रू कराती है, जिसे भारत लंबे समय से उजागर करता आया है। भारत को इस कबूलनामे को एक कूटनीतिक अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त ढंग से उठाना भी चाहिए। जब एक देश का रक्षा मंत्री खुद यह मान रहा है कि उनका देश 'गंदा काम' कर रहा था, तो फिर इस पर चुप्पी आतंकवाद को और बल देने वाली होगी।

कबूलनामा उस नीति की पोल भी खोलता है, जिसमें पाकिस्तान ने एक ओर खुद को आतंकवाद का शिकार बताया, वहीं दूसरी ओर आतंक को अपनी रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया।

पहलगाम में हिंदुओं की पहचान कर मार दी गयी गोलियां यह एक जिहादी आतंकी हमला

क्या पहलगाम में मरने वाले मृतक हैं? पर्यटक हैं? मारने वाले चरमपंथी हैं? आतंकी हैं? शायद हम शब्द चयन में वही बुनियादी गलती कर रहे हैं जो 75 साल से करते आ रहे हैं। जिन 26 लोगों को मौत के घाट उतारा गया है वे हिंदू थे। इसीलिए किसी ने उनकी जात, प्रान्त, भाषा नहीं पूछी केवल कलमा पढ़ाया और जो नहीं पढ़ पाए वे मौत के घाट उतार दिए गए। यह जिहादी प्रैक्टिस है।जी हां,यह घोषित जिहाद है।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। जिहादी आतंकवादियों ने हिन्दुओं का खून बहाया है। इंटेलिजेंसह इनपुट के अनुसार इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली, पहलगाम हमला में जो 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का जिहादी आतंकी संगठन है। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिन्दू रहते हैं। आखिर हिन्दुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके वह जिहादी या गैर मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेकों आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गजनवी, मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग,अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं।भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों, में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़यां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिन्दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं। वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं,उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता,जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत्य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैण्ड जिहाद, धर्म परिवर्तन, हिंदू धार्मिक शोभा यात्राओं पर पथराव जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है। अन्य मजहब की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पन्थ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे 'अपने' हैं और बाकी सब 'गैर' और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूँकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज पहलगाम के जिहादी आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है, दार-उल-हर्ब है,और इस्लामी सिद्धान्तों के अनुसार मुसलमानों द्वारा जिहाद की घोषणा करना न्यायसंगत है। वे जिहाद की घोषणा ही नहीं कर सकते, बल्कि उसकी सफलता के लिए विदेशी मुस्लिम शक्ति की मदद भी ले सकते हैं, और यदि विदेशी मुस्लिम शक्ति जिहाद की घोषणा करना चाहती है तो उसकी सफलता के लिए सहायता दे सकते हैं। इस बात के आलोक में पहलगाम, मुर्शिदाबाद के ताजा घटनाक्रम को देखिए। सब कुछ समझ आ जायेगा। इसके बावजूद अगर इस राष्ट्र के नीति निर्धारक, बहुसंख्यक समाज और बुद्धिजीवियों की जमात अगर यह सोच रही है कि कश्मीर में कश्मीरियत, जम्हूरियत और इंसानियत जिंदा है तो कुछ नहीं हो सकता। हालिया पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने जो कहा है वह जल्द ही फलित होगा। हम कैसी आत्ममुग्धता में हैं कि कश्मीर बदल गया है। पत्थर नहीं चल रहे हैं, ढाई करोड़ पर्यटक पहुँचे हैं वहां। इन दलीलों के बीच मीडिया में आज कश्मीर बन्द के फोटो हमें सिर्फ बरगला भर रहे हैं। किसी को 26 वर्बर हत्याओं से सहानुभूति नहीं है। चिंता टूरिज्म से जुड़े धंधे की है। एक और बात जिसकी चर्चा होनी ही चाहिए वह यह कि अगर टूरिज्म चौपट भी हो जाये तो कश्मीर से यह जिहाद शायद ही बन्द हो। पिछले 10 साल में कश्मीर को पर्यटन से करीब 80 हजार करोड़ की आमदनी हुई है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस अवधि में 6 लाख करोड़ वहां खर्च किये हैं। यानी शिकारे खाली पड़े रहे तब भी सरकारी खजाने जिंदाबाद। इसके बदले में भारत को क्या मिल रहा है? जिहाद। भाजपा को क्या मिल रहा है- कश्मीर घाटी की 47 विधानसभा सीटों में से महज 17 लोग उम्मीदवारी भर के लिए। साफ है कश्मीरियत, जम्हूरियत, इंसानियत सब धोखा है। असल उद्देश्य तो केवल जिहाद है। इसीलिए किसी को कल दया नहीं आई, कलमा न पढ़ पाने वालों को कत्ल करने में। दया तो 90 के दशक में लाखों कश्मीरी हिंदुओं पर, कश्मीरियत को नहीं आई थी। दया तो मुर्शिदाबाद में नहीं दिखी सरकार और गंगा-जमुनी बात करने वाले भारतीय समाज को यह कब समझ आएगा कि वह जिहाद से मुकाबिल है और उसे इससे लड़ना ही होगा। इंसानियत, कश्मीरियत के छलावे से निकलना ही होगा। यही वक्त है धरातल की सच्चाई समझकर धर्म युद्ध का।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात

योगाचार्य महेश पाल

शहर के सपनों का सच

पिछली बार जब चौराहे की लाल बत्ती पर रुका था, तभी देखा था। बूढ़ा बिल्ला एक तरफ कोने में, एक पुराने थैले में अपनी संपत्ति ढोता, निराश सा बैठा था। उसकी आंखें ऐसी थीं मानो जैसे किसी चलचित्र में स्टॉप मोशन हो। लोग आते-जाते उसे देखते और बेपरवाही से आगे बढ़ जाते। मानो उसका होना, न होना एक जैसा हो। मन में एक सवाल उठा। क्या उसका यह शहर भी उतना ही अपनों जैसा है जितना वह खुद अपने लिए सोचता था?

पड़ोस की 'चाय की टपरी' पर चर्चा गर्म थी। सरकार के नए मेट्रो प्रोजेक्ट के उद्घाटन का शोर था। सभी उत्साहित थे। अब चौराहे पर जाम नहीं लगेगा। लेकिन बूढ़ा बिल्ला इस आवाज़ के बीच मौन बैठा था। शायद मेट्रो की चमचमाती रेलगाड़ी उसके दुःख की पटरियों पर नहीं चलने वाली थी। चाय वाले भइया ने उसे मुफ्त चाय की प्याली पकड़ाई, जो कि एकमात्र मानवीय क्षण जान पड़ा। समय बदला। बूढ़ा बिल्ला एक दिन दिखा ही नहीं। मेट्रो की नई लाइन बन चुकी थी, और चौराहे का नाम 'डिजिटल चौराहा' हो गया। उसके कोने में अब एक 'फूड ट्रक' खड़ा होता था, जो 'मोमो और पिज्जा' बेचता था। ग्राहक कतार में थे। एक कुत्ता, जो पहले बूढ़े बिल्ले के साथ चुपचाप बैठता था, अब फूड ट्रक के पास बच्चों से प्यार से रोटी मांगता था। शहर ने उसे भी अब समझा लिया था। एक दिन मैंने उस फूड ट्रक वाले से बूढ़े बिल्ले का जिक्र किया। उसने बड़ी ही सहजता से कहा, "अरे भाईसाब, ऐसे लोग आते-जाते रहते हैं। हमारा बिजनेस ही असली सच्चाई है।" मैंने महसूस किया कि यह शहर सपनों का, पर हकीकत का कटु सत्य भी है। बूढ़ा बिल्ला अब किधर है, यह न शहर जानता है न मैं। और शायद, न यह जानने की फुरसत है। नई मेट्रो चल पड़ी है, पर बूढ़े बिल्ले की गाड़ी शायद कहीं पटरी पर ही छूट गई। शहर का चमकता भविष्य, अंधेरे में गुमे एक बूढ़े का मौन सत्य बन चुका था। यह कहानी किसी बूढ़े बिल्ले की नहीं, बल्कि हर उस सपने की है, जो शहर की चकाचौंध में खो जाता है। चाय की टपरी अब 'क्लाउड कैफे' में बदल गई है, पर बूढ़े बिल्ले जैसे लोग अपनी गुमनामी में कहीं बदल नहीं पाए। शहर चलता रहता है, और हम सब अपनी-अपनी 'मेट्रो' में सवार होकर आगे बढ़ते जाते हैं। लेकिन कहीं न कहीं, कोई बूढ़ा बिल्ला, अपने पुराने थैले के साथ, हमें देखता रहता है। शायद पूछता होगा- क्या तुम सच में बढ़ गए हो?

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

झारखंड में निकाय चुनाव का न होना : लोकतंत्र की जड़ों पर कुठाराघात

झारखंड के तेरह नगर निकायों में वर्ष 2020 से चुनाव लंबित हैं और पैंतीस शहरी निकायों का कार्यकाल 2023 में ही समाप्त हो चुका है। गत जनवरी माह में उच्च न्यायालय ने इसके लिए सोलह मई का डेडलाइन मुकर्रर कर रखा है। अप्रैल माह अब समाप्ति पर है परन्तु चुनाव के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। ऐसा तब है जबकि भारतीय संविधान के 74 वें संशोधन के अनुसार वर्ष 1992 से स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। ऐसे में संविधान के अनच्छेद 243 के अनसार प्रत्येक पांच वर्षों में इसका चुनाव अनिवार्य श्रेणी में अधिसूचित है। दुर्भाग्यवश संविधान की इस व्यवस्था के बावजूद झारखंड में जनगणना के अद्यतन आंकड़ों की अनुपलब्धता और ओबीसी आरक्षण पर अदालती रोक का हवाला देकर चुनाव को टाल दिया गया है। यह स्थिति संवैधानिक कर्तव्य के ऊपर कतई नहीं है फिर भी बिडंबना देखिए चुनाव के अभाव में सड़क, जल निकासी, सफाई, स्ट्रीट लाइट, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवनों के नक्शे पास करवाने आदि मूलभूत सेवाओं में गिरावट दर्ज की जा रही है और होल्डिंग टैक्स के नाम पर आम लोगों के शोषण की संभावनाओं के बीच कचरा प्रबंधन व स्वच्छता मिशन जैसे विषय अफसरशाही की फाइलों में कहीं गुम होकर रह गए हैं। लोकतंत्र में निर्वाचित निकाय के न होने का सबसे गंभीर असर लोक जवाबदेही पर पड़ता है और नेतृत्व विहीन जनता के लिए आरटीआई, सामाजिक अंकेक्षण, वार्ड समितियाँ जैसी व्यवस्थाएँ स्वतः निष्क्रिय होने लगती हैं। इसी तरह यहाँ की महिलाओं व शोषित वंचित वर्ग के साथ साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े समाज का नेतृत्व व सामाजिक न्याय की प्रक्रिया लगभग ठहर ही गई है तो दूसरी तरफ झारखंड को शहरी विकास के लिए आवंटित पन्द्रहवें वित्त आयोग की आवंटित राशि से भी वंचित होना पड़ रहा है। यहाँ न्यायालय की वह टिप्पणी प्रासांगिक है जिसमें उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के संदर्भ में यह व्यवस्था दी थी कि "ओबीसीआरक्षण से पहले जनगणना आधारित रिपोर्ट अनिवार्य है पर चुनाव न कराना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।" प्रांतीय सरकारों को सीमाओं व दायित्वों का बोध करानेवाली न्यायपालिका की इस व्यवस्था के बावजूद यदि झारखंड में निकाय चुनाव नहीं हो रहे हैं तो इससे सरकार की ईमानदारी और इच्छशक्ति पर सवाल उठने ही चाहिए क्योंकि इसे सिर्फ प्रशासनिक अक्षमता कहकर भी नहीं टाला जा सकता। इसके लिए कई विकल्प हो सकते थे। जनगणना आंकड़ों के लिए वैकल्पिक उपाय किया जा सकता था, समय रहते ओबीसी आयोग को सक्रिय करके इस अव्यवस्था से बाहर निकला जा सकता था और आरक्षित सीटों पर उपचुनाव की पारदर्शितापूर्ण निर्णय लेकर बिना आरक्षण के भी चुनाव करवाया जा सकता था। इस मामले को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो झारखंड की बदतर स्थिति का आकलन स्वतः किया जा सकता है। बिहार, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे अधिकांश राज्यों में नगर निकायों का समय पर चुनाव कराए जा चुके हैं जबकि झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष आगामी सोलह मई को रिपोर्ट करने बाध्यता के बीच ओबीसी आयोग के अध्यक्ष का पद विगत कई महिनों से रिक्त पड़ा हुआ है, राजधानी रांची का रिपोर्ट अधूरा पड़ा हुआ है और राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त पद पर भी किसी की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि झारखंड में निकाय चुनाव का मामला किसी राजनैतिक नफा नुकसान की भेंट तो नहीं चढ़ गया है? सभी जानते हैं कि स्थानीय निकायों के चुनाव अकसर स्थानीय संगठनों व विपक्ष को सक्रिय करने लगता है और यह असंतोष अंततः राज्य-स्तरीय राजनीति को प्रभावित करने की राह आसान बना सकता है। तो क्या इन चुनावों में बिलंब की नीति अपनाकर सत्ताधारी दल किसी असहज राजनैतिक स्थिति से बचने की जुगत में तो नहीं है? राजनीतिक स्वार्थ की इस टकराहट में मामले को चुनाव आयोग के संज्ञान तक लाने में विपक्ष की चुप्पी भी रहस्यमयी है जबकि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट में तेजी लाकर इस विषय का अविलंब निपटारा किया जा सकता है। हैरानी इस बात पर भी होती है कि पक्ष विपक्ष की ओर से ऐसा कोई संकेत तब नहीं है जब झारखंडी अस्मिता वाले निकायों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का विषय आज किसी प्रशासनिक विफलता का नहीं बल्कि संवैधानिक व राजनीतिक नैतिकता का विषय बन चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात

केदारनाथ दास

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

गेंदें फेंकी जा रहीं, गिरे 'विकिट' यह चाह।
बल्ला ले नायक खड़ा, सबसे बेपरवाह।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

"शरीर को पढ़ने दो कुछ किताबों से अलग भी!"

कभी स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चे बस्ता फेंकते थे और निकल जाते थे मैदान की ओर - जहाँ कोई कोच नहीं, कोई टाइमटेबल नहीं, बस एक फुटबॉल, एक बैट, बैडमिंटन या पिट्ठू और ढेर सारी मस्ती। पर अब? अब मैदान सूने हैं, और बच्चे स्क्रीन के पीछे छुपे हैं।

शिक्षा आज इतनी "पढ़ाई-केंद्रित" हो गई है कि "जीवन-केंद्रित" रह ही नहीं गई। किताबों और नंबरों की होड़ ने बच्चों को इतना बाँध दिया है कि उनका बचपन 'सिलेबस' के पन्नों में खो गया है। माता-पिता और शिक्षक भी अनजाने में इसी दौड़ के हिस्सेदार बन गए हैं। मानो बच्चों की ज़िन्दगी की गारंटी बस अच्छे मार्क्स और एक सीट के इर्द-गिर्द सिमट गई हो। पर क्या हम भूल नहीं रहे कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है? खेल केवल समय बिताने का साधन नहीं हैं - यह जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं। जब बच्चा मैदान में गिरता है, और खुद उठकर फिर से दौड़ता है, तो वह जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा ले रहा होता है - संघर्ष करना, हार मानना नहीं, और फिर से खड़ा होना। यह वह पाठ है, जो किसी किताब में नहीं लिखा मिलता। खेलों से बच्चों में न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि उनके भीतर नेतृत्व, टीम वर्क, ईमानदारी, सहनशीलता और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण जन्म लेते हैं। यही मूल्य उन्हें अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनाते हैं। आज के युवाओं की तस्वीर अलग है - वे जल्दी थक जाते हैं, जल्दी चिढ़ जाते हैं, और छोटी सी असफलता में टूट जाते हैं। कंधों पर हैडफ़ोन और आंखों पर मोबाइल की चमक है, पर दिल में न जुनून है, न ऊर्जा। यह पीढ़ी शायद। Q में तेज हो, पर EQ (Emotional Quotient) और SQ (Spiritual Quotient) में पिछड़ती जा रही है - क्योंकि उन्होंने कभी खेल के मैदान में पसीना नहीं बहाया।

शारीरिक निष्क्रियता से आज हर दूसरा बच्चा किसी न किसी बीमारी की चपेट में है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन की कमी, कमज़ोर प्रतिरक्षा, नींद की गड़बड़ी - ये सब पढ़ाई की अधिकता से नहीं, गतिविधि की कमी से हो रहे हैं। और जब यही बच्चे आगे चलकर किसी नौकरी में जाते हैं, तो शरीर और मन, दोनों इतनी जल्दी थक जाते हैं कि काम की गुणवत्ता और खुशी दोनों समाप्त हो जाती है। हम भूल जाते हैं कि शरीर को सिर्फ आराम के लिए नहीं, उपयोग और सक्रियता के लिए बनाया गया है। शरीर जितना गतिशील रहेगा, मन उतना ही स्थिर रहेगा। खेल भावना हमें केवल जीत नहीं सिखाती - वह हमें इंसान बनना सिखाती है। जो मैदान में हार को स्वीकार कर सकता है, वह जीवन में भी हर परिस्थिति को साहस से झेल सकता है। वहाँ कोई जात-पात, अमीरी-गरीबी, शहर-गाँव नहीं होता - होता है तो सिर्फ खेल और खिलाड़ी।

मैं एक शिक्षिका होने के नाते, जहाँ भी बच्चों से मिलती हूँ - चाहे अपने इंस्टिट्यूट में हो, या किसी समारोह में - हमेशा उन्हें यही कहती हूँ कि पढ़ाई जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है खेलना, दौड़ना, पसीना बहाना और मानसिक गतिविधियाँ करना।

मैं उन्हें समझाती हूँ कि सिर्फ किताबों से ज्ञानी नहीं बना जा सकता - एक सशक्त शरीर और संतुलित मन भी आवश्यक है।

मैंने कई ऐसे छात्र देखे हैं जो पढ़ाई में अव्वल रहे, लेकिन स्वास्थ्य के कारण वे अपने करियर का आनंद नहीं ले पाए।

अब ज़रूरत है...

1. स्कूलों में हर दिन कम-से-कम 1 घंटा खेल अनिवार्य किया जाए।
2. माता-पिता बच्चों को खेलने का समय और स्वीकृति दें।
3. पढ़ाई और खेल का संतुलन हर घर और स्कूल में तय किया जाए।

देश को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील और वैज्ञानिक तो चाहिए - पर साथ ही चाहिए स्वस्थ, संवेदनशील और सकारात्मक नागरिक। और यह नागरिकता पढ़ाई के बोझ से नहीं, खेल के मैदान से जन्म लेती है।

आइए, बच्चों को मैदान लौटाएं। उनकी किताबों में ऊर्जा भरें, और शरीर में जज़्बा। ताकि वे न सिर्फ अच्छे छात्र, बल्कि मजबूत इंसान बनें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात

वीणा देवांगन
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवसाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

वैशाख अमावस्या पर हरिद्वार में श्रद्धालुओं ने पितृदोष मुक्ति के लिए किया स्नान-दान

एजेंसी। हरिद्वार

हिंदू पंचांग के अनुसार आज यानी रविवार को वैशाख अमावस्या मनाई जा रही है। हिंदू धर्म मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान, दान और पितृ तर्पण करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है, पुण्य की प्राप्ति होती है, और पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। इस पावन अवसर पर देशभर से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार की हरकी पौड़ी पर पवित्र स्नान और दान-पुण्य के लिए एकत्र हुए।

इस तिथि पर प्रीति योग और अश्विनी नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जो इसे और भी पुण्यदायी बनाता है। वैशाख अमावस्या का दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए समर्पित है। हरकी पौड़ी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोग गंगा स्नान के बाद पितरों के नाम पर तर्पण, पिंडदान और दान करते

● गंगा स्नान के बाद पितरों के नाम पर तर्पण, पिंडदान और दान करते नजर आए

नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने गरीबों को भोजन, वस्त्र और धन दान कर पुण्य अर्जित किया। कई श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर विशेष पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं कीं, जिसमें पीने का पानी, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन शामिल हैं।

वैशाख अमावस्या के इस पवित्र दिन पर हरिद्वार सहित देश के अन्य तीर्थस्थलों जैसे प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में भी श्रद्धालुओं ने स्नान और दान-पुण्य के कार्य किए। प्रयागराज में तीर्थ पुरोहित दिनेश पांडे ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि आज वैशाख अमावस्या है। इस दिन पिंडदान करने से पितृ प्रसन्न होते हैं, जिससे घर में सुख-शांति आती है। गंगा स्नान का आज विशेष महत्व है, क्योंकि एक दिन के स्नान से 30 दिनों के स्नान का पुण्य प्राप्त होता है। हिंदू धर्म में वैशाख माह की सभी तिथियों को अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस माह में किए गए पूजा-पाठ, दान और तप से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वैशाख अमावस्या पर किए गए स्नान और दान का फल कई गुना बढ़ जाता है। वैशाख अमावस्या का स्नान और दान न केवल पितरों को शांति प्रदान करता है, बल्कि व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि भी लाता है। इस दिन भगवान विष्णु और शिव की पूजा का भी विशेष महत्व है।

एनआईईएलआईटी ने 8 संस्थाओं के साथ किया करार

एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा : एस कृष्णन

एजेंसी। नई दिल्ली

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए आठ संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए हैं।

इन आठ संस्थाओं में सेमी-कंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल), ईआरएनईटी इंडिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई), अमृता विश्व विद्यापीठम, स्काईरूट एयरोस्पेस, इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईएफएमआर) और किंड्रिल इंडिया शामिल हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, इन साझेदारियों को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के क्षेत्र में शिक्षा, कौशल अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में सचिव एस कृष्णन ने कहा, "यह एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकारी संस्थानों का रणनीतिक मिश्रण है।

इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार, प्रीति नाथ, वैज्ञानिक और समूह समन्वयक, तूलिका पांडे, एससीएल के महानिदेशक, डॉ. कमलजीत सिंह, ईआरनेट इंडिया के महानिदेशक संजीव बंसल, किंड्रिल इंडिया के निदेशक सीएसआर और ईएसजी, गिरिजा मुकुंद, अमृता विश्व विद्यापीठम डीन और निदेशक, डॉ. कृष्णाश्री अच्युतन, स्काईरूट एयरोस्पेस वीपी सी.वी.एस किरण, एनआईएसई महानिदेशक, मोहम्मद रिहान, और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के निदेशक, डॉ. नरसी रेड्डी शामिल हुए।

एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक ऑटोनॉमस बॉडी है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और उभरती टेक्नोलॉजी में शिक्षा, प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अपने 56 केंद्रों, 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों के विशाल नेटवर्क और देश भर में 9,000 से अधिक सुविधा केंद्रों के साथ, एनआईईएलआईटी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कुशल कार्यबल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में गैर-औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों और संगठनों को मान्यता देने के लिए एक राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

1. एनआईईएलआईटी का परिचय : एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक ऑटोनॉमस बॉडी है, जो तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने का कार्य करती है।

2. एनआईईएलआईटी की व्यापक उपस्थिति : एनआईईएलआईटी के 56 केंद्र, 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों का विशाल नेटवर्क और 9,000 से अधिक सुविधा केंद्र देशभर में मौजूद हैं।

3. डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कार्यबल निर्माण : एनआईईएलआईटी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

4. राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में मान्यता : एनआईईएलआईटी को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में गैर-औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों और संगठनों को मान्यता देने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है।

कुपवाड़ा में सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मार हत्या, जांच में जुटी पुलिस

जम्मू-कश्मीर। कुपवाड़ा जिले के कानी खास इलाके में शनिवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने 45 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम रसूल मागरे को उनके घर के अंदर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हमले में मागरे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां शुरुआती उपचार के बाद उन्हें श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मागरे को पेट और कलाई में गोली लगी है और हत्या की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मागरे को निशाना बनाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट है। इस हमले में मंगलवार को 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और कथित आतंकी समर्थकों के घरों पर छापेमारी की गई है। पिछले चार दिनों में पुलिस ने घाटी भर से 2,000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

मुंबई: ईडी दफ्तर की इमारत में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

एजेंसी। मुंबई

दक्षिण मुंबई के 'बलार्ड एस्टेट' इलाके में शनिवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात दो बजकर 31 मिनट पर दमकल विभाग को कुरिमभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास पांच मंजिला इमारत 'कैसर-ए-हिंद' की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। इसी इमारत में प्रवर्तन निदेशालय का कार्यालय है। उन्होंने बताया कि घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और इसके कारण फर्नीचर, अलमारियां और बिजली के उपकरण जलकर खाक हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम मौके पर हैं और पंचनामा भर रही हैं तथा आगे की जांच जारी है।

बिहार की 243 विस सीटों पर लड़ेंगे चुनाव : प्रशांत किशोर

नालंदा। बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनसुराज पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए बैठकें की जा रही हैं। इस बीच, पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। रविवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारी पार्टी का किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा।

समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत है : उपराष्ट्रपति

कोयंबटूर (हि.स.)

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है, एक शांतिप्रिय देश है, जहां समावेशिता और अभिव्यक्ति एवं विचार की स्वतंत्रता हमारी विरासत है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में "विविधतापूर्ण भारत के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा" विषयक सभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम हजारों वर्षों के इतिहास पर नजर डालें तो पाएंगे कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ी है, फली-फूली है और उसका सम्मान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में अभिव्यक्ति और समावेशिता की बहुलता और प्रवणता विश्व में सबसे अधिक है। चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई अन्य देश नहीं है जो समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रदर्शन कर सकता है। इस महान देश के नागरिक के रूप में- सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र - हमें बहुत सावधान, सचेत रहना चाहिए और यह समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समावेशिता हमारी राष्ट्रीय परिसंपत्ति बननी चाहिए।



सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं

सीवान। सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं गोपालगंज में चलती बस में लगी आग:सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं। सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा।

एमपी के मंदसौर में वैन कुएं में गिरी,12 की मौत

मंदसौर। एमपी के मंदसौर में ईको वैन बाइक से टकराकर कुएं में गिर गई। हादसे में मृतकों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो गई है। इनमें बाइक सवार और कार सवारों को बचाने के लिए कुएं में उतरा ग्रामीण मनोहर सिंह भी शामिल है। शवों को कुएं से निकालने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम रस्सियों के सहारे कुएं में उतरी और लोगों को बचाने गए मनोहर सिंह की लाश को निकाला। वहीं, क्रेन की मदद से वैन भी निकाली जा चुकी है। कुएं में 8 से 10 फीट पानी बचा है जिसे मोटर के जरिए निकाला जा रहा है। कुआं खाली होने के बाद ही कंफर्म हो पाएगा कि अब कोई लाश कुएं में है या नहीं।

शराब पीने से रोका तो हेड कॉन्स्टेबल को पीटा, वर्दी फाड़ी

भोपाल। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर में शराब के नशे में युवकों ने जीआरपी जवान की पिटाई कर दी। उसकी वर्दी फाड़ दी। गालीगलौज की। धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 2 बजे जीआरपी बंसल वन की शॉप्स और रेस्टोरेंट्स बंद कराने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ युवक कार में बैठकर शराब पी रहे थे।

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

पहलगाम हमला: पीएम मोदी ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश

पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे : सम्राट चौधरी

पटना (आईएएनएस)

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' के 121वें एपिसोड को सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' में दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि पहलगाम घटना में शामिल आतंकियों को भारत किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा।

'मन की बात' सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने मन की बात में पहलगाम घटना की चर्चा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित हो रहा है, इसकी भी चर्चा 'मन की बात' में की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां विकसित हो रहे भारत के विकास की चर्चा की, वहीं गौरवशाली इतिहास को लेकर भी अपनी बात कही। पीएम मोदी जब 'मन की बात' करते हैं तो देश के युवाओं को प्रेरणा देते हैं और भारत को समृद्ध करने की बात करते हैं। चौधरी ने कांग्रेस नेता के एक बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी की सरकार अगर चार करोड़ पक्के मकान बनवाती है तो उसमें सभी धर्मों को इसका लाभ मिलता है। सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के एक करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्का मकान देने का काम करती है।

उप्र डीजीपी ने दिए नेपाल सीमा और टोल प्लाजा पर जांच बढ़ाने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी अंतरराज्यीय सीमाओं पर जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि राज्य में कश्मीरी छात्रों, पर्यटकों और विक्रेताओं के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि उनके साथ कोई अप्रिय घटना न हो। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को परेशान करने की कई खबरें आई है। बयान के मुताबिक डीजीपी ने प्रभावी जांच और सीमा और टोल प्लाजा पर उचित पुलिस व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं।

कुमार ने कहा कि नेपाल सीमा पर महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, खीरी, पीलीभीत, बहराइच और बलरामपुर जिलों में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा चेक पोस्टों पर निगरानी और सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी तत्काल प्रदेश के सभी जिलों में अपनी कड़ी निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट/जिले के सभी मॉल, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स और मनोरंजन स्थलों तथा सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस और नए किराएदारों का सत्यापन किया जाए। कुमार ने कहा कि सभी सोशल मीडिया मंच पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी तरह की भड़काऊ और भ्रामक पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए और उसे पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

'पहलगाम आतंकी हमले' को कांग्रेस के राशिद अल्वी ने बताया 'बंटवारे का नतीजा'

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने देश की आजादी, बंटवारे, पाकिस्तान, सिंधु जल समझौता, आरएसएस प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बयानों को लेकर स्पष्ट और तीखे शब्दों में अपने विचार प्रकट किए। मणिशंकर अय्यर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद अल्वी ने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि बंटवारा गलत हुआ था और भारत आज तक उसके नतीजे भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बंटवारा न हुआ होता तो शायद पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं और उससे पहले की तमाम वारदातें न होतीं और लाखों लोगों की ज़िंदगी बचाई जा सकती थी।

महाराष्ट्र: पहलगाम आतंकी हिंसा के समर्थन में व्हाट्सएप स्टेटस, युवक हुआ गिरफ्तार

करमाला (आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के समर्थन में व्हाट्सएप स्टेटस डालने के आरोप में महाराष्ट्र के करमाला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की शिकायत के बाद की गई है। करमाला तालुका के शेलगांव वांगी निवासी शख्स पर आरोप है कि उसने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर पहलगाम आतंकी हमले के समर्थन में आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की। इस स्टेटस से इलाके में तनाव पैदा हुआ। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 299 के तहत मामला दर्ज कर अजहर को हिरासत में ले लिया है। शिकायतकर्ता लक्ष्मण बबन साखरे ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 8:45 बजे उनके दोस्त नागेश पंडित वालुंजकर ने उन्हें सूचना दी कि शेलगांव वांगी में किसी ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर आपत्तिजनक सामग्री डाली है।

पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला

पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

देहरादून (आईएएनएस)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। इस वर्ष 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं

वहीं, अन्य विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। बता दें कि 30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

बुमराह, शमी और सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के लिए मुसीबतें खड़ी करेगी : रवि शास्त्री

दुबई (आईएएनएस)

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि जून में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए घातक साबित होगी। भारत को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अनुपलब्धता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह दोनों ही चोटिल हो गए थे। इस बीच, बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान संघर्ष करने वाले मोहम्मद सिराज को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। हालांकि, सिराज ने मौजूदा आईपीएल में शानदार वापसी की है, उन्होंने अब तक आठ मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, जबकि बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं।

यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के नए चक्र की शुरुआत करेगी, जिसमें भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से अपनी सफेद गेंद की सफलता के बाद इसमें प्रवेश करेगा। हालांकि, उनकी टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले असाइनमेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से सीरीज हार जिसने लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया।

तीन तेज गेंदबाजों के दम पर इंग्लैंड में भारत को दिखी जीत की उम्मीद

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "मुझे लगता है कि सिराज, जसप्रीत और मोहम्मद शमी, ये तीनों अगर पूरी तरह से फिट हैं, तो वे इंग्लैंड को ढेरों परेशानियां देंगे। जब आप इन तीनों को फिट कर लेते हैं, तो यह एक बेहतरीन, शीर्ष श्रेणी का तेज गेंदबाजी आक्रमण होता है। और सिराज के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि मुझे खुशी है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्हें चोट लग गई।

ओलंपिक गोल्फ को बना रहा है आम लोगों का खेल: रोजर बाथर्स्ट

ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)

गोल्फ को 100 से अधिक वर्षों के बाद 2016 में ओलंपिक खेलों में शामिल करने से इसे तथाकथित अभिजात्य टैग से बाहर निकालने में मदद मिली है, यह बात आर एंड ए के चेयरमैन (रूल्स) रोजर बाथर्स्ट ने शनिवार को जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजार्ट में आयोजित लेवल 3 टीएआरएस के कर्टन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। बाथर्स्ट ने कहा, "यहां भारत में लेवल 3 टीएआरएस आयोजित करना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य है। यह दुनिया भर में गोल्फ को बढ़ावा देने के हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।मुझे यह देखकर अच्छा लगता है कि ओलंपिक की वजह से गोल्फ अब केवल अमीरों का खेल नहीं रह गया बल्कि यह आम लोगों का खेल बनता जा रहा है, साथ ही यह खेल तेजी से फैल रहा है।हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि यह खेल दुनिया भर में विस्तार कर रहा है। यही हमारी यहां उपस्थिति और भारत में रेफरी कार्य में मदद करने का मकसद है। "पिछले हफ्ते हम वियतनाम में थे, और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों के लोगों से बात कर रहे थे। आर एंड ए किसी भी तरह से अगर नियमों की शिक्षा के जरिए खेल को बढ़ावा दे सकता है, तो हम उसे पूरी तरह से लाभकारी मानते हैं।

धर्मशाला में आईपीएल की तैयारी

4 मई से शुरू होंगे मुकाबले, टिकट 1500 से 7500 तक कीमत

एजेंसी । धर्मशाला

धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए तैयार है। यहां 4, 8 और 11 मई को तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 4 मई को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शाम 7.30 बजे से होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने टिकटों की कीमतें तय कर दी हैं। सबसे सस्ती टिकट 1500 रुपए का है। पैवेलियन टैरेस की टिकट 7500 रुपए में मिलेगी। पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड की टिकट की कीमत 6 हजार और 5 हजार रुपए हैं। उत्तरी स्टैंड और नॉर्थ पैवेलियन स्टैंड की टिकटें 3750 रुपए में उपलब्ध हैं। वेस्ट स्टैंड टू की 2250 रुपए, नॉर्थ-वेस्ट स्टैंड की 2000 रुपए तथा ईस्ट स्टैंड टू, नॉर्थ वन और ईस्ट टू की टिकटें 1750 रुपए में मिल रहा है।सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। करीब एक हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। वाहन पार्किंग के लिए मैदान, फुटबॉल ग्राउंड चरान और दाड़ी मेला ग्राउंड चुने गए हैं। वीवीआईपी पार्किंग साई मैदान में और मीडिया पार्किंग बॉयज स्कूल में होगी।

जसप्रीत बुमराह की रफ्तार ने लखनऊ का बिगाड़ा खेल...

लगातार 5वां मुकाबला जीती मुंबई इंडियंस

एजेंसी । मुंबई

आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने अबतक 9 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान दोनों को पांच मैचों में जीत मिली। मौजूदा सीजन में दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने हैं। इससे पहले 5 अप्रैल को दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें लखनऊ की टीम ने 12 रनों से जीत हासिल की थी। मुंबई-लखनऊ मैच से जुड़े अपडेट्स के लिए इस पेज को रिफ्रेश करते रहिए।।। टारगेट का पीछा करते हुए लखनऊ सुपरजायंट्स की शुरुआत खराब रही और उसने 18 रनों के स्कोर पर एडेन मार्करम का विकेट गंवा दिया। मार्करम को 'इम्पैक्ट सब' जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। यहां से निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के बीच दूसरे विकेट के लिए 42 रनों की पार्टनरशिप हुई। 7वें ओवर में स्पिनर विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट करके इस पार्टनरशिप को ब्रेक किया। पूरन ने तीन छक्के और एक चौके की मदद से 15 बॉल पर 27 रन बनाए। जैक्स ने उसी ओवर में कप्तान ऋषभ पंत को भी चलता कर लखनऊ का स्कोर 64/3 कर दिया। यहां से मिचेल मार्श और आयुष बदोनी ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 46 रनों की पार्टनरशिप की। मार्श लय में लग रहे थे, लेकिन ट्रेंट बोल्ट ने उनको अपने जाल में फंसाया। मार्श ने तीन चौके और दो सिक्स की मदद से 24 बॉल पर 34 रन बनाए। बोल्ट ने इसके बाद दूसरे सेट बल्लेबाज बदोनी को भी पवेलियन लौटा दिया। बदोनी ने 22 बॉल पर 35 रनों का योगदान दिया, जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। इसके बाद जसप्रीत बुमराह का जादू देखने को मिला। बुमराह ने 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाकर लखनऊ की कमर तोड़ दी। बुमराह ने उस ओवर में डेविड मिलर (24), अब्दुल समद (2) और आवेश खान (0) को आउट किया।

रयान रिकेल्टन व सूर्यकुमार यादव ने जड़े अर्धशतक

मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 215 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही। तीसरे ही ओवर में मुंबई इंडियंस ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खो दिया, जो मयंक यादव की गेंद पर आउट हुए। रोहित ने दो छक्के की मदद से 5 बॉल पर 12 रन बनाए। रोहित के आउट होने के बाद रयान रिकेल्टन और विल जैक्स के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस पार्टनरशिप के दौरान रिकेल्टन ने 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी की। रिकेल्टन को स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने आउट किया। रयान रिकेल्टन ने 32 बॉल पर 58 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल रहे। रिकेल्टन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स ने मिलकर 28 रनों की साझेदारी की। मुंबई इंडियंस को तीसरा झटका विल जैक्स (29) के रूप में लगा, जो प्रिंस यादव की गेंद पर बोल्ड हुए। फिर तिलक वर्मा (6) को स्पिनर रवि बिश्नोई ने पवेलियन भेजा। तिलक के आउट होने के समय मुंबई का स्कोर 13 ओवरों में चार विकेट पर 137 रन था। कप्तान हार्दिक पंड्या ने निराश किया और वो सिर्फ 5 रन बनाकर मयंक यादव की गेंद पर बोल्ड हुए। हालांकि विकेटों के गिरने का प्रभाव सूर्यकुमार यादव पर नहीं पड़ा और उन्होंने 27 बॉल पर फिफ्टी जड़ दी। सूर्यकुमार ने 28 बॉल पर 54 रन बनाए, जिसमें चार चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। सूर्यकुमार का विकेट आवेश खान ने लिया। यहां से नमन धीर (25*) और डेब्यूटेंट कॉर्बिन बॉश (20) ने तूफानी बैटिंग करके मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

- **विकेट पतन :** 33-1 (रोहित शर्मा, 2.5 ओवर), 88-2 (रयान रिकेल्टन, 8.4 ओवर), 116-3 (विल जैक्स, 11.3 ओवर), 137-4 (तिलक वर्मा, 12.6 ओवर), 157-5 (हार्दिक पंड्या, 15.1 ओवर), 180-6 (सूर्यकुमार यादव, 17.3 ओवर), 208-7 (कॉर्बिन बॉश, 19.4 ओवर)
- लखनऊ सुपर जायंट्स की प्लेइंग-11 में तेज गेंदबाज मयंक यादव की वापसी हुई। मयंक यादव इंजरी के चलते काफी महीनों से क्रिकेटिंग एक्शन से दूर थे। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस ने कॉर्बिन बॉश को मौका दिया। साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश का आईपीएल में ये डेब्यू मुकाबला रहा।

महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

14 भारतीय एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

अम्मान (आईएएनएस)

सेमीफाइनल में भाग ले रही 12 महिला अंडर-15 मुक्केबाजों में से नौ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे प्रतियोगिता के आठवें दिन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 14 भारतीयों के लिए फाइनल में जगह पक्की हो गई। दिन का खेल शुरू होने से पहले भारत के लिए 43 पदक पक्के थे, लेकिन भारतीय मुक्केबाजों के फाइनल में जगह पक्की करने के बाद कांस्य पदक रजत और स्वर्ण पदक में बदल गए। महिला अंडर-15 सेमीफाइनल में कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने शानदार आरएससी (रेफरी द्वारा रोकी गई प्रतियोगिता) जीत हासिल की। खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) ने स्पष्ट अंकों के अंतर से जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर दी, जिससे भारत की युवा महिला मुक्केबाजों के लिए यह बेहद सफल दिन रहा। सवि (40 किग्रा) और वंशिका (70+ किग्रा) को फाइनल के लिए बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में, संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। संस्कार के बाद फाइनल राउंड में रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लखसे फोगट (64 किग्रा) शामिल हुए।

विमेंस ट्राई सीरीज- भारत ने श्रीलंका को हराया

मुंबई । श्रीलंका में विमेंस वनडे ट्राई सीरीज का पहला मैच भारत ने जीत लिया। टीम इंडिया ने होम टीम को 9 विकेट से हराया। बारिश के कारण 39-39 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने 147 रन बनाए। भारत ने 29.4 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से बॉलिंग में स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और एन चरणी को 2-2 विकेट मिले। बैटिंग में प्रतिका रावल ने 50 रन बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं। स्मृति मंधाना ने 43 और हरलीन देओल ने 48 रन बनाए। श्रीलंका से इकलौता विकेट इनोका रणवीरा ने लिया। 23 रन पर ही गिर गया था श्रीलंका का पहला विकेट श्रीलंका का पहला विकेट 23 रन के स्कोर पर ही गिर गया। कप्तान चमारी अथापथु 18 गेंद का सामना कर 7 बना कर आउट हो गई। दूसरे विकेट के लिए हासिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 38 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप हुई।

आईपीएल 2025

अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एक खिलाड़ी बना पंजाब किंग्स की कमजोरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 44वां मैच बारिश के कारण बगैर किसी नतीजे के समाप्त हो गया। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रनों का स्कोर बनाया था। बारिश के कारण खेल रोके जाने तक कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक ओवर में बिना कोई विकेट खोए 7 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश ने मैच नहीं होने दिया और दोनों टीमों को 1-1 अंक मिल गया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में एक अंक मिलने के बाद पंजाब किंग्स की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गई है। मुंबई इंडियंस की टीम अब पांचवें स्थान पर है। वहीं, केकेआर की टीम ने सिर्फ सात अंक हासिल किए हैं और अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी में ओपनिंग बल्लेबाजों के धमाकेदार प्रदर्शन ने विशेष योगदान दिया। प्रियांश आर्या ने 35 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली जिसमें 8 चौके और 4 छक्के लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 49 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 16 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन, मध्यम क्रम के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का न चलना पंजाब किंग्स के लिए अभी भी चिंता का विषय है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती, भारत बना ग्लोबल निवेश हब : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)



- **विदेशी मुद्रा भंडार में तेज़ बढ़त :** पिछले छह हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।
- **रुपये को मिली मजबूती :** फॉरेक्स रिजर्व में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को बल मिला, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने आगे कहा, "मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा के मुताबिक, 18 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर 686.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बीते छह हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है और अगले दो वर्षों में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र देश हो सकता है। आईएमएफ आउटलुक रिपोर्ट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

एथर एनर्जी के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन खुलने से पहले जीएमपी में आई बड़ी गिरावट

नई दिल्ली । एथर एनर्जी के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) का सब्सक्रिप्शन खुलने से इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इन्वेस्टरगेनडॉटकॉम के अनुसार, एथर एनर्जी का जीएमपी वर्तमान में लगभग 3 रुपए है, जो इश्यू प्राइस से सिर्फ 0.93 प्रतिशत अधिक है। 22 अप्रैल को एथर एनर्जी के आईपीओ के ऐलान के समय जीएमपी करीब 17 रुपए था, जो अब गिरकर एकल अंक में आ गया है। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 304-321 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशकों को कम से कम 46 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन करना होगा।

दुनिया में बदल रही भारत की छवि युवा बना रहे नई पहचान : पीएम मोदी

- **आज भारत का युवा साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है।**

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि युवा देश के प्रति दुनिया का नजरिया बदलने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, पूरे विश्व में भारतीय टैलेंट की तारीफ हो रही है। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, "किसी भी देश का भविष्य कैसा होगा, यह उस देश के युवा की रुचि और सोच पर निर्भर करता है। आज भारत का युवा साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। इन युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह इलाके जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और अन्य कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें नया विश्वास देते हैं। पीएम मोदी ने कहा, "कभी केवल हिंसा और अशांति के लिए जाना जाने वाले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र इसका एक बड़ा उदाहरण है, जो अब बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि यहां युवा नई टेक्नोलॉजी के बारे में जान रहे हैं और उनसे जुड़े प्रोडक्ट्स बना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, "यह केंद्र जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है और छात्रों को रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और इंजीनियरिंग को जानने में मदद करता है। मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कुछ समय पहले गुजरात साइंस सिटी में साइंस गैलरी का उद्घाटन किया था। उन्होंने आगे कहा, "ये गैलरी साइंस की क्षमता की एक झलक प्रदान करती हैं और बताती हैं कि साइंस हमारे लिए कितना कुछ कर सकती है। मुझे बताया गया है कि वहां के बच्चे इस केंद्र को लेकर बहुत उत्साहित हैं। विज्ञान और इनोवेशन के प्रति यह बढ़ता आकर्षण निश्चित रूप से भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

तेज गति से चल रहा गंगा एक्सप्रेसवे पर कार्य, करीब 80% निर्माण पूरा

लखनऊ (आईएएनएस)

मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है और इस एक्सप्रेसवे का 79 प्रतिशत निर्माण पूरा हो जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से दी गई। यूपीडा के मुताबिक, गंगा एक्सप्रेसवे का अर्थ वर्क 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ग्रेन्यूलर सब बेस (जीएसबी) का कार्य 85 प्रतिशत और डेंस बिटुमिनस मैकाडम (डीबीएम) का कार्य 82 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस 594 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे में से 464 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण अदाणी समूह द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल इस एक्सप्रेसवे को छह लेन का बनाया जा रहा है। भविष्य में इसे आठ लेन का भी बनाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेसवे दिल्ली-एनसीआर में मौजूद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को यूपी के पूर्वी छोर पर मौजूद प्रयागराज से जोड़ेगा।

मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, ऑटो सेल्स और आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुझान

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे, ऑटो सेल्स, आईआईपी एवं एफआईआई डेटा और आर्थिक आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। अगले हफ्ते अदाणी ग्रीन, अदाणी टोटल गैस, केपीआईटी टेक, टीवीएस मोटर्स, अंबुजा सीमेंट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीपीसीएल, अदाणी पावर, जेएसडब्ल्यू इंफ्रा और वेदांता जैसी बड़ी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया जाएगा।

इसे अलावा, मार्च के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े 28 अप्रैल को आएंगे। वहीं, 1 मई को ऑटो सेल्स के आंकड़े आएंगे, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। वैश्विक स्तर पर अगले हफ्ते अमेरिका की जीडीपी से जुड़े अहम डेटा जारी किए जाएंगे, जिसमें पहली तिमाही का जीडीपी डेटा और जॉबलेस क्लेम शामिल हैं। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 0.80 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 79,212.53 और 24,039.35 पर बंद हुए।

"वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया"

भारत में आईफोन प्रोडक्शन शिफ्ट होने की रिपोर्ट पर बोले केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिग्गज अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले शिपमेंट की अगले साल से भारत में मैन्युफैक्चर करने की योजना की रिपोर्ट पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि अब मेक इन इंडिया वैश्विक स्तर पर जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक न्यूजपेपर की क्लिप को शेयर करते हुए लिखा, "वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्नोलॉजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है।

विधायक ने की योजनाओं की समीक्षा

भ्रष्टाचार की शिकायत पर लगाई फटकार, काम में तेजी लाने का निर्देश

नवीन मेल संवादाता

मोहम्मदगंज। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गौरांग महतो ने किया। विधायक ने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, म्यूटेशन कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, जलमीनार निर्माण, खराब चापानल की मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यों में शिथिलता बरतने और भ्रष्टाचार की मिली शिकायत पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी कार्य में इसकी शिकायत मिलती है, तो इसे सीधे विधानसभा में उठाया जाएगा। साथ ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मनरेगा कार्यों में मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इससे संबंधित अधिकारियों को कामकाजी मजदूरों को जल्द उनका भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन में पैसे के लेन-देन की शिकायतों पर कहा कि ऐसे मामलों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बीआरसी भवन में पदस्थापित आधार ऑपरेटर की मनमानी की मिली शिकायत की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, बच्चों के पोषण और शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक ने गर्मी को देखते हुए खराब जलमीनार और चापानल की मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक के बाद विधायक ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों के कार्यों और सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उनके विस क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और शिथिलता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि सभी लोग योजनाओं का लाभ सही तरीके से और समय पर लोगों तक पहुंचे, इसे सुनिश्चित करें। बैठक में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रभारी कृषि सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, राजद नेता पंचू रजवार, गणेश मेहता और सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य कई खास लोग शामिल थे।

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 22 को

छतरपुर। हाई स्कूल के मैदान में छत्तरपुर क्रिकेट क्लब द्वारा सीपीएल 15 कराने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व सीपीएल कमिश्नर सिंटू सिंह ने की। सर्व समिति से 22 मई से मैच आरंभ करने का निर्णय लिया गया। सीपीएल 15 का कमिशनर सोलड़ी सिंह, सचिव रितेश चंद्रा को बनाया गया।

मरीजों को नहीं दिया गया आयरन की दवा, भंडार में एक्सपायर

नवीन मेल संवाददाता

ऊंटारी रोड़। पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी तादाद में एक्सपायरी दवाओं का भंडार रखा हुआ है। आयरन व फोलिक एसिड की लगभग 20 पेटी सिरप को छुपा कर रखा गया है। उन दवा की एक्सपायरी डेट फरवरी 2024 में ही समाप्त हो गई है, को छुपा कर रखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जैसे ही पेटी में बंद कर दवा आया वैसे ही रखा होने कारण एक्सपायर हो गया। बताया जाता है कि पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम द्वारा बाहर से दवा खरीदने की बात कही जाती है। नाम नहीं छापने के शर्त पर लोगों ने बताया कि एएनएम का अपना निजी क्लीनिक चलता है।

उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, होटल से भारी मात्रा में अवैध शराब व बीयर बरामद

हरिहरगंज। हरिहरगंज के शहरी क्षेत्र में मेन रोड के पास स्थित विकास होटल और उससे सटे एक कमरे से उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है।

अब तक नहीं मिली सब्जी मंडी के लिए जमीन व्यापारी सहित आम लोग लगाए हैं आस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र में अब तक स्थायी सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण व्यापारियों और आम नागरिकों को लगातार असुविधा झेलनी पड़ रही है। फिलहाल शहर की थोक सब्जी मंडी पुरानी बस डिपो में अस्थायी रूप से संचालित हो रही है, जहां जगह की भारी कमी और भीड़भाड़ के कारण रोजाना जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। लगभग एक वर्ष पूर्व नगर निगम ने सब्जी व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए अस्थायी तौर पर बस डिपो में मंडी संचालित करने की अनुमति दी थी। लेकिन अब यह जगह भी अपर्याप्त साबित हो रही है। थोक व्यापारियों के साथ खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती संख्या और बसों की आवाजाही के कारण वहां पैर रखने की भी जगह नहीं बचती।

मंडी में ऑटो, ई-रिक्शा और पिकअप वैन के कारण भारी जाम लगता है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों के बीच झड़प की स्थिति भी बनती है। जानकारी के अनुसार इस मंडी में न केवल राज्य भर से, बल्कि अन्य राज्यों से भी सब्जियों की बड़ी खेप आती है, जो बाद में जिले के विभिन्न हिस्सों में वितरित की जाती है। पिछले वर्ष प्रशासन ने विष्णु मंदिर के समीप लगने वाली साप्ताहिक बाजार को हटाते समय आश्वासन दिया था कि थोक मंडी के लिए उपयुक्त स्थान दिया जाएगा। इसके लिए बेरिया स्थित बाजार समिति की जमीन पर विचार चल रहा था, लेकिन समिति द्वारा असहमति जताने के कारण मामला अधर में लटक गया।सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि वैकल्पिक जमीन की तलाश जारी है। जैसे ही उपयुक्त स्थान मिलेगा, स्थायी सब्जी मंडी निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। व्यापारी वर्ग और आम जनता को अब भी उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

ओपीडी समय में बदलाव से मरीजों को हो रही भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वर्तमान ओपीडी समय के कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ माह पूर्व झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर राज्यभर के अस्पतालों के ओपीडी समय में बदलाव किया गया था। नए नियम के तहत ओपीडी दो शिफ्टों में संचालित हो रही है– पहली शिफ्ट सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अधिकांश मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे या तो उन्हें ओपीडी बंद मिलने की स्थिति झेलनी पड़ती है या फिर घंटों इंतजार करना पड़ता है। पलामू जिले के कई सुदूर इलाकों से मरीज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं, लेकिन शहर तक पहुंचते-पहुंचते 11 या 12 बज जाते हैं। ऐसे में जब तक वे डॉक्टर को दिखाते हैं और जांच करवाते हैं, तब तक ओपीडी का समय समाप्त हो जाता है और उन्हें दोपहर 3:00 बजे की दूसरी शिफ्ट तक इंतजार करना पड़ता है। विश्रामपुर से आए एक मरीज के परिजन राहुल कुमार ने बताया, 'हम सुबह 10:00 बजे घर से निकले थे और डाल्टनगंज पहुंचते-पहुंचते 11:30 बज गया। डॉक्टर को दिखाने के बाद जांच के लिए भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट दिखाने के लिए हमें 3:00 बजे तक इंतजार करना पड़ा।' मरीजों और उनके परिजनों की मांग है कि अस्पताल प्रशासन ओपीडी के समय को फिर से व्यावहारिक और सुविधाजनक बनाए ताकि दूर-दराज के मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

बदला मौसम का मिजाजः बारिश व तेज हवा से मिली राहत

मोहम्मदगंज। रात में चली तेज हवा और दिन में कुछ समय तक बारिश से रविवार को राहत मिली है। इसके पहले तक कई दिनों से तापमान के लगातार 40 के पार पहुंचने से जनजीवन के साथ ही पशुपालन में परेशानी बढ गई थी। किसान रामजन्म राम व अन्य लोगों का कहना है कि अब तक सुबह से ही असह्य तीखी धूप के कारण दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाना मुश्किल भरा हो गया था। मगर अब कई दिनों बाद इस स्थिति से उबरने का अवसर मिला है। मक्का, मूंग और मूंगफली जैसी गर्मा फसलों के लिए बारिश फायदेमंद साबित होगा। कुछ दिन सब्जियों की खेती को पटवन की कम ही जरूरत होगी। हीट वेव के कारण बच्चों व पशुओं के पालन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत नहीं होगी। इससे तापमान में गिरावट से सुकूनदायक वातावरण बन गया है। शनिवार की रात चली तेज हवा से बिजली आपूर्ति के ठप्प हो जाने से लोगों की नींद और सुकून छिन गया था।

चावल गिनकर भगत ने की अच्छी बारिश की भविष्यवाणी, देवता की हुई पूजा

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। पारंपरिक पूजा के दौरान भगत ने चावल गिनकर इस साल अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। पशुओं की रक्षा, अच्छी बारिश, गांव व घरों की खुशहाली की कामना को लेकर चतरा के गांवों में सदियों से प्राचीन देवता बीर की पूजा की जा रही है। इस पूजा में गांवों के सभी लोगों का सहयोग रहता है। जनजातीय परंपरा के अनुरूप पत्थलगडा में प्राचीन देवता जिन्हें वीर भी कहा जाता है कि पूजा रविवार को की गई।

दुंबी सहित अन्य गांवों में पारंपरिक विधि विधान व भक्ति भाव से बीरवन स्थान में प्राचीन देवता वीर की पूजा के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। पूजा से पहले ढोल बजाकर दुंबी और बरवाडीह गांव को जगाने की परंपरा निभाई गई। भगत और नाया घर घर जाकर गवांत का जल और अरवा चावल का वितरण किए। प्रसाद के रूप में ग्रामीण अरवा चावल भगत से लेकर अपने घरों में रखते हैं।

कुटमू में डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा की गई स्थापित



नवीन मेल संवाददाता

ऊंटारी रोड़। प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुटमू के टोला पचामा में डॉ भीम राव आंबेडकर के मूर्ति स्थापित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बाबा साहब किसी एक जाती के नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर सभी जाती, सभी धर्म के हैं। भारतीय संविधान में उन्होंने सबको सम्मान वअधिकार दिए हैं। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संविधान सिर्फ कहने से नहीं होगा उनके नियम से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चल कर ही समाज का विकास हो सकता है। मौके पर कांग्रेस के पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी, विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रमी आदिया पांडेय,राजद प्रखंड शेर अलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखड अध्यक्ष इरफान अंसारी,राजद विधायक प्रतिनिधि जवाहर पासवान, मौतायब आलम ,बाबा क्लब के संरक्षक शहर राम, अध्यक्ष रामबचन राम, अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया, सचिव कुलदीप राम, दीपक, विजय, रामलाल, जयशंकर, विकास व पांडू प्रखंड की ग्रामीण मौजूद थे।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पांकी में कैंडल मार्च निकाला गया

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की

पलामू जिले के पांकी प्रखंड में रविवार देर शाम पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पांकी इकाई के नेतृत्व में प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू हुआ। सैकड़ों व्यवसायी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण हाथों में कैंडल लेकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध स्वरूप शामिल हुए। मार्च के दौरान लोग जोरदार नारे लगा रहे थे, जिनमें प्रमुख थे– ह्यपाकिस्तान मुदार्बादह्ल, ह्यआतंकियों के संरक्षण देने वाले देश को सबक सिखाओह्ल और ह्यपाकिस्तान हाय हायह्ल। यह कैंडल मार्च कपूरी ठाकुर चौक, भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पुनः भगत सिंह चौक पर समाप्त हुआ, जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह घटना पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आतंकवाद के खिलाफ सभी जाति और धर्म के लोग एकजुट होकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, अध्यापक संघ अध्यक्ष सतीश सिंह, पूर्व मुखिया नेहाल अंसारी, भाजपा नेता गुड्डू प्रसाद समेत अन्य वक्ताओं ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों और उनके संरक्षक पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा दंड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कायरतापूर्ण कृत्य ने पूरे भारत के लोगों का दिल आहत किया है।

और इसीलिए सभी वर्ग के लोग इस विरोध कार्यक्रम में एकजुट हुए हैं।

पेज एक के शेष

चार टुकड़ों में...

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि ह्यपाकिस्तान की सेनाह्ल ने हिंदुस्तानियों को, खास तौर पर हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा है। मोदी सरकार इस हमले का बदला हर हाल में लेगी। महेशमारा रेलवे हॉल्ट के उद्घाटन से पहले मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि देश का नेतृत्व आज एक ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है, जो अपनी क्षमता और ताकत के लिए देश-दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने बिहार की धरती से स्पष्ट कहा है कि आर्तकियों और उनके समर्थकों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसी डर से पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर का पूरा परिवार विदेश भाग गया है।

पहलगाम हमले के...

साथ ही, इथियोपिया में भारतीय प्रवासियों द्वारा ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज के प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि भारत ने अफगानिस्तान और नेपाल को जीवनरक्षक वैक्सीन और दवाओं की आपूर्ति कर अपनी वैश्विक मानवता में भूमिका को निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्ल में देश के महान वैज्ञानिक डॉ के. कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि देश की निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पीएम ने भारत की सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की एक बार फिर सराहना की। उन्होंने बताया कि भारत आज गगनयान, स्पैडेक्स, चंद्रयान-4, वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर मिशन जैसी परियोजनाओं में सक्रियता से कार्य कर रहा है। उन्होंने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) और भारत के स्पेस स्टार्टअप्स की भी सराहना की, जो देश को एक वैश्विक स्पेस पावर बनाने में योगदान दे रहे हैं। विज्ञान और नवाचार पर बात करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विज्ञान केंद्र और गुजरात साइंस सिटी का उल्लेख किया, जहां विज्ञान के प्रति बच्चों और युवाओं में नया उत्साह भरने का काम किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री ने ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में बताया, जिसके तहत देशभर में 140 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने गुजरात के अहमदाबाद में हरियाली के बढ़ते क्षेत्र और ग्लोबल वॉर्मिंग से लड़ने में उसकी भूमिका को सराहाना की। खेती में नवाचार का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बागलकोट के श्रीशैल तेली का उल्लेख किया, जिन्होंने मैदानों में सेब की सफल खेती कर मिसाल पेश की है।

झारखंड के युवा...

जो झारखंड के बाहर कार्यरत युवाओं को सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 850 प्लेस्ड अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा, जिसमें युवा प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुति जैसी गतिविधियों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कई अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे डीडीयू-जेकेवाई परियोजना ने उनके जीवन में नया मोड़ लाया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण, नौकरी पाने के संघर्ष और आज के अपने आत्मनिर्भर जीवन की कहानियां साझा कीं, जो सुनने वालों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहीं। स्किल आइकॉन सम्मान समारोह का भी किया गया आयोजन : समारोह के दौरान ह्यस्किल आइकॉन सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान देने वाली प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों (पीआईए) को सम्मानित किया गया। इन सम्मानित युवाओं ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि झारखंड राज्य का गौरव भी बढ़ाया है।

माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर...

प्लेस्ड युवाओं को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। उन्होंने जेएसएलपीएस द्वारा बेंगलुरु एवं हरियाणा में स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल कार्यरत झारखंड के युवाओं की समस्याओं के समाधान में मदद करता है, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक समर्थन भी प्रदान करता है।

पश्चिमी अफ्रीकी देश...

जिन श्रमिकों का अपहरण किया गया है, उनमें बगोदर प्रखंड की दोंदलो पंचायत के संजय महतो, फलजित महतो, राजू महतो एवं चंद्रिका महतो तथा मुंडरो पंचायत के उत्तम महतो शामिल हैं। यह घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, जब ये सभी कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे थे, तभी उनको अगवा किया गया। प्रवासी मजदूर के हित में काम करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने केंद्र सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर अगवा किए गए लोगों की रिहाई की मांग की है।

पब्लिक वाई-फाई...

के लिए बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इनमें से कई पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क उचित रूप से सुरक्षित नहीं हैं, जिससे वे हैकर्स और घोटालेबाजों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं। डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-आईएन) ने अपनी जागरूकता दिवस पहल के तहत यह नया रिमाइंडर जारी किया है। एडवाइजरी में नागरिकों को पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क पर बैंकिंग या ऑनलाइन शॉपिंग जैसी संवेदनशील गतिविधियां करने के प्रति आगाह किया गया है। सीईआरटी-इन ने बताया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई-फाई पर असुरक्षित कनेक्शन को आसानी से हैक कर सकते हैं, जिससे यूजर्स का डाटा चोरी और वित्तीय हानि का सामाना करना पड़ सकता है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वह ऐसे नेटवर्क से जुड़ने पर लेन-देन करने या व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें। सरकारी एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने कहा कि अगर उचित सावधानी न बरती जाए, तो ईमेल चेक करना या सार्वजनिक वाई-फाई पर सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने जैसी सरल गतिविधियां भी जोखिम भरी हो सकती हैं। सीईआरटी-आईएन भारत में साइबर सुरक्षा के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करती है।

सीईआरटी-आईएन ने दिए जरूरी सेफ्टी प्रैक्टिस टिप्स : अपने जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, सीईआरटी-आईएन ने कुछ जरूरी सेफ्टी प्रैक्टिस टिप्स भी शेयर किए हैं। इसमें कहा गया कि कभी भी अज्ञात स्रोतों से लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें। सभी ऑनलाइन खातों के लिए लंबे और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और नियमित रूप से महत्वपूर्ण फाइलों का बैकअप बाहरी ड्राइव पर रखें। ये आदतें व्यक्तिगत जानकारी के इर्द-गिर्द मजबूत सेफ्टी बनाने में मदद कर सकती हैं।

साहिबगंज के पते...

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई में पकड़े गए लोगों के नाम जियाउल शेख, अय्यूब शेख, मनौरूल शेख, सईम शेख, नईम शेख, सामौन शेख, रफीकुल शेख, जाहिर शेख, नसीमा बीबी, मोइनुद्दीन शेख, बरीउल शेख, हलीम शेख और कसूद शेख बताए गए हैं। इन सभी के पास जो आधार कार्ड मिले, उनमें फर्जी विवरण भरे गए थे। उनके आधार कार्ड में साहिबगंज, झारखंड का पता दर्ज है। पकड़े गए लोगों में ज्यादातर के आधार कार्ड में जन्म तिथि 1 जनवरी दर्ज थी, जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू हुई, तो उनके मूल रूप से बांग्लादेशी होने का पता चला। पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर झारखंड से बने फर्जी दस्तावेजों के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई। उन्होंने इसे देश की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर लिखा, साहिबगंज-झारखंड कनेक्शन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। झारखंड अवैध घुसपैठ का बेस कैंप बनता जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में गहन जांच शुरू कर दी गई है। फर्जी आधार कार्ड बनाने वालों और झारखंड तथा मुंबई में घुसपैठियों के सहयोगियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था। घुसपैठ की जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व में याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

भारत का फ्रांस...

इस सौदे के लिए पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री 27 अप्रैल को भारत आने वाले थे, लेकिन कुछ निजी कारणों से उनका दौरा रद्द हो गया। लेकिन इससे सौदे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सोमवार को ह्यसरकार-से-व्यापारह्ल समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। फ्रांस के रक्षा मंत्री भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से बातचीत में शामिल होंगे। वह रिमोट से हस्ताक्षर भी करेंगे। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस हस्ताक्षर समारोह में भारतीय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और फ्रांसीसी राजदूत थिएरी मथौ भी मौजूद रहेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। राफेल की डील पर हस्ताक्षर होने के बाद भारतीय नौसेना को राफेल (एम) फाइटर जेट की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी। वर्ष 2031-32 तक नौसेना को सभी विमानों की आपूर्ति कर दी जाएगी। नौसेना को मिलने वाले ये फाइटर जेट भारतीय विमानवाहक पोतों, आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे। इस सौदे की अनुमानित लागत लगभग 63,000 करोड़ रुपए के आसपास रह सकती है। गौरतलब है कि यह नौसेना के लिए पहला बड़ा लड़ाकू विमान अपग्रेड होगा। इससे भारतीय नौसेना किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए और अधिक सशक्त बनेगी। जानकारी के मुताबिक, फ्रांस के साथ होने वाले राफेल-एम लड़ाकू विमान के इस सौदे में बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण, ऑफसेट दायित्वों के तहत घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए एक व्यापक पैकेज भी शामिल होगा। सौदा तय होने के उपरांत अगले कुछ वर्षों में फ्रांस द्वारा भारतीय नौसेना के लिए इन फाइटर जेट की डिलीवरी की जाएगी। नौसेना को मिलने वाले 26 राफेल मरीन फाइटर जेट में से 22 सिंगल-सीटर होंगे, जबकि चार ट्विन-सीटर वैरिएंट के ट्रेनिंग विमानों की डिलीवरी भी की जाएगी। इन विमानों के शामिल होने के बाद नौसेना की समुद्री हमले की क्षमताओं को मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना के पास भी राफेल विमानों के बेड़े हैं।

कारोबारी रहें सावधान : नामी कंपनियों के फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर हो रही लाखों-करोड़ों की साइबर ठगी, लूट, हत्या

जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने कैसे 8,55,500 रुपये ठगे

संवाददाता

लखनऊ। तमाम कंपनियों के फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर साइबर अपराधी किस तरह से सक्रिय हैं और कैसे कारोबारियों को ठग रहे हैं इसके हर कुछ दिन बाद मामले उजागर हो रहे हैं। कई मामले में तो साइबर अपराधियों ने बुलाकर , एयरपोर्ट से होटल ले जाने या अन्य शहर में कंपनी के दफ्तर में ले जाने आदि के बहाने टैक्सी या अपनी कार से ले जाते समय रास्ते में लूट कर हत्या तक कर दिये हैं।लूट का ऐसा ही एक मामला वाराणसी में उजागर हुआ है। जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम

- **टाटा मोटर्स, कल्याण ज्वेलर्स, टाटा स्टार बक्स, जूडियो, टाटा ट्रेंट, बर्गर किंग के असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बना कर फंसा रहे**

पर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के सरगना और उसके दो गुर्गों को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बिहार के नालंदा जिले के गंगापुर कटीना के आकाश कुमार व सैदी के मयंक कुमार तथा शेखपुरा जिले के पिंजरी के प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। तीनों कोलकाता में बैंक गार्डन इलाके में रहते थे। गिरोह का सरगना आकाश कुमार है और प्रशांत कुमार कंप्यूटर साइंस से बीटेक है।आकाश कुमार पश्चिम बंगाल से और प्रशांत कुमार हरियाणा से जेल जा चुका है। तीनों के पास से 10 आईफोन, दो लैपटॉप, तीन डेबिट कार्ड, एक कार व 3720 रुपये बरामद हुए हैं। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। विहार कॉलोनी, महमूरगंज की रहने वाली जसवीर कौर की तहरीर पर 11 मई 2024 को साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जसवीर के अनुसार उन्होंने जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया था। फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने उनसे 8,55,500 रुपये ठग लिए। डीसीपी क्राइम / वरुणा जोन ने बताया कि साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र के नेतृत्व में इंस्पेक्टर विपिन कुमार, दरोगा आलोक रंजन और एसआई श्याम लाल गुप्ता की टीम ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने लेनदेन से संबंधित बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और फर्जी वेबसाइट की मदद से डिजिटल फुटप्रिंट तैयार कर तीनों आरोपियों को नालंदा व कोलकाता से गिरफ्तार किया।पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नामचीन कंपनियों जैसे किया टाटा मोटर्स, कल्याण ज्वेलर्स, टाटा स्टार बक्स, जूडियो, टाटा ट्रेंट, बर्गर किंग की असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाते हैं। फिर फर्जी वेबसाइट का प्रमोशन विज्ञापन के माध्यम से गूगल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाता है। जिन लोगों को उपरोक्त कंपनियों के फ्रेंचाइजी की आवश्यकता होती है, उनके द्वारा वेबसाइट को गूगल पर सर्च किया जाता है। पेड प्रमोशन होने के कारण फर्जी वेबसाइट सबसे पहले दिखाई देती है। उन पर लोग अपना पूरा विवरण डाल देते हैं। इसके बाद उन्हें फोन कर रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी मनी, जीएसटी फीस आदि का हवाला देते हुए कथित कंपनी के फर्जी म्यूल बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है।

गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर नाइट लैंडिंग करेंगे लड़ाकू विमान

संवाददाता

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेस-वे पर दो मई की रात को हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाएँगे। यह पहली बार होगा कि किसी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग होगी। गंगा एक्सप्रेस-वे पर साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी बनाई गई है। इस संबंध में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। दो मई की रात को लड़ाकू विमान उतरेंगे। तीन मई को दिन में लैंडिंग का कार्यक्रम होगा। इसके लिए वायु सेना के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। हवाई पट्टी के आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। जानवरों को रोकने के लिए लोहे की बाड़ लगाई गई है।

- **हवाई पट्टी के आसपास 5 किमी क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित**

आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने में जुटी एजेंसी

एनआईए ने शुरू की पलगाम हमला की जांच

एजेंसी । श्रीनगर

एनआईए की टीम में एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की टीमें आतंकवादियों के बारे में सुराग पाने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं।

एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस से जांच का जिम्मा लिया और चश्मदीदों से पूछताछ शुरू की। जांच एजेंसी पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है। एनआईए की टीम में एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की टीमें आतंकवादियों के बारे में सुराग पाने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन

जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं ताकि उस आतंकी साजिश का पता लगाया जा सके, जिसके कारण यह भयानक हमला हुआ। एनआईए की जांच इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 22 अप्रैल को हुए हमले में एक नेपाली नागरिक समेत 26 पर्यटक मारे गए थे। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ रही है और 38 दिवसीय अमरनाथ यात्रा भी 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। इसलिए पहलगाम आतंकी हमले की हर पहलू से जांच करना जरूरी है।

एनआईए की सख्त कार्रवाई

एनआईए ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब खुफिया एजेंसियां केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की सूची तैयार कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये लोग पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी सहायता प्रदान करके सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए आतंकवादी कथित तौर पर तीन प्रमुख पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े हैं। इनमें से तीन हिजबुल मुजाहिदीन से, आठ लश्कर से और तीन जैश से जुड़े हैं। बता दें कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रतिनिधि, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है।

पेट साफ तो बहुत सी बीमारी साफ

आरपी सिंह

नई दिल्ली। ज़िंदगी की भागदौड़ और नौकरी से लेकर खेती तक में रात दिन खपते , जूझते रहने के तनाव में अब लोगों को पहले की तरह बिना मिलावट वाले राशन से घर का बना अच्छा खाना ,बिना मिलावट वाले दूध -दही , बिना दवा व सिरिंज वाले फल , सब्जी आदि मिलना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में बहुत से लोगों का पेट सुबह साफ नहीं हो पा रहा है। गैस , डकार, पेट फूलने आदि रोग से लोग परेशान रहने लगे हैं। समय पर खाना भी नहीं खा पा रहे हैं।इन सबके चलते कब्ज की समस्या हो रही है। और कब्ज यदि लंबे समय तक बना रहे , तो बहुत तरह की बीमारी हो सकती है। आंत में कैंसर तक हो सकता है। इससे बचने के लिए खानपान से लेकर जीवन जीने के रूटीन तक में बदलाव करना बहुत जरूरी है। पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है तो इससे गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन यदि आप किसी वैद्य से पूछकर ,उसके बताए अनुसार घरेलू उपाय से अपने पेट को पूरी तरह से साफ करना चाहते हैं, तो रात में दही के साथ त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से कब्ज दूर हो सकती है, शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल सकते हैं। कई वैद्य का कहना है कि दही में त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से पेट की सफाई अच्छे से हो सकती है, क्योंकि त्रिफला आयुर्वेद का एक प्रसिद्ध हर्बल मिश्रण है, जिसमें हरड़, बहेड़ा व आंवला होता है। ये तीनों जड़ी-बूटियां पाचन तंत्र को मजबूत करने के साथ शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती हैं। त्रिफला चूर्ण को दही में मिलाकर खाने से पेट अच्छी तरह साफ हो सकता है।

पेट साफ रखने के लिए करें क्या?

इससे त्वचा व बाल भी बेहतर होंगे।त्रिफला एक प्राकृतिक औषधि है जो शरीर को अंदर से स्वस्थ रखने में मदद करती है। इसका नियमित सेवन करने से लंबे समय तक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। त्रिफला चूर्ण एक उत्कृष्ट रेचक के रूप में कार्य करता है। यह पाचन में सुधार और मल त्याग को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।चूर्ण में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।त्रिफला चूर्ण स्ट्रोक व अन्य हार्ट संबंधी समस्याओं के जोखिम को कम कर सकता है।

शरीर में ग्लूकोज के स्तर को संतुलित करता है। इसलिए यह शुगर के मरीजों के लिए बहुत अच्छा है। रही बात इसके साथ दही की तो दही खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जैसे पाचन तंत्र की दुरुस्ती, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ना, हड्डियों व दांतों को लाभ, त्वचा व बालों को स्वस्थ रखने, वजन कम करने ,दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है।इसलिए संबंधित आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से राय लेकर इसका सेवन किया जा सकता है।

सिसिली में गोलीबारी 3 की मौत, 2 घायल

रोम। इटली के सिसिली की राजधानी पलेर्मो में हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना व्यस्त डुओमो डी मोनरेले स्क्वायर के पास एक पिज़्ज़ेरिया में युवाओं के दो ग्रुप के बीच विवाद के कारण हुई। इसके बाद टकराव गोलीबारी में बदल गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय एंड्रिया मिसेली की रविवार को पलेर्मो के सिविको अस्पताल में मौत हो गई, जहां उसकी हालत गंभीर थी। दो अन्य, 23 वर्षीय साल्वाटोर टुर्डो और 26 वर्षीय मास्सिमो पिरोज़ो को गोलीबारी के तुरंत बाद मृत घोषित कर दिया गया।

ईरान के प्रमुख बंदरगाह में भीषण विस्फोट, 28 की मौत, 800 घायल

तेहरान (आईएएनएस)

ईरान के दक्षिणी होर्मोज्गान प्रांत में एक बंदरगाह पर हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने कहा कि विस्फोट और उसके बाद लगी आग में घायल हुए लोगों की संख्या 800 तक पहुंच गई है, जबकि छह लोग अभी भी लापता हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को होर्मोजगन के गवर्नर मोहम्मद अशौरी तजियानी के हवाले से कहा, घटनास्थल पर लगे क्लोज-सर्किट कैमरों से प्राप्त फुटेज में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे बंदरगाह के एक क्षेत्र में कई कंटेनरों के पास सीमित मात्रा में आग लगी दिखाई दी, जो फिर फैल गई और लगभग 90 सेकंड बाद बड़े विस्फोट का कारण बनी।

विस्फोट का कारण अभी अनिश्चित सरकार और संकट प्रबंधन में मतभेद

ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शाहिद राजाई में कंटेनरों में रसायनों के खराब भंडारण को विस्फोट के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने ईरान की आईएलएनए समाचार एजेंसी को बताया, "विस्फोट का कारण कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन थे। जफरी ने कहा, "इससे पहले, संकट प्रबंधन के महानिदेशक ने अपने दौरे के दौरान इस बंदरगाह को चेतावनी दी थी और खतरे की संभावना की ओर इशारा किया था।

म्यांमार : शक्तिशाली भूकंप की वजह से 200,000 से अधिक लोग विस्थापित

यांगून (आईएएनएस)

म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,00,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनडीएमसी) ने यह जानकारी दी। एनडीएमसी के अध्यक्ष वाइस सीनियर जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप ने ने प्यी ताव, सागांग, मांडले, बागो, मैगवे और शान सहित 10 क्षेत्रों और राज्यों में व्यापक विनाश किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी। जनरल सो विन ने शुक्रवार को प्यी ताव में आयोजित एनडीएमसी की वर्ष की तीसरी बैठक में यह बात कही। जनरल सो विन ने बताया कि शुक्रवार तक 3,763 लोगों की मौत हो गई और 5,107 घायल हुए हैं, जबकि 110 लोग लापता हैं। कुल मिलाकर, 128,965 घरों के 629,206 लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए। सरकारी दैनिक 'द मिरर' ने शनिवार को एनडीएमसी के हवाले से बताया कि 23 अप्रैल तक कुल विस्थापित लोगों में से 48,656 लोग 135 बचाव केंद्रों में शरण लिए हुए हैं, जबकि 1,59,239 अन्य जगह स्थानांतरित हो गए।

पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबर झूठी सीएम देवेंद्र फडणवीस

मुंबई (आईएएनएस)

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की

खबर को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने गृह मंत्री के तौर पर स्पष्ट किया कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों का पता लगा लिया गया है और उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ये सभी नागरिक पाकिस्तान लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक बयान में कहा, "107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की अफवाहें गलत हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सभी का पता लगा लिया गया है। उन्हें देश से बाहर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुझे उम्मीद है कि आज शाम या कल सुबह तक वे अपने देश वापस चले जाएंगे। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रामक खबरें न फैलाने की अपील की और स्थिति पर सरकार की पूरी नजर होने का आश्वासन दिया।

यमन से मृत सागर को निशाना बनाकर दागी गई मिसाइल को रोका : इजरायल

यरुशलम (आईएएनएस)

इजरायल की सेना ने रविवार को कहा कि उसने यमन से मृत सागर की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को सुबह-सुबह इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक पुलिस ने कहा कि मृत सागर क्षेत्र और अरावा क्षेत्र में सायरन बजाया गया। देश की मैगन डेविड एडोम रेसक्यू सर्विस ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से, ईरान समर्थित हूती विद्रोही फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग रहे हैं। इजरायल के चैनल 12 ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से लेकर अब तक हूती विद्रोहियों की तरफ से इजरायल की ओर दागी गई यह 11वीं मिसाइल थी। इससे पहले यमन के हूती विद्रोहियों ने 23 अप्रैल को इजरायल के शहरों हाइफा और तेल अवीव में 'महत्वपूर्ण लक्ष्यों' पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया था। इस अटैक के कारण कथित तौर पर दिन में पूरे उत्तर-पश्चिमी इजरायल में सायरन बजने लगे।

कहानी फिल्म जगत की

'मैं दुनिया में बेकार इंसान...

पैसे न कमाने पर छलका आइरा खान का दर्द, आमिर बोले- 'यह सिर्फ कागज का टुकड़ा'

आमिर खान आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सिनेमा में एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल चुराया है। उनकी काबिलियत को देखते हुए ही लोग उन्हें मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहते हैं। आमिर खान के बाद अब उनकी लिगेसी को आगे बढ़ाने के लिए जुनैद खान आगे आए हैं। महाराज से दर्शकों का दिल चुराने वाले जुनैद हाल ही में खुशी कपूर के साथ फिल्म लवयापा में भी नजर आए थे। खैर, आमिर और उनके बेटे तो फिल्मों में एक्टिव हैं। मगर लोग यह जानना चाहत हैं कि आखिर उनकी बेटी आइरा खान क्या करती हैं?

आइरा खान ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह 27 साल की उम्र में पैसे नहीं कमा पा रही हैं। उन्होंने खुद को बेकाब इंसान बताया है। पिंकविला के साथ बातचीत में आइरा ने कहा, "मैं 26-27 साल की हूं, मेरे मां बाप ने मेरे ऊपर बहुत पैसे खर्च किए हैं और मैं दुनिया में बेकार इंसान हूं, मैं कुछ नहीं कर रही हूं। आइरा खान के इतना कहने के बाद आमिर खान ने अपनी बेटी की साइड ली और कहा कि भले ही वह पैसा नहीं कमा रही हैं, लेकिन वह अच्छा काम कर रही हैं। अभिनेता ने कहा, "आप पैसा कमा रहे हो या नहीं, वो मेरे लिए इम्पोर्टेंट नहीं है। आप काम अच्छा कर रहे हो, ये मेरे लिए इम्पोर्टेंट है। पैसा वाकई एक प्रोमिस लेटर है जिस पर हर कोई सहमत होने का फैसला करता है या फिर यह सिर्फ कागज का एक टुकड़ा है।

क्या करती हैं आइरा खान?

पिता आमिर खान और भाई जुनैद खान के नक्शेकदम पर न चलते हुए आइरा खान ने एक अलग राह चुनी है। वह थिएटर और फिलैंथ्रोपी में अपना करियर बना रही हैं।